



आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 01 अंक : 140 रांची, शनिवार, 04 मई, 2024 (वैशाख कृष्ण 11, संवत 2081), पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com

## प्रधानमंत्री मोदी ने चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान से इंडी गठबंधन पर साधा निशाना, बोले

# धर्म के आधार पर आरक्षण चाहती है कांग्रेस

प्रातः नागपुरी संवाददाता, चाईबासा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को चाईबासा पहुंचे, वहां टाटा कॉलेज मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने खूंटी से बीजेपी प्रत्याशी अर्जुन मुंडा और सिंहभूम से प्रत्याशी गीता कोड़ा के पक्ष में वोट मांगा। पीएम को सुनने भारी संख्या में लोग पहुंचे हुए थे।

कांग्रेस पर आरक्षण छिनने का लगाया आरोप : चाईबासा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि कांग्रेस की नजर आरक्षण छिनने पर है। कांग्रेस की नजर एसटी, एससी, आदिवासी और ओबीसी के आरक्षण पर टिकी है। पीएम ने कहा कि आदिवासी, दलित, गरीब और ओबीसी बीजेपी को समर्थन करती है। इस वजह से कांग्रेस को गुस्सा है। पीएम ने कहा कि यह लोग धर्म के आधार पर आरक्षण देते हैं।

**झारखंड के ढाई करोड़ लोगों को दिया फ्री राशन** : पीएम ने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनवाते हुए कहा कि हमारी सरकार ने आदिवासियों के लिए पक्के मकान, पानी और गैस सिलेंडर का सुविधाएं उपलब्ध करवाई है। पीएम ने कहा कि झारखंड के 18 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास मिला है, जिससे उनका जीवन बेहतर हुआ है।

**स्वयं को झारखंड का बेटा बताया** : पीएम ने लोगों से कहा कि वह झारखंड के बेटे हैं और वह दिल्ली में बैठे हैं। उन्होंने कहा कि अब कोई भी डॉक्टर, इंजीनियर या वैज्ञानिक की पढ़ाई अपनी भाषा में कर सकता है।

**खुद को आदिवासियों के लिए बताया समर्पित** : पीएम मोदी ने आदिवासियों के मुद्दे पर जोर देते हुए कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता आदिवासियों का विकास है। उन्होंने बीजेपी सरकार को जनजातीय मंत्रालय बनाने का श्रेय दिया। साथ ही कहा कि आज पिछड़े आदिवासी इलाके में बीजेपी की सरकार एकलव्य स्कूल बनवा रही है।

पीएम मोदी ने कहा कि झारखंड क्रांतिकारियों की धरती है। कांग्रेस ने झारखंड का कभी सम्मान नहीं किया है। पीएम मोदी ने कांग्रेस को आदिवासी विरोधी बताया और कहा कि इंडी गठबंधन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का विरोध किया था।

**झारखंड बनाने का श्रेय वाजपेयी को दिया** : प्रधानमंत्री ने सभा में झारखंड बनाने का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को दिया। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने झारखंड बनाने का घोर विरोध किया था। उन्होंने बीजेपी की दूर दृष्टि का जिक्र करते हुए कहा कि बीजेपी की यह ताकत थी कि झारखंड का निर्माण हुआ।

शेष पेज 08 पर



### जल, जंगल और जमीन को अपनी जागीर समझती है जेएमएम और कांग्रेस

प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखंड के जल, जंगल और जमीन पर हमारे आदिवासी भाई-बहनों का अधिकार है। लेकिन जेएमएम और कांग्रेस इसे अपनी जागीर समझती है। यही वजह है कि झारखंड के हर संसाधन की खुली लूट चल रही है। पूरे राज्य के खान-खनिज को अवैध खनन कर लूटा जा रहा है। इन्होंने आदिवासियों की जमीनें लुटने के बाद हमारे देश की सेना की जमीन पर भी आंख गड़ा कर रखी है। इतना बड़ा जमीन घोटाला जेएमएम के लोगों ने किया है। कांग्रेस और जेएमएम ने मिलकर झारखंड के मान-सम्मान को चोट पहुंचाई है।

**कांग्रेस और जेएमएम में लूट और भ्रष्टाचार की रेस** : कांग्रेस और जेएमएम में लूट और भ्रष्टाचार करने की रेस चल रही है। यहां कांग्रेस सांसद के ठिकाने से 300 करोड़ रुपए नकद बरामद हुए। यहां तक कि नोटों को गिनने के लिए बैंकों से मशीनें लानी पड़ी। अवैध कमाई को गिनते-गिनते मशीनें थक गई। लूट का पैसा लगातार बरामद किया जा रहा है। हमारे लिए आदिवासियों का विकास पहली प्राथमिकता है। आदिवासी समाज के विकास के लिए अलग जनजातीय मंत्रालय बीजेपी ने बनाया, अटल जी ने बनाया। आज आदिवासी क्षेत्रों में भाजपा एकलव्य स्कूल बनवा रही है।

### पीएम मोदी 14 को करेंगे नामांकन दाखिल, 13 को वाराणसी में रोड शो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 मई को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में नामांकन दाखिल करेंगे। इससे एक दिन पहले यानी 13 मई को वाराणसी में वो मेगा रोड शो करेंगे। पीएम मोदी साल 2014 से वाराणसी से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। बता दें कि, वाराणसी में सातवें चरण के तहत एक जून को वोटिंग होगी।

**बीजेपी कार्यकर्ता कर रहे हैं रोड शो की तैयारी** : पीएम मोदी 14 मई को नामांकन करने वाले हैं। लेकिन, नामांकन से पहले वो 13 मई को वाराणसी की सड़कों पर एक रोड शो करने वाले हैं। इससे पहले साल 2019 में भी नामांकन से पहले पीएम मोदी ने एक बड़ा रोड शो किया था। पीएम मोदी 13 मई को वाराणसी पहुंच रहे हैं। 13 मई को ही पीएम मोदी वाराणसी में एक विशाल रोड शो करने वाले हैं। शेष पेज 08 पर



### रांची में किया रोड शो, फूलों से स्वागत, राजभवन में कर रहे रात्रि विश्राम

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजधानी रांची में रोड शो किया। इस दौरान फूलों से उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद वे राजभवन पहुंचे। वे यहां रात्रि विश्राम कर रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने रांची के भारत माता चौक से रातू रोड तक रोड शो किया। इस दौरान उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उन्होंने भी लोगों को अभिवादन किया। मोदी-मोदी के नारे से रांची का किशोरगंज चौक गूंज उठा। फूल बरसाकर पीएम मोदी का स्वागत किया गया। पीएम मोदी के साथ जीप पर संजय सेठ और अमर बाउरी मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### सीबीएसइ : 10वीं, 12वीं के परीक्षा परिणाम 20 मई के बाद संभव

**नयी दिल्ली।** सीबीएसइ 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम 20 मई के बाद घोषित कर सकता है। यह जानकारी बोर्ड के अधिकारियों ने शुक्रवार को दी। परीक्षा परिणामों की घोषणा की अटकलों के बीच बोर्ड का यह स्पष्टीकरण आया है।

### दिल्ली की तिहाड़ जेल में कैदी की हत्या

**नई दिल्ली।** हैरान कर देने वाली खबर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की तिहाड़ जेल से आई है, जहां शुक्रवार को एक बंदी की हत्या कर दी गई। जेल में बंदियों के दो गुटों के बीच झड़प के दौरान घायल हुए बंदी की मौत हो गई। जेल सूत्रों से मिली जानकारी मुताबिक करीब 3 बजे जेल नंबर 3 में बंदियों के बीच झगड़ा हो गया था। लड़ाई इतनी बढ़ गई कि जेल में अलार्म बजाना पड़ा। लड़ाई में एक सेवादार कैदी की मौत हो गई। मृतक का नाम दीपक है, जिसकी उम्र 29 साल है। और हत्या के केस में सजा काट रहा था।

## पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ा झटका

# गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका खारिज

प्रातः नागपुरी संवाददाता, रांची

शुक्रवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। अदालत ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया। साथ ही अंतरिम जमानत वाली याचिका भी खारिज कर दी। हाईकोर्ट के कार्यकारी न्यायाधीश और न्यायाधीश नवनीत कुमार की खंडपीठ ने सुनवाई पूरी होने के बाद 28 फरवरी को फैसला सुरक्षित रखा लिया था।

हेमंत सोरेन को अदालत से थोड़ी राहत भी मिली है। उन्हें छह मई को अपने चाचा के श्राद्ध कार्यक्रम में भाग लेने की अनुमति दे दी गई है। हालांकि, सोरेन को मीडिया से दूर रहने की हिदायत दी गई।

**सुप्रीम कोर्ट में छह को होगी सुनवाई** : हेमंत सोरेन की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि ईडी जिस जमीन की बात कर रहा है, वह जमीन उनके नाम कभी रही ही नहीं। फैसला सुनाने में देरी होने पर हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दायर की गई थी, जिस पर छह मई को सुनवाई होनी है।

**रांची की विशेष पीएमएलए अदालत से लगा था झटका** : इससे पहले, 27 अप्रैल को सोरेन को झटका लगा था। रांची की विशेष पीएमएलए अदालत ने भूमि घोटाले के एक मामले में उन्हें अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। बता दें, हेमंत सोरेन के पिता और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के भाई राम सोरेन का शनिवार सुबह निधन हो गया था। शेष पेज 08 पर



**राहत**

- चाचा के श्राद्ध कार्यक्रम में भाग लेने की मिली अनुमति

### रांची में 8.86 एकड़ जमीन से जुड़ी है जांच

सोरेन के खिलाफ जांच रांची में 8.86 एकड़ जमीन से जुड़ी है। ईडी का आरोप है कि इसे अवैध रूप से कब्जे में लिया गया था। एजेंसी ने सोरेन, प्रसाद और सोरेन के कथित 'फ्रंटमैन' राज कुमार पाहन और हिलारियास कच्छप तथा पूर्व मुख्यमंत्री के कथित सहयोगी बिनोद सिंह के खिलाफ 30 मार्च को यहां विशेष पीएमएलए अदालत में आरोपपत्र दायर किया था। सोरेन ने रांची की एक विशेष अदालत के समक्ष जमानत याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने यह आरोप लगाया कि उनकी गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित और उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए मजबूर करने की एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा थी।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**चतरा।** शुक्रवार को आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के एक मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनकी गिरफ्तारी नामांकन के बाद चतरा जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय के समीप से हुई है। नागमणि ने बसपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया है। गुरुवार को बगैर सिंबल के निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में उनके समर्थक ने नामांकन दाखिल किया था। शुक्रवार को सिंबल के साथ नामांकन दाखिल करने के लिए आए थे। नामांकन दाखिल करते ही पुलिस उन्हें अपनी हिरासत में ले लिया। गिरफ्तारी के पश्चात पूर्व केंद्रीय मंत्री को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जेल भेजे जाने से पूर्व नागमणि ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पुलिस का यह सरासर जुल्म है। इस मामले की उन्हें कभी कोई जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा कि विरोधियों के साथ मिलकर पुलिस षड्यंत्र कर रही है।

शेष पेज 08 पर

# राहुल ने रायबरेली से दाखिल किया नामांकन

## प्रियंका-सोनिया के साथ खरगे भी रहे मौजूद

**रायबरेली (उत्तर प्रदेश)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रायबरेली लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और रॉबर्ट वाड्रा भी मौजूद रहे।

बता दें, बीजेपी रायबरेली लोकसभा सीट से दिनेश प्रताप सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। दिनेश प्रताप ने भी शुक्रवार को अपना नामांकन भर दिया है।

बता दें कि, रायबरेली लोकसभा सीट गांधी परिवार की परंपरागत सीट रही है। सबसे पहले 1952 (और फिर 1958 में भी) में फिरोज गांधी ने चुनाव लड़ा और जीते। फिरोज गांधी के निधन के बाद 1967 में इंदिरा गांधी ने यहां से अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत की। 2004 में इंदिरा गांधी की बहू सोनिया गांधी ने चुनाव लड़ा और पांच बार सांसद चुनी गईं। अब सोनिया गांधी के बेटे राहुल गांधी इस विरासत को संभालने जा रहे हैं। यहां आखिरी बार भाजपा ने 1998 में जीत दर्ज की थी, तब अशोक सिंह प्रत्याशी बनाए गए थे। भाजपा के स्थानीय नेता अशोक सिंह ने 1996 और 1998 में लगातार दो चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को पटखनी दी। 1999 में गांधी परिवार के सहयोगी सतीश शर्मा ने यहां पर कांग्रेस की वापसी कराई। 2004 में सोनिया गांधी ने इस सीट से कांग्रेस की कमान संभाली और उसके बाद से लगातार 2019 तक यहां से जीत का सिलसिला जारी रखा। हालांकि, इस बार उन्होंने चुनाव न लड़ने का फैसला किया और राज्यसभा की राह चुनी। अब पार्टी ने राहुल गांधी को रायबरेली से प्रत्याशी घोषित किया है।



### कांग्रेस ने मान ली हार : स्मृति ईरानी

केंद्रीय मंत्री और अमेठी से सांसद स्मृति ईरानी ने अपने खिलाफ गांधी परिवार के किसी सदस्य के नहीं उतरने पर चुटकी ली। उन्होंने कहा कि अमेठी में गांधी परिवार का मैदान में नहीं होना इस बात का संकेत है कि कांग्रेस ने मतदान से पहले ही अमेठी में अपनी हार मान ली है। अगर उन्हें इस सीट पर अपनी जीत की थोड़ी भी संभावना लगती, तो यहां से चुनाव लड़ते और किसी और को नहीं उतारते।

## जमशेदपुर में झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती के नामांकन में शामिल हुए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कहा

# केंद्र में झूठ की सरकार, इस बार जनता सिखाएगी सबक

संवाददाता, जमशेदपुर

झामुमो के जमशेदपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी समीर मोहंती ने शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, राज्यसभा सांसद महुआ माझी और विधायक रामदास मौजूद थे। मौके पर मुख्यमंत्री चंपाई ने कहा कि केंद्र की सरकार झूठ की सरकार है। इस बार जनता सबक सिखाएगी और लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन का परचम लहराएगा।

**नामांकन से पूर्व जनसभा में नेताओं ने साधा केंद्र सरकार पर निशाना** : नामांकन से पूर्व साकची क्षेत्र स्थित बोधि मैदान में एक सभा आयोजित की गई। सभा में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री बन्ना गुप्ता, राज्यसभा सांसद महुआ माझी, विधायक मंगल कालिंदी रामदास सोरेन, संजीव सरदार और बहरागोड़ा विधायक सह जेएमएम प्रत्याशी समीर मोहंती मौजूद रहे। सभा में हजारों की संख्या में इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के कार्यकता मौजूद थे। मंच से इंडिया गठबंधन के नेताओं ने वर्तमान केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा।

**10 सालों तक केंद्र की मोदी सरकार ने जनता को किया गुमराह** : नेताओं ने कहा कि देश की जनता को बांटने का काम भाजपा कर रही है। धर्म के नाम पर लोगों को आपस में लड़ाया जा रहा है, जबकि देश में बेरोजगारी और महंगाई चरम सीमा पर है। सरकार ने जो वादे किए थे, उसे पूरा नहीं किया, जबकि 2014 से अब तक 10 साल देश की जनता को गुमराह किया गया है।

**देशभर में इंडिया गठबंधन की लहर**: सभा के दौरान प्रत्याशी समीर मोहंती को जीत दिलाने का संकल्प लिया गया। मौके पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि इंडिया गठबंधन की लहर देशभर में है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि इस बार सत्ता परिवर्तन होगा। सीएम ने कहा कि झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटें इंडिया गठबंधन की झोली में जाएगी।



### पीएम के दौरे से नहीं पड़ेगा कोई फर्क

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार झूठी और जुमलेबाजी वाली सरकार है। 2014 में जो वादा किया था उसे पूरा नहीं किया है। देश में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से जनता त्रस्त है। एक सवाल के जबाव में सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के झारखंड दौरे से कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

### सीपीआई के नेशनल सेक्रेटरी अतुल कुमार अंजान का निधन



**लखनऊ।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कद्दावर नेता अतुल अंजान का शुक्रवार को निधन हो गया। कुछ दिनों से बीमार चल रहे अतुल अंजान ने लखनऊ के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह करीब एक महीने से लखनऊ के गोमतीनगर स्थित मेयो अस्पताल में कैंसर से जूझ रहे थे। लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रसंघ अध्यक्ष के रूप में अपनी राजनीतिक पारी शुरू करने वाले अतुल अंजान भारतीय वामपंथी राजनीति में एक बड़ा नाम थे। अतुल कुमार अंजान ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत साल 1977 में की थी।

शेष पेज 08 पर

# सिर्फ झूठ बोलना जानती है जुमलेबाज सरकार: कल्पना



- कल्पना सोरेन ने गांडेय विधानसभा क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान, केंद्र पर साधा निशाना

प्रतिनिधि, गिरिडीह

गांडेय विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने शुक्रवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर कल्पना सोरेन ने कहा कि 31 जनवरी को हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद स्थिति काफी बदल गयी। पार्टी के कार्यकर्ता और नेता तनाव में थे कि आगे क्या होगा? कार्यकर्ताओं ने मुझसे आगे आने का आग्रह किया। नेता के प्रति उनका प्यार देखकर मैंने सोचा कि जब तक हेमंत वापस नहीं आ जाते, तब तक इस कमी को पूरा करना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है और मैं राजनीति में आयी।

शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त

### आरटीसी इंस्टीट्यूट में व्याख्यान आयोजित

**ओरमांझी।** आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में एक उच्च स्तरीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया है। जिसमें कैड कैम के महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा हुई। इस अवसर पर झारखंड सरकार टूल रूम, रांची से अनुभवी विशेषज्ञ पंकज कुमार और कमलकान्त ने विशेष जानकारी साझा किये । इस अतिथि व्याख्यान को आरटीसी इंस्टीट्यूट के छात्रों के लिए आयोजित किया गया था, जो नवाचार क्षेत्र में अपनी ज्ञान और कौशल को बढ़ाने के लिए प्रेरित हैं। कैड कैम ऐसे शीर्षक हैं जो आधुनिक और उत्कृष्ट औजारों के उपयोग को संभव बनाते हैं जो उद्योगों में उत्पादन प्रक्रिया को सुगम और कुशल बनाते हैं। झारखंड सरकार टूल रूम के पंकज कुमार ने बताया कि इस विषय पर अपने अनुभव को साझा करने का यह अवसर एक महत्वपूर्ण कदम है तकनीकी ज्ञान और नवाचार में। उन्होंने कहा, कैड कैम और स्वचालन के क्षेत्र में हमें नई तकनीकी प्रक्रियाओं के साथ कदम रखने की आवश्यकता है ताकि हमारे उद्योग में उत्पादन और उत्कृष्टता में सुधार हो सके।

### नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 7 जून से

**ओरमांझी।** आईपीएल के तर्ज में कांके प्रखंड के चुट्टू गांव रिंग रोड ईदगाह स्थित मैदान मे 6 दिवसीय स्वर्गीय आबाद अंसारी मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का झारखंड ज्योति क्लब छुट्टू के द्वारा 7 मई से शुरू किया जाएगा। इसकी जनकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस करके टूर्नामेंट के अध्यक्ष जावेद अंसारी सहित आयोजन समिति के लोगो ने दी। जावेद अंसारी ने कहा कि इस टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए एक टीम को 6100 सौ रुपया इंट्री फीस देना होगा और इसमें पंचायत स्तर के 32 टीमें भाग लेगी और प्रत्येक मैच 8-8 ओवरों का होगा। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को मैच खेलने के समय अपना ऑरिजनल आधार कार्ड लेकर आना होगा और आधार कार्ड का सत्यापन ओटीपी के द्वारा किया जायेगा की आधार कार्ड ऑरिजनल है की नही। आयोजन समिति के लोगों ने बताया कि टूर्नामेंट के विजेता टीम को 55 हजार रुपया नगद व बड़ा ट्रॉफी और उपविजेता टीम को 35 हजार रुपया नगद और बड़ा ट्रॉफी और तीसरा और चौथा स्थान में आने वाली टीम को 10-10 हजार रूपया नगद देकर सम्मानित किया जाएगा।

### सोनडीमरा में हर्षोल्लास के साथ मना सरहुल

**गोला।** गोला प्रखंड के नावाडीह पंचायत स्थित सोनडीमरा गाँव में पुराने रीति रिवाज के अनुसार हर्षोल्लास के साथ सरहुल पूजा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सोनडीमरा गाँव के पाहन बरता मुंडा के द्वारा सरहुल पूजा किया गया। सरहुल पूजा में गाँव की सारी जनता उपस्थित होकर पूजा अर्चना की। पूजा के पश्चात पूरे गाँव में जुलुस निकाला गया। जुलुस में बरलंगा थाना क्षेत्र के पुलिस बल शांति व्यवस्था को बनाए रखा। जुलुस के दरमियान विभिन्न तरह के झाँकियों का प्रदर्शन किया गया। मौके पर बरता मुंडा, हलधार मुंडा, पूरन मुंडा, लक्ष्मीकांत महतो, किशोर महतो, निकेन महतो, हीरालाल महतो, कालेश्वर महतो, सुभाष चंद्र महतो, प्रदीप महतो, जितेन महतो, धर्मेंद्र कुमार महतो, हीरा महतो, मोती महतो, खेलाराम महतो सहित गाँव के लोग उपस्थित थे।

### बालू लदा 5 ट्रैक्टर जब्त

**बुढ़मू।** बुढ़मू पुलिस की अवैध बालू माफियाओ पर कार्रवाई जारी, शुक्रवार 3 मई को अवैध बालू लदा 5 ट्रैक्टर को किया गया जब्त। अवैध बालू के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है, इसी कड़ी में बुढ़मू थाना प्रभारी रामजी कुमार को गुप्त सुचना मिली की चकमे टोंगरी के झाड़ियों मे अवैध बालू लदा 5 ट्रैक्टर को छुपा कर खड़ा किया गया था, जिसकी सूचना बुढ़मू थाना प्रभारी रामजी कुमार को दी गई, सूचना पाकर स्थानीय पुलिस पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए झाड़ियों में छुपा कर रखा गया 5 ट्रैक्टर को जप्त कर अग्रिम कार्रवाई कर रही है, थाना प्रभारी रामजी कुमार ने कहा की किसी भी हाल मे अवैध परिवहन नहीं करने दी जायगी।

# अपराधियों ने सीसीएल कर्मी के घर में घुसकर की लूटपाट

## जेवरात समेत करीब तीन लाख की संपत्ति की हुई लूट

▸ हथियार के बल पर घटाना को दिया अंजाम

### लगभग एक दर्जन अपराधियों ने घर पर बोला धावा



जानकारी के अनुसार शुक्रवार की आधी रात करीब दो बजे वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के बड़गांव गांधी चौक के निकट खेत के किनारे बने नये घर में करीब एक दर्जन अपराधियों ने हथियार के साथ प्रवेश किया। घर में अकेले सोयी घर की मालकीन सीसीएलकर्मी लीला देवी पति स्व. सुदामा महतो को कब्जे में ले लिया। जिसके बाद उन्हें बंधक बनाकर घर में लूटपाट की। अपराधी सोने का चेन, चार सोने की अंगूठी, चांदी के जेवरात, कुछ नगद लेकर चलते बने। लगभग तीन लाख रुपए की संपत्ति लूटने में अपराधी कामयाब हुए हैं।

संवाददाता

**रामगढ़ ।** जिले में पुलिस अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। लेकिन अपराधी भी पुलिस को लगातार चुनौती दे रहे हैं। जिले के बेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र में हथियारबंद अपराधियों ने एक घर में घुसकर लूटपाट की। क्षेत्र के बड़गांव में अपराधियों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया है। अपराधियों ने आधी रात को आवास में घुसकर अकेली सो रही महिला को बंधक बनाकर लूटपाट की । वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते हैं पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और मामले की तफ्तीश में जुट गई। पीड़ित महिला ने अपराधियों से जुड़े कुछ सुराग पुलिस को दिए हैं। पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही घटना का उद्भेदन कर दिया जाएगा।

# एसएसटी टीम ने 5 करोड़ के जेवर पकड़े, आईटी की टीम कर रही जांच



संवाददाता

**रामगढ़।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए पुलिस की एसएसटी टीम काफी सक्रियता से कम कर रही है। रामगढ़ और हजारीबाग की सीमा पर मांडू थाना के समीप बने चेकनाके पर पांच करोड रुपए के सोने और चांदी के जेवर जब्त किए गए हैं।

इस मामले में रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने बताया कि आयकर विभाग के अधिकारियों की टीम इस पूरे मामले की जांच कर रही है। जांच पूरी होने तक जेवर और वाहन को पुलिस कस्टडी में ही रखा गया है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि उसका प्रयोग चुनाव के दौरान होना था या नहीं। उसमें किसी प्रकार की इनकम टैक्स की चोरी तो नहीं की गई है। बताया जाता है कि रांची एयरपोर्ट से सात पेटियों में लगभग पांच करोड रुपए के सोने और चांदी के जेवर लेकर गार्ड आलोक सिंह, ड्राइवर सुमन और स्कॉटर वीरेंद्र हजारीबाग जा रहे थे। उन जेवरों को हजारीबाग के विभिन्न जेवर दुकानों में डिलीवरी देने की बात बताई जा रही है। मांडू थाने के पास बनाए गए चेकनाके पर ड्यूटी में तैनात मजिस्ट्रेट दीपक कुमार और एएसआई निशिकांत शर्मा ने उस वाहन को जांच के दौरान पकड़ा। जब तलाशी ली तो सात पेटियों में भारी मात्रा में आभूषण मिले। इसकी जानकारी तत्कल वरीय अधिकारियों को दी गई। बाद में यह मामला आयकर विभाग को सौंप दिया गया। फिलहाल आयकर विभाग की अधिकारियों ने इस मामले में कुछ भी बताने से इनकार कर दिया है।

# व्यय प्रेक्षक ने की उम्मीदवारों की निर्वाचन व्यय लेखा पंजी की जांच



**खूंटी।** खूंटी (अजजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 2024 से निर्वाचन के लिए उम्मीदवारों की निर्वाचन व्यय लेखा पंजी की प्रथम जांच शुक्रवार को समाहरणालय, के विकास भवन स्थित सभागार मे व्यय प्रेक्षक एसआर नेडुमारन और सहायक व्यय प्रेक्षकों के निर्देशन में की गयी।जांच में उम्मीदवार अर्जुन मुण्डा, भारतीय जनता पार्टी, कालीचरण मुण्डा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, सावित्री देवी, बहुजन समाज पार्टी अर्पणा हंस, झारखण्ड पार्टी, बबीता कच्छप, भारत आदिवासी पार्टी, पास्टर संजय कुमार तिर्की, निर्दलीय, बसंत कुमार लोंगा, निर्दलीय द्वारा स्वयं अथवा अपने निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से निर्वाचन व्यय से संबंधित लेखा पंजी की जांच के लिए उपस्थित हुए। इस दौरान जारी दिशा निदेर्शों के संबंध में सभी को अवगत कराया गया।

# छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने वाले एक छात्र की मौत

## जिला प्रशासन ने घटना की जांच के लिए गठित की टीम

संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ शहर के राधा गोविंद पब्लिक स्कूल में शुक्रवार की सुबह मॉर्निंग वॉक दौरान एक छात्र की मौत हो गई। इस घटना ने पूरे जिले में सनसनी फैला दी है। आवासीय विद्यालयों में पढ़ रहे छात्रों को लेकर उनके अभिभावकों के बीच भी चिंता बढ़ गई है।

घटना की जानकारी मिलते ही रामगढ़ पुलिस विद्यालय परिसर पहुंची और पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है। विद्यालय के हॉस्टल में रह कर पढ़ रहा पांचवी कक्षा का छात्र आर्यन कुमार सुबह 5:00 बजे के बाद स्कूल के मैदान में सभी बच्चों के साथ निकाला था। इस दौरान उसकी तबीयत बिगड़ी। उसके एक साथी ने उसे सहारा दिया, लेकिन तब तक वह बेहोश होकर गिर पड़ा। स्कूल प्रबंधन ने उस छात्र को इलाज के लिए झारखंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया, लेकिन वहां उसकी स्थिति नहीं सुधरी। इसके बाद उस छात्र को रांची रोड स्थित होप अस्पताल ले जाया गया। वहां भी चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया। आर्यन को लेकर स्कूल प्रबंधन जब सदर अस्पताल पहुंचा तो चिकित्सकों ने वहां उसे मृत घोषित कर दिया। रामगढ़ पुलिस के अनुरोध पर मेडिकल बोर्ड बिठाकर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

राधा गोविंद पब्लिक स्कूल आवासीय विद्यालय है। वहां लगभग 80 बच्चे हॉस्टल में रहते हैं। प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी की वजह से राज्य सरकार ने कक्षा नर्सरी से 8 तक के बच्चों को छुट्टी देने का निर्देश जारी किया है। हालांकि आवासीय विद्यालयों को इस आदेश में शामिल नहीं किया गया है, लेकिन उन्हें भी भीषण गर्मी के मद्देनजर आवश्यक दिशा निर्देशों का पालन करने को कहा गया है। विद्यालय में ऐसी क्या स्थिति बनी जिसकी वजह से एक होनहार छात्र की जान चली गई। इसके पीछे का रहस्य जानना भी जरूरी है। जिला प्रशासन ने तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी विद्यालय परिसर, क्लास, हॉस्टल, बच्चों के रूम और वहां रहने की व्यवस्था की जांच कर रही है।

### घटना के बाद अचानक कर दी गई विद्यालय में छुट्टी

राज्य सरकार के निदेर्शों के बाद राधा गोविंद पब्लिक स्कूल में रह रहे बच्चों को उनके घर नहीं भेजा गया। हालांकि प्रबंधन ने यह दावा किया है कि बच्चों के अभिभावकों को छुट्टी की सूचना दी गई थी। साथ ही लगभग 50 बच्चे अपने घर भी जा चुके थे। कुछ बच्चे हॉस्टल में रह रहे थे। लेकिन उनकी पढ़ाई नहीं चल रही थी। सुबह पांच से 5:30 के बीच बच्चों का काउंटिंग सेशन चलता था। शुक्रवार को भी वही प्रक्रिया चल रही थी। इसी दौरान बच्चे टहलते भी थे और उसके बाद सभी बच्चों की गिनती कर उन्हें वापस उनके कमरे में भेज दिया जाता था। इस घटना के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने जांच शुरू की और विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों की भी छुट्टी कर दी। अब वहां 9वीं और 10वीं के भी बच्चों की छुट्टी कर दी गई है।

# बसों की धर पकड़ से चरमरा गई है खूंटी की परिवहन व्यवस्था : अरूण साबू



संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी जिला बस ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार जयसवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को बस संचालकों की हुई बैठक में सर्वसम्मति से इस निर्णय लिया गया कि सभी बस संचालक आनेवाले लोकसभा चुनाव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे और दूसरों को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करेंगे।

मौके पर अरूण कुमार साबू ने कहा कि मतदान करना हमारे भारतीय होने की पहली पहचान है। उन्होंने कहा कि इस बात को भी हमें ध्यान देना है कि हम बस संचालक जनहित के कार्य के लिए अपनी सेवा देते हैं। अपनी बसों का परिचालन जनता की सुबिधा के लिए करते है। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में खूंटी ही एक ऐसा जिला है, जहां बसों को चुनाव कार्य के लिए बसों को पकड़ा जा रहा है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बसों को जब्त करने में नियम का पालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता को मतदान करने अपने गाव तक आने-जाने में वाहनों की कमी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि खूंटी जिला प्रशासन पूरे जिले में नाकाबंदी कर सभी बसों को पकड़ रहा है। यदि सभी वाहनों को जब्त कर लिया जाएगा, तो लोगों को आवागमन में भारी परेशानी होगी। इस ओर मुख्य चुनाव आयुक्त का ध्यान आकृष्ट करते हुए साबू ने कहा कि सभी मार्गों में चलने वाली बसों को जब्त क लेने का यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाएगी। बसों का परिचालन मतदान से लगबहग पांच दिन पहले ही ठप हो जायेगा। एक भी बस नही चलेगी। इससे जनता को और चुनाव कार्य मं लगे पदाधिकारियों को आने-जाने में ऑटो का सहारा लेना होगा। एसोसिएशन ने मुख्य चुनाव आयुक्त से मांग की कि चाईबासा और सिमडेगा मार्ग में 10 बसों के आने-जाने की अनुमति दी जाय।

# लोकतंत्र के महापर्व में उत्सव का बनाएं माहौल : उपायुक्त



संवाददाता

**खूंटी।** लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों की समीक्षा को लेकर कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कार्यपालक अभियंता, विद्युत विभाग, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अतिरिक्त शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी के साथ शुक्रवार को हुई बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची पर्ची वितरण की जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि माइक्रो प्लान तैयार कर आपसी समन्वय स्थापित करते हुए बीएलओ के माध्यम से शत प्रतिशत मतदाता पर्ची का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश उपायुक्त नें दिया। उपायुक्त ने कहा कि प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी निर्वाचन संबंधित दायित्वों का निर्वाह सजगता के साथ पूरी ईमानदारी से करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि सभी तैयारियां ससमय पूर्ण कर जिले में निर्भीक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न कराया जा सके। उन्होंने मतदान की तिथि को किए जाने वाले कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। एएमएफ, वोटर्स फैसिलिटेशन पोस्टर, कम्युनिकेशन प्लान को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि क्लस्टर एवं बूथों पर सुचारू प्रबंधन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर उत्सव का माहौल बनायें। मतदाताओं को इसके लिए भी प्रेरित करें कि लोकतंत्र के इस त्योहार को उत्साह के माहौल में अपने परिवार के सदस्यों के साथ मतदान कर मनाएं।

# यशस्विनी सहाय ने इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं से की मुलाकात



संवाददाता

**सिल्ली।** रांची लोकसभा के लोकप्रिय कांग्रेस के प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने सिल्ली प्रखंड के तीन पंचायत दोवाडू, बढ़ा चांगडू, पतराहातु पतराहातु बाजार टाड़ में कांग्रेस एवं सहयोगी दलों के कार्यकर्ता औपचारिक मुलाकात की। साथ ही 6 मई 2024 को नामांकन दाखिल कार्यक्रम में सिल्ली से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपिल की है। इसके बाद दुर्गा मन्दिर बंता में कार्यकर्ता ओं द्वारा यशस्विनी सहाय जी का स्वागत किया गया। अंत में सिल्ली धर्मशाला में लक्ष्मी नारायण मन्दिर में रांची लोकसभा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय जी ने पूजा अर्चना की। एवं प्रेस वार्ता की। इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, सिल्ली के पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश, सिल्ली विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी दिनेश प्रसाद साहु, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, उपाध्यक्ष मनीराम दास, अल्पसंख्यक जिला सचिव मंजूर मोमिन, झामुमो सिल्ली विधानसभा प्रभारी रामानंद बेदिया, बानेश्वर महतो, इत्यादि इंडिया गठबंधन के साथी गण उपस्थित थे।

# पीठासीन पदाधिकारियों को दिया गया चुनाव संबंधी प्रशिक्षण



संवाददाता

**खूंटी।** लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व स्वच्छ संपन्न कराने के निमित प्रशिक्षण कोषांग, खूंटी द्वारा शुक्रवार को 60-खूंटी एवं 59-तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारियों के लिए बिरसा कॉलेज, खूंटी औरं लोयला इंटर कॉलेज परिसर में अलग-अलग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पीठासीन पदाधिकारियों को डिस्पैच सेंटर से लेकर कलेक्शन सेंटर तक निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी दी गई। शुक्रेवार से सुविधा केंद्रों पर पोस्टल वोटिंग का शुभारंभ हुआ। पोस्टल वोटिंग के लिए आवेदन करने वाले पीठासीन पदाधिकारियों ने संबंधित प्रशिक्षण केंद्र में स्थापित सुविधा केंद्र पर पोस्टल बैलेट द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण कोषांग के मास्टर ट्रेनरों द्वारा डिस्पैच सेंटर से मतदान के दिन मतदान केंद्र और मतदान के बाद कलेक्शन सेंटर पर कार्य निष्पादन एवं दायित्वों से पीठासीन पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। चुनाव कार्य में उपयोग में लाये जाने वाले विभिन्न प्रपत्रों की चर्चा करते हुए उन प्रपत्रों को संधारित करने की विधि से अवगत कराया गया। बताया गया कि प्रपत्रों को भरने में विशेष सावधानी की जरूरत होती है। प्रशिक्षण के दौरान चुनाव कार्य में उपयोग में लाये जाने वाले विभिन्न प्रपत्रों के डम्मी प्रपत्र का प्रयोग कर संधारित करने के तरीके की व्यावहारिक जानकारी दी गई। पीठासीन पदाधिकारियों को मॉक पोल, सिलिंग और वास्तविक मतदान, मतदान समाप्ति के बाद प्रपत्रों का पैकेटिंग से संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया।

उन्हें इवीएम के माध्यम से मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराते हुए सीयू, बीयू एवं वीवीपैट के संयोजन एवं कार्यप्रणाली की व्यावहारिक जानकारी दी गई। पोस्टल वोटिंग आरंभ होने से पूर्व प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक, आइटीडीए, आलोक शिकारी कच्छप, कार्मिक कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह डीडीसी श्याम नारायण राम , प्रशिक्षण कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह जिला भू-अर्जन पदाधिकारी परवेज सहित अन्य अधिकारियों द्वारा सुविधा केंद्रों पर पोस्टल वोटिंग कें लिए की गई व्यवस्था का जायजा लिया गया। इससे पूर्व चुनाव कार्य संपादन से संबंधित 50 प्रश्नों के माध्यम से पीठासीन पदाधिकारियों की कार्य कुशलता की जांच के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया।

# हज यात्रियों को मिला प्रशिक्षण



संवाददाता

**चान्हो।** खदीमुल हुमाज तरबीयती मरकज बलसोकरा के तत्वावधान में चान्हो, मांडर, लोहरदगा के हजयात्रियों को जामा मस्जिद पंडरी में प्रशिक्षण दिया गया इस दौरान हाजि निजामुद्दीन, व हाजि क्युम कासमी के द्वारा हज के दौरान उमरा, के अकरान को अदा करने के लिए ट्रेनिंग दी गई किसी तरह की परेशानी नहीं हो इस बात का ध्यान रखा गया इस दौरान मौलाना अबुल कलाम आजाद ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से हजयात्रियों को काफी सहूलियत होगी खास कर के महिलाओं व बुजुर्ग को मरकज की ओर से यह बहुत ही अच्छी पहल है जिसमें लोगों के सहूलियत का पूरा ख्याल रखा गया है और मक्का मदीना में भी यदि किसी प्रकार की परेशानी होती है तो इसका भी समाधान करने का प्रयास किया जाएगा इस दौरान मेडिकाना अस्पताल बीजूपाड़ा की ओर से स्वास्थ्य जांच भी किया गया मौके पर मौलाना अब्दुल कलाम आजाद, मो साजिद, हाजी क्युम कासमी, हाजी निजामुद्दीन के अलावे अन्य मौजूद रहे।

# पदाधिकारी मौके पर जाकर बीएलओ के कार्यों की समीक्षा करें : के रवि

संवाददाता



**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि हर मतदाता तक पहुंचते हुए वोटरगाइड एवं वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण सुनिश्चित कराएं। विगत के मतदान में किन कारणों से मतदान कम हुए थे, उसका निराकरण करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने का कार्य करें। पदाधिकारी केवल डेटा पर नहीं, बल्कि मौके पर जाकर बीएलओ के कार्यों की समीक्षा करें।

रवि कुमार शुक्रवार को निर्वाचन सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पांचवें और छठे चरण के मतदान से संबंधित जिले खूंटी, सरायकेला-खरसावां, रांची, पश्चिमी सिंहभूम, गढ़वा, गुमला, पलामू, सिमडेगा और लोहरदगा में चल रहे स्वीप कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि टारगेटेड स्वीप एक्टिविटी से मतदाताओं को जागरूक करने से वोटिंग प्रतिशत बढ़ेगा। पदाधिकारी मतदाता सहभागिता के लिए कोई कसर नहीं छोड़ें। रवि कुमार ने कहा कि पदाधिकारी कम मतदान वाले मतदान केन्द्रों का भौतिक निरीक्षण करें और संबंधित क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करते हुए मतदान के लिए प्रेरित करना सुनिश्चित कराएं। साथ ही बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के मेंबर्स को मतदाताओं को प्रेरित करते हुए मतदान केंद्र तक लाने की जिम्मेवारी सौंपे। इसके अलावा इंटर पर्सनल कम्युनिकेशन से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें। ऐसी पहल से मतदान प्रतिशत बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों को इस तरह तैयार करें कि लगे वह मतदाताओं को मतदान के लिए पुकार रहा हो। रवि कुमार ने कहा कि कम मतदान वाले क्षेत्रों में प्रत्येक घरों तक पहुंच बनाते हुए लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। कोई भी मतदाता मतदान करने से नहीं छूटे। इसके लिए विशेष कार्ययोजना तैयार कर मूर्त रूप दें। उन्होंने रांची के बुंडू में कम मतदान वाले मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही खूंटी जिले के कम मतदान वाले मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण करते हुए वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। रवि कुमार ने सरायकेला-खरसावां के जिला स्वीप पदाधिकारी को मतदान केंद्र संख्या 147 एवं 148 का भौतिक निरीक्षण कर संबंधित कारणों का निराकरण करने तथा लोहरदगा के प्रवासी मजदूरों को मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित करने पर बल दिया। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा कि पदाधिकारी मतदाताओं से पारस्परिक संपर्क कर कम मतदान वाले मतदान केंद्रों के लिए इनोवेटिव आईडिया के साथ सभी मतदाताओं तक पहुंचें। बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के मेंबर्स को मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए मतदान केंद्र तक लाने की जिमेवारी सौंपें। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता, उप निदेशक जनसम्पर्क आनंद सहित संबंधित जिलों के स्वीप से संबंधित पदाधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग में उपस्थित थे।

# हाई कोर्ट से महाधिवक्ता व अपर महाधिवक्ता को राहत

संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य के महाधिवक्ता एवं अपर महाधिवक्ता पर आपराधिक अवमानना मामला चलाने से संबंधित कोर्ट के स्वतः संज्ञान पर शुक्रवार को फैसला सुनाया। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने महाधिवक्ता राजीव रंजन और अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार को मामले में राहत देते हुए उनके खिलाफ अवमानना याचिका को सुनवाई योग्य नहीं माना। हाई कोर्ट ने 23 जनवरी को सभी पक्षों को सुनने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाई कोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत ने 01 सितंबर, 2021 को एक मामले में सुनवाई के दौरान स्वतः संज्ञान लेते हुए इन दोनों पर अवमानना का मामला चलाने का निर्देश दिया था। साथ ही अदालत ने हाई कोर्ट रूल के अनुसार अवमानना का मामला चलाने के लिए मामले को वर्ष 2021 में खंडपीठ में भेज दिया था। साहिबगंज की महिला थाना प्रभारी रूपा तिर्की की मौत मामले में याचिकाकर्ता ने अदालत में महाधिवक्ता और अपर महाधिवक्ता के खिलाफ अवमानना चलाने के लिए हस्तक्षेप याचिका (आईए) दाखिल की थी।

## झारखंड हाई कोर्ट में जेपीएससी संयुक्त असैनिक सेवा बैकलॉग प्रतियोगिता-2017 के पीटी रिजल्ट को चुनौती



झारखंड हाई कोर्ट में झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) संयुक्त असैनिक सेवा बैकलॉग प्रतियोगिता-2017 के तहत राज्य पुलिस सेवा, कारा सेवा, नियोजन सेवा में नियुक्ति को लेकर पीटी के रिजल्ट को चुनौती देने वाली आलोक रंजन की याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने जेपीएससी को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता शुभाशीष रसिक सोरेन एवं अधिवक्ता अविनाश कुमार ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि जेपीएससी ने संयुक्त असैनिक सेवा बैकलॉग प्रतियोगिता-2017 के तहत 10 पदों के लिए विज्ञापन संख्या 27/ 2017 निकली थी। इसके लिए वर्ष 2024 में पीटी परीक्षा ली गई थी। इसके बाद जीपीएससी ने आंसर की एवं संशोधन संशोधित आंसर की निकला था लेकिन दोनों में ही त्रुटि थी। इस कारण जीपीएससी की पीटी रिजल्ट भी त्रुटि पूर्ण है। इसलिए रिजल्ट को लेकर एक एक्सपर्ट कमेटी बनाई जाए। याचिकाकर्ता का कहना था कि एक प्रश्न के कारण उसका चयन नहीं हो सका।

# पार्टी एक को उम्मीदवार बनाती है लेकिन चुनाव हर कार्यकर्ता लड़ता है : गुलाम अहमद मीर

संवाददाता




**रांची :** कांग्रेस के गुमला,सिमडेगा और खूंटी जिले के कार्यकताओं की चुनावी समीक्षा बैठक जिला मुख्यालय में शुक्रवार को हुई। मौके पर कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पार्टी किसी एक को उम्मीदवार बनाती है लेकिन चुनाव संगठन का हर कार्यकर्ता अपने-अपने मोहल्ले, वार्ड, प्रखंड में लड़ता है, ताकि पार्टी की जीत हो सके। दस वर्षों के कुशासन से निकलने का यह सुनहरा अवसर है और हमें इसे किसी भी हाल में जाया नहीं होने देना है। उन्होंने कहा कि आप सभी पूरे वर्ष संगठन में काम करते हैं और पिछले पांच वर्षों से केंद्र की भाजपा सरकार के कार्यों से त्रस्त जनता के बीच रहकर संघर्ष कर रहे हैं। अब समय है कि उन संघर्षों का परिणाम बूथ से जीत के रूप में निकले। पांच वर्षों तक संगठन का निर्माण प्रखंड और बूथ स्तर पर किया गया है और आज जरूरत है कि संगठन के जरिये बूथ स्तर कार्यकताओं के बीच आपसी समन्वय को बेहतर तरीके से बनाया जाए ताकि चुनाव के दौरान प्रत्याशी और बूथ एजेंट के बीच सीधा संवाद अभी से लेकर मतदान के दिन तक लगातार होता रहे।

इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि इस चुनाव में हमें राहुल गांधी के विश्वास पर खरा उतरना है। उन्होंने जनता की समस्याओं के तह तक पहुंचने के लिए पूरे भारत का पैदल भ्रमण किया है और समस्याओं को खत्म करने के लिए आवश्यक कार्ययोजना को कांग्रेस के घोषणा पत्र में शामिल किया गया है।

बैठक को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि मोदी सरकार के मंत्री पूरे देश में घूम-घूम कर झूठ बोल रहे हैं वो नहीं चाहते हैं कि इस देश में आदिवासियों दलितों का उत्थान हो।

# बीएयू कर्मियों को बेसिक कंप्यूटर साक्षरता का दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता



**रांची।** विश्वविद्यालय कर्मियों में कौशल विकास के उद्देश्य से बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन विभाग ने बेसिक कंप्यूटर साक्षरता एवं जागरूकता विषय पर एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। शुक्रवार को समापन सत्र में पशु चिकित्सा संकाय के अधिष्ठाता डॉ सुशील प्रसाद ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किया।

डॉ सुशील प्रसाद ने कहा कि भविष्य में और भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। आयोजन सचिव डॉ नंदनी कुमारी ने बताया कि बीएयू के प्रशासन निदेशालय, अनुसंधान निदेशालय, नियंत्रक कार्यालय एवं पशु चिकित्सा महाविद्यालय के 21 कर्मियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

एजीबी विभाग के शिक्षकों डॉ बसंत कुमार, डॉ नन्दनी कुमारी, डॉ थानेश उरांव, डॉ अबसार अहमद, डॉ नरेंद्र प्रताप सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को कंप्यूटर संचालन और उसपर विभिन्न प्रकार के कामकाज करने की तकनीकी जानकारी दी। अंग्रेजी की सहायक प्राध्यापक डॉ सुरभि सिन्हा ने बेसिक फंक्शनल इंग्लिश की जानकारी दी।

इस अवसर पर एसोसिएट डीन डॉ आलोक कुमार पांडेय और प्रशाखा पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

# सीसीएल की दो खदानों की हुई औचक जांच, स्टॉक मापी जारी

**रांची।** कोल इंडिया की सहायक कंपनी सीसीएल की दो खदानों की औचक जांच शुरू हुई है। सीवीओ पंकज कुमार के मार्गदर्शन में टीम सीसीएल विजिलेंस की टीम जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक टीम में सीएमपीडीआईएल और सीसीएल के कमांड क्षेत्रों के 12-12 अधिकारी शामिल हैं। इन बहु-विषयक टीमों ने सीसीएल की दो खदानों की औचक जांच की। टीमों ने आम्रपाली ओसीपी और रजरप्पा परियोजना का दौरा किया। स्टॉक की माप अभी भी जारी है।

# सरकारी स्कूलों की गर्मी की छुट्टी में होगा बदलाव

❑ शिक्षक संगठन के प्रतिनिधिमंडल की शिक्षा सचिव से हुई वार्ता



**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों की गर्मी की छुट्टी में बदलाव होगा। इसका संकेत प्रभारी शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह ने अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के दौरान दिया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनुप केसरी ने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

शिक्षक संगठन के पदधारियों ने सचिव से ग्रीष्मावकाश, शिक्षक प्रोन्नति और शिक्षक स्थानांतरण को लेकर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनूप केसरी, रांची जिला अध्यक्ष सलीम सहाय तिग्गा और भीम सिंह मुंडा शामिल थे।

**वार्ता के ये परिणाम**

संघ की मांग के अनुरूप गर्मी की छुट्टी में संशोधन होगा।

आचार संहिता की समाप्ति के बाद सभी ग्रेड की लंबित प्रोन्नति को मिशन **मोड में पूरा कराया जाएगा**

आचार संहिता के बाद अंतजिला/ अंतर जिला/ विशेष आवश्यकता आधारित शिक्षक ट्रांसफर के कार्य पूर्ण कराए जाएंगे।

# हेमंत सोरेन पर बेबुनियाद आरोप लगा भेजा गया जेल : झामुमो

**रांची :** रांची लोकसभा के लिए इंडी गठबंधन की उम्मीदवार यशस्विनी सहाय के समर्थन में रांची महानगर की बैठक झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई। बैठक में झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि हेमंत सोरेन को बेबुनियाद आरोप लगाकर जेल भेजे जाने का विरोध वोट में दिखेगा। हम सभी इंडी गठबंधन के साथियों को एकसाथ केंद्र की तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकना है। मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा हमे देश की तानाशाह सरकार को हटाना है। झारखंड मे भी आपने देखा की किस तरह से हेमन्त सोरेन को झूठे आरोप मे जेल भेजा गया जिसका हमे अपने वोट से करारा जवाब देना है और देश में इंडी गठबंधन की सरकार बनाना है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष कुमार राजा साथ ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनय सिन्हा दीपू उपस्थित थे।

# लोस चुनाव के पूर्व तमाड़ विस में कांग्रेस को लगा जोरदार झटका

संवाददाता

**रांची/तमाड़ :** लोकसभा चुनाव के पूर्व तमाड़ विधानसभा में कांग्रेस को जोरदार झटका लगा है। तमाड़ विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष नीतीश पांडे सहित अन्य कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कांग्रेस छोड़ विरसा विकास समिति के महासचिव राजा पीटर के उपस्थिति में बिरसा विकास समिति का दामन थाम लिया। सभी का स्वागत माला पहनाकर पीटर ने किया।कांग्रेस छोड़ने वालों में तमाड़ युवा प्रखंड अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी बुण्डू नगर अध्यक्ष किशन लायक पूर्व प्रखंड अध्यक्ष महावीर साहु प्रखंड महासचिव लखिराम मुण्डा, राजीव मुण्डा, अनंत सेठ प्रखंड उपाध्यक्ष मधुसूदन प्रमाणिक प्रखंड सचिव अशोक स्वांसी सारजमडीह पंचायत प्रभारी बिमल पांडे बुण्डू कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र महली बुण्डू मिडीया प्रभारी संतोष दुआरी अड़की प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ मुण्डा तमाड़ महासचिव भीम प्रमाणिक सहीत सैकड़ों कांग्रेसी शामिल रहे इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजा पीटर ने कहा कि नीतीश पांडे कांग्रेस के चर्चित नेता रहे हैं ये परिचय के मोहताज नहीं हैं इनके कांग्रेस छोड़ने से कांग्रेस पार्टी को जोरदार झटका लगा है साथ ही अन्य कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकताओं द्वारा पार्टी छोड़ने का सीधा लाभ भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा जी को चुनाव में मिलेगा। उन्होंने ने कहा मैं और मेरे समर्थक चुनाव में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते देखना चाहते हैं। इस अवसर पर श्री पीटर ने नीतीश पांडे को बिरसा विकास समिति का प्रवक्ता बनाने की घोषणा की, जिसका सभी समर्थकों के द्वारा ताली बजा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर नीतीश पांडे ने कहा कि जनता का भारी दवाब था इस कारण पार्टी छोड़ना पड़ा। झामुमो कांग्रेस की सरकार ने धरातल पर

## डीएसपीएमयू में स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग ने किया सेमिनार का आयोजन

# दिनकर ने कहा है कि जो बोली आत्मा से बोली जाती है, उसे हिन्दी कहा जाता है : डॉ. शांडिल्य

संवाददाता



**रांची :** शुक्रवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग और आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित डॉ. वचनदेव कुमार मेमोरियल स्मृति व्याख्यानमाला के तहत एक विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया। विषय था, हिंदी के विकास में लोकभाषाओं का योगदान। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे, डॉ. गुरुचरण सिंह, पूर्व अध्यक्ष, स्नातकोत्तर हिंदी विभाग और प्रधानाचार्य एसपी जैन कॉलेज, सासाराम, रोहतास बिहार। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि भारत की आत्मा हिंदी में निवास करती है। हिंदी के विकास के लिए 12 विश्व हिंदी सम्मेलन हो चुके है। इन्होंने विद्यार्थियों को विशेष तौर पर संबोधित करते हुए कहा कि अवधी, ब्रज, भोजपुरी, मगही, नागपुरी, संताली आदि ऐसी भाषाएं हैं जिनका हिंदी के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। लोकभाषा अगर नदी है तो हिंदी सागर है। दिनकर ने लिखा है कि जो बोली आत्मा से बोली जाती है, उसे हिंदी कहा जाता है। उन्होंने अपने संबोधन का अंत करते हुए कहा कि लोकभाषा हिंदी का प्राण और जीवन है। लोकभाषाओ से परिपुष्ट हिंदी भारत की आत्मा है। मुख्य वक्ता डॉ. गुरुचरण सिंह ने कहा कि हिंदी के विकास में लोकभाषा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हिंदी में राष्ट्रप्रेम और लोकमंगल की भावना का समावेश लोकभाषा से ही हुआ। यदि लोक भाषाओं का संरक्षण नहीं किया गया तो हिंदी भाषा अपनी मूल संस्कृति से भटककर हिंग्लिश संस्कृति का शिकार हो जायेगी जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके अलावा उपरोक्त विषय पर डॉ. प्रशांत कुमार कर्ण, हिंदी के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. जेबी पाण्डेय, विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के जितेंद्र सिंह और मृत्युंजय कोयरी ने भी उपरोक्त विषय पर विस्तार से चर्चा की। विषय प्रवेश और अतिथियों का स्वागत विभागाध्यक्ष डॉ. जिंदर सिंह मुंडा ने और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विनोद कुमार ने किया। मौके पर डॉ. पीयूष बाला, डॉ.रेखा झा, प्रो राजेश कुमार सिंह, डॉ. रजनी सहित अन्य शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे।

# स्कूल में रिलेशंस ने चलाया पक्षी बचाओ अभियान

**रांची :** रांची के कांके रोड स्थित डीएवी गांधीनगर स्कूल में रिलेशंस की ओर से शुक्रवार को भीषण गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के रक्षा के लिए पक्षी बचाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान बच्चों से पक्षियों सहित अन्य बेजुबान प्राणियों को दाना पानी देने की अपील की गई। मौके पर बच्चो के बीच पक्षियों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए सिकोरे बांटे गए। साथ ही यह संकल्प दिलाया गया कि सब अपने अपने घरों पर सिकोरे रख कर पक्षियों को दाना पानी देकर उनकी रक्षा करेंगे। मुख्य रूप से डीएवी गांधीनगर स्कूल के प्राचार्य एस के सिन्हा, समाजसेवी डॉ अनिल कुमार,शिक्षाविद् डॉ सिद्धार्थ प्रकाश, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी सहित स्कूल के कई शिक्षक शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### अक्षय तृतीया दस मई को नये उद्योग के लिए शुभ

**रांची :** इस वर्ष अक्षय तृतीया दस मई को है। यह दिन नए उद्योग और व्यवसाय के लिए बहुत शुभ है। कुछ नया शुरू करने के लिए यह दिन सबसे अच्छे दिनों में से एक माना जाता है। इस दिन सोना, चांदी, वाहन, घर-जमीन और घर के सामान आदि की खरीदारी परिवार में समृद्धि और सौभाग्य लाता है। पंडित मनोज पांडेय का कहना है कि ऋषिकेश पंचांग के अनुसार, अक्षय तृतीया 10 मई को सुबह 5:31 से प्रारंभ हो रहा है, जो अगले दिन सुबह 4:37 बजे तक रहेगा। मकान, वाहन, जमीन और स्वर्ण सामग्री की खरीदारी के लिए यह बहुत ही उत्तम दिन है। उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया में किसी भी प्रकार का शुभ कार्य किया जा सकता है। इस दिन किसी पवित्र नदी में स्नान और दान का महत्व है। अक्षय तृतीया सनातन और जैन धर्म का महत्वपूर्ण त्योहार है। इसे आखा तीज के नाम से भी जाना जाता है, जो धर्मग्रंथों के अनुसार एक शुभ दिन है। इस दिन सभी मांगलिक कार्य किए जाते हैं। यह सौभाग्य, सुख और समृद्धि का त्योहार माना जाता है।

### योग प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**रांची :** आगामी 4 और 5 मई को यूनियन क्लब व लाइब्रेरी एवं स्पोर्ट्स योगा एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तत्वावधान रांची जिला ओपन योग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता दो दिवसीय है जिसमें प्रथम दिन शनिवार प्रतियोगिता का शुभारंभ दोपहर 2:00 बजे रखी गई है। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ यूनियन क्लब के सचिव श्री सेतांको सेन स्पोर्ट्स योगा एसोसिएशन के सचिव सुशांत सुशांत भट्टा के द्वारा किया जा रहा है । इस प्रतियोगिता में लगभग 300 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं जिसमें विभिन्न स्कूल कॉलेज योग संस्थान के छात्र-छात्राएं शामिल इस प्रतियोगिता में 5 वर्ष से 60 वर्ष से अधिक के प्रतिभागी भी भाग लेंगे। जूनियर वर्ग के प्रतियोगिता 5 मई को रखा गया है जिसमें आयु वर्ग 8 वर्ष से 18 वर्ष तक का प्रतियोगिता होंगे।

### अतुल अनजान के निधन पर पार्टी ने झुकाया झंडा

**रांची :** भाकपा के राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड प्रभारी अतुल कुमार अनजान के निधन पर तीन दिनों के लिए पार्टी का झंडा झुका दिया गया है। राज्य सचिव महेन्द्र पाठक ने कहा कि अनजान भाकपा के बौद्धिक संपदा थे। वह प्रखर वक्ता और कई भाषाओं के जानकर हर दिल अजीज थे। राज्य कार्यकारणी के सदस्य अजय कुमार सिंह ने कहा कि वह निर्भीक और बेबाक टिप्पणी करने वाले नेता थे। संघर्ष की राह उन्हें विरासत में मिली थी। उनके पिता डॉक्टर एपी सिंह विख्यात स्वतंत्रता सेनानी थे। हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के कई आंदोलनों में बढ़-चढ़ कर भाग लिया और कई वर्षों तक जेल में रहे। 20 साल की उम्र में नेशनल कॉलेज के प्रेसिडेंट और 60 के दशक भाकपा के मेंबर बने। एआईएसएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान में राष्ट्रीय सचिव और अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव थे। कई आंदोलनों में सक्रिय भूमिका खासकर उत्तर प्रदेश में प्रसिद्ध पुलिस पीएसी रिवॉल्ट एक्ट में लगमग पांच वर्ष तक जेल में रहे।

### श्रमिक नेताओं को हिरासत में लिए जाने की निंदा

**रांची :** भाकपा और माकपा ने रांची पुलिस के जरिये सीटू के कार्यकारी अध्यक्ष और हटिया मजदूर युनियन के नेता भवन सिंह और एचईसी बचाओ मजदूर संघर्ष समिति के दिलीप सिंह को हिरासत में लेकर धुर्वा थाने में बैठाए रखने की कड़ी निंदा की है। साथ ही दोनों श्रमिक नेताओं को अविलंब रिहा करने की मांग की है। माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव और भाकपा के राज्य कार्यकारणी के सदस्य अजय सिंह ने कहा कि पुलिस का कहना है कि यह कारवाई एहतियात के तौर पर पर की गई है ।

## संक्षिप्त

### महुआडांड़ बाजार क्षेत्र में प्याऊ का उद्घाटन

**महुआडांड़/लातेहार :** महुआडांड़ बाजार में स्थानीय बीज विक्रेता एवं किसानों की उपस्थित मैं प्रचंड गर्मी को देखते हुए त्रिमूर्ति प्लांट साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा एक प्याऊ का उद्घाटन किया गया। मौके खाद बीज विक्रेता मनोज गुप्ता, दुर्गेश प्रसाद, उज्जवल कुमार, अरविंद कुमार, मोनु मलिक, कम्पनी एम्प्लोई गोपाल कुमार, आनन्द उपाध्याय, विद्याधर पाण्डे, धीरज पाण्डे, संजय प्रजापति, महावीर पाल आदि मौजूद थे।

### लोहरदगा के दो मजदूरों की उप्र में मौत

**लोहरदगा :** जिले के किस्को प्रखण्ड के बेठहठ व पतरातू के दो मजदूरों की उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में एक ईंट-भट्ठे में दबकर बुधवार को मौत हो गयी। ग्रामीणों के अनुसार बेठहठ पंचायत के जामुन टोली निवासी 28 वर्षीय संतोष उरांव एवं बगड़ू पंचायत के पतरातू खलिहान टोली निवासी 27 वर्षीय छटू लोहरा की पत्नी पार्वती देवी की मौत ईट-भट्ठा में काम करने के दौरान दीवार में दबने से हो गई। वे छह माह पूर्व ईट-भट्ठा में काम करने गोरखपुर गए हुए थे।

### ओझा गुनी के शक में बेटे ने की बाप की हत्या

**छत्तरपुर (पलामू) :** जिले के नौडीहा बाजार प्रखंड के अति सुंदरवर्ती डगरा पंचायत के ग्राम रत्नाग टोला यूगीनियाटांड़ में गुरुवार की रात्रि 60 वर्षीय कृष्णा सिंह को छोटे बेटे सरोज कुमार सिंह ने घरेलू विवाद एवं ओझा गुनी के शक पर अपने पिता को देसी हथियार से गोली मारकर हत्या कर दी कृष्ण सिंह के बेटी रीना देवी, गुप्तेश्वर सिंह ने बताया कि कई महीनो से अपने गोतीया परिवार एवं घर में कृष्ण सिंह से ओझा गुनी के शक पर आपसी विवाद होता रहता था उसी के शक में पिता का छोटे भाई ने हत्या किया है। सरोज कुमार सिंह अपने पिता को गोली मारकर फरार हो गया सूचना मिलते ही मौके पर नौडीहा थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंतिम परीक्षण के लिए मेदिनीनगर भेज दिया है थाना प्रभारी ने बताया कि ओझा गुनी एवं आपसी विवाद में बेटा ने पिता को हत्या की है पुलिस सभी बिंदु के जांच करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

### मोदी सरकार पलामू भाजपा प्रत्याशी के लिए जुमले की बारिश करेंगी : गणेश रवि

**मेदिनीनगर :** हर बार की तरह इस बार भी चुनावी महाकुंभ में मोदी सरकार डाल्टनगंज में जुमले की बारिश करेंगे।किसी डैम का हवा में शिलान्यास या उद्घाटन करेंगे। उक्त बातें पलामू लोकसभा के स्वतंत्र प्रत्याशी गणेश रवि ने कही। उन्होंने कहा कि मोदी जी आप लोकसभा सदस्य के लिए लड़ रहे हैं। और मैं एक निर्दलीय प्रत्याशी गणेश रवि पलामू से लोकसभा सदस्य के लिए चुनाव लड़ रहा हूं। मोदी जी बताइए यह कैसा लोकतंत्र है। एक तरफ इसी पद के लिए एक व्यक्ति करोड़ों रुपया बहा रहा है। और उसी पद के लिए दूसरा निर्दलीय प्रत्याशी हजारों रुपए में चुनाव लड़ रहा है। श्री रवि ने कहा कि मोदी सरकार को भाजपा प्रत्याशी के चुनाव प्रचार के लिए जनता की गाढ़ी कमाई को हवा में नहीं बहाना चाहिए।

### आपका पांच मिनट बदलेगा आपके पांच साल : शर्मिला

**पलामू :** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हमेशा जनहित में सक्रिय रहने वाली संस्था वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम भूसही गांव पहुंची। वहां चौपाल में इकठ्ठा किसानों और बुर्जुगों को अवश्य मतदान करने की सलाह दी, साथ ही घर-आंगन तक पहुंचकर टीम वरदान ने आधी आबादी (महिलाओं को) से मतदान करने की अपील की। वहीं पहली बार मतदान करने वाले कुछ उत्साही युवाओं से भी टीम वरदान की मुलाकात हुई जो मतदान के प्रति सजग और उत्साहित दिखे। भूसही हरिजन टोला में महिलाओं ने अपनी समस्याओं से भी टीम वरदान को अवगत कराया और जरूर वोट करने का भरोसा दिलाया!

# राजनीतिक पार्टियों ने जनसम्पर्क अभियान किया तेज

संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने लोकसभा चुनाव को लेकर अपना जनसम्पर्क अभियान तेज कर दिया है। शुक्रवार को उन्होंने कटकमदाग प्रखण्ड अंतर्गत दर्जनों पंचायत का दौरा किया। इस दौरान जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने उनका फूल माला पहना कर स्वागत किया। जनसभा का आयोजन और डोर टू डोर कैंपेन चला उन्होंने लोगों के बीच कांग्रेस के न्यायपत्र के बारे में बताया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश के साथ छल किया है। झूठे वादे कर जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ किया गया है। उन्होंने देश की



स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जवान, किसान, युवा, महिला सभी आज परेशान है। जवान अग्निवीर योजना से, किसान एमएसपी नीति से, युवा बेरोजगारी से और महिला सुरक्षा कारणों से। भारत का हर वर्ग इस सरकार से परेशान है। उन्होंने कांग्रेस के मैनिफेस्टो के बारे में लोगों को बताते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार आते ही सबसे पहले इम समस्याओं का समाधान कर देश के साथ न्याय किया जाएगा। महिला आरक्षण, पहली नौकरी पक्की, अग्निवीर योजना की समाप्ति और एमएसपी की गारंटी सुनिश्चित किया जाएगा।

**आम जन का मिल रहा जोरदार समर्थन**

प्रचण्ड गर्मी और चिलचिलाती धूप में भी जय प्रकाश भाई पटेल को अपना समर्थन देने लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। जहां कहीं भी श्री पटेल जनसंपर्क के लिए गए, आम लोगों का भरपूर साथ मिला। कोई उन्हें पानी पिला रहा था तो कोई गले लगाकर आशीर्वाद देते नजर आया। जेपी भाई पटेल मिले इस स्नेह से अभिभूत थे। उन्होंने भी बड़ों के पाँव छू आशीर्वाद लिया। जनसम्पर्क के दौरान कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, राजद जिला अध्यक्ष चरका यादव, रेणु देवी, पूर्व मुखिया उदय साव, कोमल कुमारी, सुखदेव प्रसाद, बालेश्वर महतो, रंजीत यादव, विक्की धान, उपेवन्द्र यादव, जयकुमार महतो, नीरज यादव, मो. अजहर आदि उपस्थित रहे।

**कांग्रेस प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान**

लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने कटकमदाग क्षेत्र के सलगांवा, लुट्टा, नावाडीह, पकरार, सलगा, सुल्ताना बेन्दी, अडरा तिलैया, चीची, कटकमदाग बांका, बानादाग, पसई, मसरातू, रेवाली, रसूलीगंज, सिरसी, नृसिंह स्थान चौक खपरियावा बन्हा चौक नवादा चौक बेस में चलाया जनसम्पर्क अभियान।

## नुक्कड़ सभा का आयोजन कर चलाया गया जनसंपर्क अभियान



संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल के नेतृत्व में हजारीबाग लोकसभा एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल की धर्मपत्नी निशा जायसवाल,छोटे भाई की धर्मपत्नी ट्विंकल जायसवाल तथा हजारीबाग महिला मोर्चा जिलाध्यक्षा रेणुका साहु की गरिमामयी उपस्थिति में नुक्कड़ नाटक, नुक्कड़ सभा तथा अखाड़ा चौक से कसेरा मुहल्ला तक सघन जनसंपर्क किया गया।कार्यक्रम के पूर्व विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अध्यक्षा अंजू देवी समेत अन्य महिलाओं ने निशा जायसवाल, ट्विंकल जायसवाल, मनीष जायसवाल की बहन लूना जायसवाल, रेणुका साहू को माला पहनाकर पुष्पगुच्छ देते अंगवस्त्र देकर भव्य स्वागत किया गया। तय कार्यक्रमानुसार बंशीधर अखाड़ा चौक, विष्णुगढ़ कसेरा मुहल्ला, बनासो चौक, कुसुम्भा चेतलाल पासवान के दुकान के पास तथा भुताही मुरगाओ शिव मंदिर के पास नुक्कड़ नाटक एवं गीत संगीत के माध्यम से मनीष जायसवाल को जिताने की अपील की गई।इस मौके पर निशा जायसवाल के द्वारा हृदयस्पर्शी नजारा देखने को मिला एक दादी से मिलकर बड़े आत्ममीय अन्दाज से मिली, और नुक्कड़ नाटक के दौरान वृद्ध महिला को कुर्सी में बिठाकर उनसे जीत का आशीर्वाद लिया। आपलोगों के आपार प्यार और जनसमर्थन से मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार की जीत पिछली जीत से बड़ी होगी।इस मौके पर मुख्य रूप से राजेन्द्र दुबे,भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री सत्यभामा, जिला मंत्री मनोरमा राणा, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रानी शुक्ला, कंचन शर्मा, इंदु देवी, गायत्री देवी, राजेश सोनी, जीवन सोनी, नीतीश कुमार बरनवाल, कन्हाई यादव, सुनील कुमार अकेला, राजू श्रीवास्तव, अरविंद कुमार लाहकार, प्रकाश सिंह, सुधीर कुमार कसेरा, बिरजू कसेरा, विजय कसेरा, सुधीर कसेरा, सुनील कसेरा, भोला कसेरा, सुरेश कुमार दास, टेकलाल राम, अमूल्यचंद्र पाण्डेय, विनोद गुप्ता, राजू यादव, संतोष पासवान, अशोक मंडल,सुखदेव मंडल समेत जगह-जगह पर सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहे।

## रोटी दान कार्यक्रम मुझे बहुत अच्छा लगा : कुलपति

संवाददाता

**हजारीबाग :** रोटी दान कार्यक्रम आयोजित कर राजनीति विज्ञान विभाग एक महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन कर रहा है। इससे एक तरफ जहां जरूरतमंदों को रोटी उपलब्ध हो रही है वहीं दूसरी तरफ विश्वविद्यालय के विद्यार्थी दान करने का संस्कार सीख रहे हैं। उक्त बातें विश्वविद्यालय के कुलपति श्रीमती सुमन कैथरीन किसपोट्टा ने कही। वह शुक्रवार को राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित रोटी दान कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। कुलपति कार्यक्रम को देखकर बहुत भावुक हो गई। उन्होंने कहा कि मैं इससे पहले कभी ऐसा किसी कार्यक्रम को नहीं देखा है। मैं इस कार्यक्रम में शामिल होकर बहुत गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। मैं आशा करती हूं कि इस कार्यक्रम को विभाग आगे भी चलता रहेगा। विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने बताया कि 2015 से विभाग



समय-समय पर हजारीबाग रोटी बैंक को रोटी दान करता रहा है। इस कार्यक्रम के तहत दान करने वाले दिन विभाग के सभी एक रोटी कम खाते हैं। उसी रोटी को पूरी श्रद्धा के साथ दान करते हैं। इसके बाद विभाग के विद्यार्थी, शोधार्थी एवं शिक्षकों ने एक-एक रोटी, रोटी बैंक के कंटेनर में दान किया। इस अवसर पर कुलपति सुमन कैथरीन किसपोट्टा एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मोहम्मद मोख्तार आलम ने भी अपने तरफ से एक-एक रोटी दान किया। विभागीय शिक्षक डॉ मार्गरेट लकड़ा, इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ विकास कुमार, डॉ अजय बहादुर सिंह, विश्वविद्यालय के सहायक सचिव कुमार विकास, विभाग के शोधार्थी, इंस्पायर फेलो एवं चतुर्थ एवं द्वितीय समसत्र के विद्यार्थी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### केस को वापस लेने की मांग को लेकर उपायुक्त को आवेदन

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के महुदी गांव में रामनवमी के अष्टमी की रोज हुए रामनवमी महुदी मार्ग विवाद दर्ज केस को लेकर शुक्रवार को पूर्व विधायक लोकनाथ महतो के नेतृत्व में ग्रामीणों ने हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय से मुलाकात कर आवेदन सौपा है। आवेदन में नामजद सभी लोगों की गिरफ्तारी पर तत्काल रोक लगाते हुए केस को वापस लेने की मांग की गई है। इसके अलावा आवेदन में महुदी रामनवमी जुलूस विवाद मार्ग को लेकर कई बिंदुओं को रखा गया है।

## दबंगों ने चारदीवारी देकर विद्यालय का रास्ता किया बंद

संवाददाता

**कोडरमा :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम लरियाडिह में अवस्थित विद्यालय श्यामली पब्लिक स्कूल में दबंगो के द्वारा विद्यालय के मेन गेट में अपना ताला बंद कर दिया। साथ ही विद्यालय के गेट के सामने चारदीवारी दे दिया। घटना के भुक्तभोगी सत्यम कुमार सिंह पिता स्व० जय प्रकाश सिंह ग्राम पंचायत लरियाडिह ने बताया की मैं उक्त जगह का मूल निवासी हूँ। मैं अपने पुस्तैनी जमीन खाता संख्या 36 प्लॉट संख्या में निजी विद्यालय का संचालन करता हूँ। मेरी पुस्तैनी जमीन पर भू-माफियाओ - 1148 में निशात सिंह पिता किशोर सिंह उम्र लगभग 42 वर्ष (सरकारी शिक्षक), निशिकांत सिंह पिता किशोर सिंह उम्र




-40 लगभग,पंकज सिंह,पिता महेन्द्र सिंह उम्र 40 वर्ष लगभग होमगार्ड के पद पर सामाहारणालय में कार्यारत है। किशोर सिंह,पिता स्व. बाबूलाल सिंह,महेन्द्र सिंह पिता बाबूलाल सिंह, निरंजन सिंह पिता महेन्द्र सिंह इन सभी लोगो के द्वारा दिनांक 28-04-2024 को खउइ लगाकर हमारे विद्यालय परिसर का मेन गेट पर अपना ताला लगाकर बंद कर दिया। साथ ही मेन गेट के सामने ऊँची दिवार एवं गहरा गढ्ढा काट दिया। जिससे विद्यालय में आने-जाने का सारा रास्ता बंद हो गया। जिससे विद्यालय संचालन में व्याधन खडा हो गया है।जब उसको कार्य को बंद करने को कहा गया तो संख्या बल दिखाते हुऐ मेरे साथ गाली गलोज करने लगे।

एंव मारपीट करने के लिए दौडा जिसमे पंकज सिंह पिता महेन्द्र सिंह उम्र - 40 वर्ष जो समाहरणालय में उपायुक्त कार्यलय में होमगार्ड के पद पर कार्यरत है।जो मेरे ऊपर फावडा लेकर मारने के लिए दौडा और चिल्ला- चिल्लाकर मूझे धमकी देने लगा कि मैं उपायुक्त के कार्यलय मे होमगार्ड के पद पर कार्यरत हूँ। में तुम्हारा विद्यालय परिसर को ऊउ मैडम से कहकर बंद करवा दूँगा। और मुझे धमकी देता है कि तुम्हारी हत्या करके इसी विद्यालय के अंदर गाड़ दूँगा।मेरी पहुँच समाहरणालय में बहुत उच्च कोटि के पदधिकारियों से है। कोई मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। और साथ में निंशात सिह पिता - किशोर सिंह जो गरायडीह विद्यालय में सरकारी शिक्षक के पद पर कार्यरत है।

## माओवादी का मिला बंकर, नक्सलियों को पनाह देनेवाली महिला गिरफ्तार



संवाददाता

**पलामू :** नक्सलियों द्वारा लोकसभा चुनाव बहिष्कार से संबंधित पोस्टर लगाये जाने के बाद पुलिस की ओर से की गयी कार्रवाई में शुक्रवार को माओवादियों का बंकर बरामद किया गया। मौके से विस्फोटक समेत कई सामान बरामद किए गए। इस सिलसिले में माओवादी नक्सलियों को पनाह देने के आरोप में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के घाघरा हरही के इलाके में की गयी है। बुधवार की रात जिले के हुसैनाबाद-हैदरनगर, पांडू और मोहम्मदगंज में नक्सलियों के द्वारा लोस चुनाव का विरोध करते हुए पोस्टरबाजी की गयी थी। मामले में पुलिस की ओर से कार्रवाई की गयी। सर्च अभियान के दौरान घाघरा इलाके में पुलिस को एक बंकर मिला। बंकर से माओवादियों का पिठू बैग, 200 ग्राम बारूद, लैंड माइंस में इस्तेमाल होने वाली सामग्री, सोलर प्लेट, नक्सली जैकेट, लैंड माइंस में इस्तेमाल होने वाली बैट्री समेत कई सामान बरामद किए गए। दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि 15 लाख के इनामी नीतीश यादव की हुसैनाबाद इलाके में गतिविधि है। सूचना के आलोक में कार्रवाई करने पर सफलता मिली। घाघरा के हरही में अखिलेश यादव के घर के पास बंकर मिला। मौके से अखिलेश यादव की पत्नी अंजू देवी (40वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। अखिलेश यादव की पत्नी पर माओवादी जोनल कमांडर नीतीश यादव का संरक्षण देने का आरोप है।

## 521 किलो अफीम-डोडा बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता

**लातेहार :** एसपी अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि जिले के बरियातू थाना क्षेत्र अंतर्गत कुछ गांवों में नशीली दवाओं का कारोबार करने वाले तस्कर सक्रिय हो रहे हैं। इस सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर पुलिस की टीम ने बालूमाथ डीएसपी आशुतोष सत्यम के नेतृत्व में बरियातू थाना क्षेत्र के श्रीसमाध गांव में छापेमारी की। पुलिस की टीम ने जब भगत गंझू के घर छापेमारी की तो वहां से 521 किलो अफीम डोडा बरामद किया गया।बरामद डोडा की खुले बाजार में कीमत करीब 81 लाख रुपये है। इस दौरान पुलिस ने तस्कर भगत गंझू को भी गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को मामले की जानकारी



देते हुए बालूमाथ एसडीपीओ आशुतोष सत्यम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर 541 किलो अफीम डोडा बरामद किया है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि तस्कर गिरोह का सरगना गोल्डेन नामक व्यक्ति है जो बरियातू थाना क्षेत्र के शिबला गांव का रहने वाला है। इसके अलावा इस गिरोह में महेंद्र गंझू, गणेश गंझू आदि शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ में पता चला कि गोल्डेन गिरोह के अन्य तस्करों के माध्यम से अफीम डोडा का स्टॉक करवाता है। इसके बाद गोल्डेन उसे बाहर के बाजार में बेच देता है। एसडीपीओ ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। ज्ञात हो कि पुलिस ने इस साल अब तक तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए हैं. इधर, पुलिस की मुस्तैदी से घबराकर तस्कर गिरोह के लोगों ने जिले से अपना धंधा समेटना शुरू कर दिया है। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी राजा दिलावर समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी भी शामिल थे।

### मनीष जायसवाल ने 08 पंचयतो का दौरा कर किया जनसंपर्क

**चरही :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने नामांकन दाखिल करने के तीसरे दिन शुक्रवार को भीषण गर्मी में चुरचू प्रखंड क्षेत्र का तूफानी दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने चुरचू प्रखंड के दो दर्जन गांवों का तूफानी दौरा किया और लोगों से आगामी 20 मई को होने वाले हजारीबाग लोकसभा के चुनाव में भाजपा के पक्ष में कमल छाप पर मतदान करने की अपील की। 39 डिग्री सेल्सियस तापमान में मनीष जायसवाल के स्वागत में भाजपा और आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह चरम पर दिखा। हर क्षेत्र में मनीष जायसवाल को आशीर्वाद और समर्थन देने के लिए लोगों की अपार भीड़ जुटी।

## तेली समाज को सभी राजनीतिक दलों ने अछूत समझा रखा है : दिलीप निलेश

संवाददाता

**गुमला :** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक टोटो ग्राम के अंतर्गत तेली टोला के सामुदायिक भवन में हुई, इस बैठक में तेली टोला के तेली समाज के सभी लोगों एवं महिलाओं ने भारी भीड़ के साथ बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। बैठक को समाज के जिला अध्यक्ष दिलीप नीलेश ने सम्बोधित कर कहा कि तेली समाज को सभी राजनीतिक दलों ने अछूत समझ कर रखा है। एक खास राजनीतिक दल ने सिर्फ बंधुआ वोटर के रूप में दशकों से तेली समाज का शोषण किया है,अब समय आ



गया है इस अछूत मानसिकता का भरपूर जवाब देने का, इसलिए अब जो भी राजनीतिक दल तेली समाज को मान सम्मान देगा समाज उसी को समर्थन देगी, इस आह्वान का उपस्थित सभी लोगों एवं महिलाओं ने गगनभेदी नारों एवं तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया तथा सभी स्वजातीय बन्धुओं ने एक स्वर में संकल्प लिया कि समाज का हित के बारे में नेतृत्व जो भी फैसला लेगा सभी लोग एक एक कदमताल से करबद्ध होकर उसका पालन करेंगे। इस बैठक को समाज के जिला उपाध्यक्ष महेश कुमार लाल ने भी सम्बोधित किया और आह्वान किया कि चाहे भूखे रहना क्यों न पड़े अपना मान सम्मान को बरकरार रख कर एकजुट होकर इस बार तेली समाज उस राजनीतिक दल को वोट करेगा जो समाज को सम्मान देगा उसकी भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाएगा, समाज के जिला महामंत्री विनोद कुमार साह ने भी सम्बोधित कर समाजहित में अपने विचार व्यक्त किये। इस महत्वपूर्ण महाबैठक में जिला अध्यक्ष दिलीप नीलेश उपाध्यक्ष महेश कुमार लाल महामंत्री विनोद कुमार साह अशोक कुमार साहू रोहित कुमार सोनू साहू दीपक कुमार शारदा देवी सविता देवी सुनीता देवी संगीता देवी मधु देवी सीता देवी सुशांति देवी पूनम देवी चांदनी देवी उगन्ति देवी सुमित्रा देवी प्रतिमा देवी राधा देवी बसंती देवी मधु देवी उमा देवी मोहदरी देवी अनिता देवी सोनी देवी रीना देवी रेणु देवी बबिता देवी सरिता देवी सविता देवी बन्धइन देवी तेतरी देवी लीला देवी कुंती देवी फुलो देवी मुनिया देवी सुमन देवी हेमंती देवी सीता कुंवर रीना देवी एवं कमला देवी सहित भारी स्वजातीय महिलाएं उपस्थित थी।

### 50 महिला व युवती के बीच हेलमेट का वितरण

**हजारीबाग :** सामाजिक क्षेत्र में इनर व्हील क्लब का युवा पिछले कई वर्षों से अपनी एक अलग पहचान स्थापित कर रहा है प्रतिदिन समाज के प्रति कुछ अनोखा करने में अपनी भूमिका अदा करता है इसी बीच मंगलवार को मंगलवार को झील परिसर के समीप 50 महिलाओं एवं युवक्तियों के बीच निःशुल्क हेलमेट का वितरण किया गया, इस पूर्व 30 महिलाओं एवं युवक्तियों को भी हेलमेट का वितरण किया गया था। वाहन चलाते समय सभी सुरक्षित रहें इसी दृष्टिकोण से यह सेवा प्रदान की जा रही है इनर व्हील क्लब ऑफ युवा सामाजिक क्षेत्र में कई ऐसे सेवा प्रदान करता है जो समाज के प्रति काफी सराहनीय एवं प्रशंसा के काबिल होता है।

# गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के लिए अब तक आठ के पर्चे दाखिल

▸ पांचवे दिन 5 के नामांकन दाखिल



**संवाददाता**

**बोकारो** । 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र की अधिसूचना जारी होने के पांचवें दिन शुक्रवार को 5 उम्मीदवारों ने निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। इसमें दो उम्मीदवारों ने दूसरी बार नामांकन किया।

वही नाम निर्देशन के लिए कुल चार लोगों ने नामांकन प्रपत्र लिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र विजया जाधव के समक्ष नामांकन दाखिल करने वालों में गेन्दनावाडीह तोपचांची, धनबाद निवासी निर्दलीय प्रत्याशी द्वारका प्रसाद, महुआटांड गिरिडीह के निर्दलीय प्रत्याशी रामेश्वर दुसाध, सिदुबारटांड जरीडीह के निर्दलीय प्रत्याशी सुनीता टुडू, कटनियां टुण्डी धनबाद के पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) पार्टी के प्रमोद राम व बेरहासुयाडीह गिरिडीह के निर्दलीय प्रत्याशी सुबोध कुमार यादव शामिल है। वहीं, नामांकन प्रपत्र खरीदने वालों में पार्टी - लोकहित अधिकार पार्टीद से सोनाटाड़ बोकारो के ज्ञानेश्वर प्रसाद, सोनाटांड, पो. बीएस सिटी, जिला बोकारो, लालडीह बलियापुर, धनबाद के उषा देवी, आल इंडिया फारवर्ड ब्लाक जीतपुर हरिहरपुर, जिला धनबाद के जयराम महतो, फुसरो वार्ड संख्या 06 के पूजा कुमारी शामिल रहे। ज्ञात हो कि, 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र में अब तक कुल 22 लोगों ने नामांकन प्रपत्र लिया है, जबकि कुल 08 उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया है।

## स्कूली बच्चों के लिए स्वास्थ्य जागरुकता कार्यशाला आयोजित



**बोकारो थर्मल** । बोकारो थर्मल स्थित कार्मेल हिंदी मीडियम स्कूल में शुक्रवार को स्कूली बच्चों के लिए स्वास्थ्य जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन स्कूल की प्रधानाध्यापिका सिस्टर जॉयस कुल्लू एवं बतौर वक्ता डेंटल सर्जन डॉ छाया कुमारी ने किया। कार्यशाला में डॉ छाया ने स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों को शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक,आध्यात्मिक, मौखिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य के बारे में चर्चा करते हुए जानकारी दी, साथ ही उन्हें स्वच्छता एवं स्वच्छ रहने के बारे में जानकारी देते हुए पौष्टिक आहार, समय पर खान-पान एवं बहुमुखी विकास हेतु स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना जैसी बातें भी बताईं। उन्होंने स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए संतुलित आहार, वृद्धि और विकास के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने युवा मन को संतुलित आहार के बारे में भी बताया और स्वस्थ आहार के सेवन के महत्व पर प्रकाश डाला और लड़कों और लड़कियों दोनों के लिए शारीरिक और शारीरिक रूप से होने वाले विकास और परिवर्तनों के बारे में बताया। डॉ ने छात्रों और स्कूल शिक्षकों के प्रश्नों का भी समाधान किया और उनकी शंकाओं का समाधान किया।

## संक्षिप्त

### नशे में युवक ने कर ली खुदकुशी

**बोकारो** । बोकारो में इन दिनों खुदकुशी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। जिले के पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत चाकुलिया टोला कुमीर्डीह निवासी भीम रजवार (23) ने गुरुवार की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पिंड्राजोरा पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। इस संबंध में पुलिस यूडी केस दर्ज कर आगे की कारवाई में जुट गई है। बताया जाता है कि गुरुवार की रात मृतक भीम रजवार के बड़े चाचा के पुत्र का शादी समारोह चल रहा था। इसी बीच वह शराब के नशे में आकर अपनी मां से पैसे की मांग करने लगा। मां ने जब मना किया तो उसके साथ मारने-पीटने पर उतारू हो गया। हो-हल्ला सुनने पर घर के लोगों ने समझाया और शांत रहने को कहा कुछ देर बाद उसे किसी ने नहीं देखा तो अन्य आशंका की डर से रात के ग्यारह बजे के समय आस पास के खेतों में खोजा गया, परंतु वह कहीं नहीं मिला। शुक्रवार को मांझीहीर नामक एक खेत में लगे एकासिया पेड़ पर उसका शव को लटकता हुआ पाया गया।

### गोमिया में बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**बोकारो**। जिले के गोमिया अंचल अंतर्गत महुआटांड़ थाना के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध खनन के रोकथाम को लेकर छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान कानीडीह स्थित दामोदर बालू घाट से एक ट्रैक्टर को अवैध रूप से बालू का उत्खनन करते हुए पकड़ा गया, जिसे जब्त कर पुलिस बल के सहयोग से थाना लाया गया और संबंधित के विरुद्ध थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। इस अभियान में खान निरीक्षक जितेन्द्र कुमार, थाना प्रभारी रंजीत कुमार एवं पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### प्रशिक्षण का कर्यक्रम आयोजित

**बोकारो थर्मल** । बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी हॉस्पिटल में लू से बचाव और उसके उपचार को लेकर एक प्रशिक्षण का आयोजन शुक्रवार को हॉस्पिटल परिसर में किया गया। प्रशिक्षण शिविर में हॉस्पिटल के डीजीएम हेल्थ डॉ संजय कुमार, डॉ एसके झा, डॉ संगीता रानी, डॉ सतीश कुमार, डॉ बी सुदर्शन सहित सभी कर्मी शामिल हुए। लू से बचाव और उसके उपचार को लेकर डॉ राघव रंजन ने प्रशिक्षण में बताया कि भीषण गर्मी में लू लगने से बीमार होने के कई मामले सामने आते हैं, जिससे कुछ सावधानियां बरत कर बची जा सकती है। कहा कि लू लगने के लक्षणों में जोर का प्यास लगना, शरीर का तापमान बढ़ा हुआ होना, जी मिचलाना, चक्कर आना, अधिक पसीना आना, सिर में भारीपन लगना तथा रक्त चाप का कम होना शामिल है। डॉ ने कहा कि इसके उपचार के लिए मरीज को तत्काल पंखे के नीचे या छायेदार स्थान पर लिटाना चाहिए, ढ़ीला कपड़ा पहनना चाहिए, शरीर को गीले कपड़े से पोछकर नींबू का पानी नमक के साथ मिलाकर पिलाना चाहिए, पानी पिलाने का काम करना चाहिए, साथ ही हल्की मालिश करनी चाहिए।

### न्यूवोको के कर्मचारी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जमशेदपुर**। जमशेदपुर के कदमा थाना अंतर्गत रामनगर रोड नंबर 2 स्थित मित्तल टावर निवासी सिद्धार्थ चौधरी (40) ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह सिद्धार्थ का शव फ्लैट के बालकनी में पंखे से लटका पाया गया। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इधर, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सिद्धार्थ न्यूवोको कंपनी में कार्यरत था। इस संबंध नें मृतक के पिता ओमप्रकाश चौधरी के बयान पर अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज कराया गया है। पिता ने शिकायत में बताया है कि गुरुवार लगभग 8 बजे बिष्टुपुर स्थित कंपनी के कार्यालय से निकलकर सिद्धार्थ घर पहुंचा। जिसके बाद खाना खाकर बालकनी में चला गया। साथ ही मैं पत्नी के साथ कमरे में सोने चला गया।

# मिथिला महिला समिति ने किया ड्रिंक प्रतियोगिता का आयोजन

**संवाददाता**

**बोकारो** । सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद, बोकारो की इकाई मिथिला महिला समिति द्वारा समर ड्रिंक (ग्रीष्मकालीन पेय) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



परिषद द्वारा संचालित सेक्टर 4 ई स्थित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के विद्यापति सभागार में गुरुवार की शाम आयोजित इस प्रतियोगिता में मिथिला महिला समिति की सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतिभागियों का स्वागत समिति की अध्यक्ष सीमा झा एवं सांस्कृतिक सचिव बीनू चौधरी ने किया। उन्होंने आगामी 17 मई को मिथिला सांस्कृतिक परिषद व मिथिला महिला समिति द्वारा मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के सभागार में जानकी (सीता) नवमी भव्यता पूर्वक मनाने के बारे में भी चर्चा की।

समर ड्रिंक प्रतियोगिता में चंदा चौधरी को प्रथम, मधुबाला झा को द्वितीय व गुड़िया झा को तृतीय स्थान का पुरस्कार मिला। प्रेरणा ओझा चतुर्थ और रेणुका एवं बबीता झा पांचवें स्थान पर रहीं। अमिता झा, नमिता झा, भारती झा, सुशीला रानी, कुमकुम झा, लीला सिंहा, मधु ठाकुर को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता की जज इंदिरा झा, सविता मिश्रा, आभा झा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर किरण मिश्रा, आशा झा, डॉ मंजू झा, पूनम झा, आशा पाठक, प्रतिभा झा, सुशीला रानी आदि उपस्थित रहीं।

# बेकाबू कार सड़क किनारे खड़ी गाड़ी से टकराई, बच्चों सहित 10 लोग घायल

## बोकारो के पेटरवार तेनु चौक की घटना, रजरप्पा से धनबाद लौट रहे थे लोग

**संवाददाता**

**बोकारो** । जिले के पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची-बोकारो मुख्य मार्ग (एनएच 23) पर पेटरवार तेनु चौक स्थित पेट्रोल पंप के समीप सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के पांच बच्चे समेत 10 लोग घायल हो गए। इसमें गंभीर रूप से घायल दो महिलाओं को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बोकारो रेफर कर दिया गया। घटना शुक्रवार शाम लगभग साढ़े चार की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चार पहिया वाहन संख्या (जेएच10 सी पी3812) में सवार होकर धनबाद जिला के झरिया निवासी सिकंदर तांती (50), जितेंद्र कुमार (40), प्रियंका देवी (28) रूपा देवी (35), डॉली कुमारी (11), माही कुमारी (13), लकी कुमार (6), ऋषि राजश्री (5),बीरू रजक (6), संध्या कुमारी (21) रामगढ़ जिला के गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत रजरप्पा पूजा अर्चना करने के लिए गए हुए थे।



बताया जाता है कि शादी समारोह से शामिल होकर वापस धनबाद जिला के झरिया स्थित अपने आवास जा रहे थे। इसी दौरान रजरप्पा से धनबाद जाने के क्रम में तेनु चौक के समीप पेट्रोल पंप के पास हाइवा द्वारा चकमा दिए जाने के कारण तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी एक चार पहिया गाड़ी (जेएच09 बीडी5412) से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। इस सड़क दुर्घटना में दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं बच्चों समेत अन्य लोगों को हल्की चोट लगी है, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेटरवार में भर्ती किया गया। वहां चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया और गंभीर रूप से घायल दो महिलाओं को सदर अस्पताल बोकारो रेफर कर दिया गया।

# परमात्मा हमारे हृदय में बसते हैं : आचार्य रूद्र कृष्ण



**संवाददाता**

**बोकारो** । संडे बाजार छोटा क्वार्टर दुर्गा मंदिर प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण में श्रीधाम वृंदावन से आए कथा वाचक आचार्य रूद्र कृष्ण महाराज ने राजा बलि की कथा श्रवण कराया, जिसमें बावन अवतार का भी दर्शन कराया गया। उन्होंने कहा कि जीवन में अच्छे रास्ते पर जाना है तो संकल्प लेना जरूरी है।

हर बच्चे को अपने माता-पिता की बातें माननी चाहिए और सबसे बड़ा भगवान माता-पिता ही होते हैं। जिनके ऊपर माता-पिता का आशीर्वाद है, उन्हें संसार में सब कुछ प्राप्त है। साथ-साथ हर एक माता-पिता को चाहिए कि अपने साथ अपने बच्चों को भागवत कथा सत्संग हो, कीर्तन हो, अपने साथ जरूर लाएं। क्योंकि धर्म की कथा सुनने से बच्चों में संस्कार अच्छा आता है। अपने जीवन को कृतार्थ करने के लिए भगवान के प्रति अन्य विश्वास रखता है।

इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के एक-एक शब्द अमृत के समान है। इस कथा में आकर्षक झांकी का भी आयोजन किया गया। पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में वहां की कमेटी काफी सक्रिय दिखी।

# जयराम की गिरफ्तारी को लेकर एसआईटी गठित

## नामांकन में प्रस्तावकों के हस्ताक्षर संदेहास्पद, वैध आईडी प्रूफ के साथ प्रस्तावकों को भी बुलाया

▸ निर्वाची पदाधिकारी ने 7 को किया तलब

**संवाददाता**

**बोकारो** । नामांकन के बाद चुनावी सभा के बीच से ही पुलिस हिरासत से फरार हो चुके गिरिडीह निर्वाचन क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी जयराम महतो की गिरफ्तारी के लिए बोकारो पुलिस लगातार प्रयासरत है। इसके लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है और एसआईटी लगातार धनबाद और बोकारो में छापेमारी कर रही है, लेकिन पुलिस के हाथ समाचार लिखे जाने तक खाली ही हैं। इधर, गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र की निवार्ची पदाधिकारी सह बोकारो की उपायुक्त विजया जाधव की ओर से शुक्रवार को एक नोटिस जारी कर जयराम को सात मई को हाजिर होने को कहा है। उक्त नोटिस में कहा गया है - ग्राम मानटांड़ तोपचांची धनबाद के रहने वाले निर्दलीय प्रत्याशी जयराम महतो को सूचित किया जाता है कि एक मई को तीन सेट में जमा किए गए नामांकन पर्चा में आपके द्वारा समर्पित नाम निर्देशन पत्र में उल्लेखित प्रस्तावकों में से सभी का हस्ताक्षर संदेहास्पद प्रतीत हो रहा है। इसका सत्यापन करना आवश्यक है। इस संबंध में सात मई को उल्लेखित सभी प्रस्तावकों व उनके वैध पहचान पत्र के साथ निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष सुबह 11 से दोपहर 12.30 बजे के बीच उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। उक्त नोटिस से जाहिर हो रहा है कि सत्यापन करने के लिए आने पर जयराम महतो की गिरफ्तारी हो सकती है। फिलहाल पुलिस अंधेरे में लाठी भांज रही है। हालांकि दो मई को इसी मामले में आईजी माइकल राज ने बोकारो पुलिस से मामले से संबंधित जानकारी ली थी। उल्लेखनीय है कि एक मई को ग्राम मानटांड़ तोपचांची धनबाद के रहने वाले जयराम महतो ने बोकारो जिला निर्वाचन कार्यालय में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करने अपने समर्थकों के साथ पहुंचे थे। नामांकन पर्चा दाखिल करने के समय रांची की विधानसभा थाना (नगड़ी ओपी) में 2022 में किए गए विधानसभा घेराव के मामले में गिरफ्तार करने के लिए पहुंची थी। लेकिन लाख पुलिस की घेराबंदी के बावजूद जयराम महतो पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। इसके बाद बोकारो पुलिस एसआईटी गठित कर रात भर छापेमारी में जुटी रही, लेकिन जयराम तो नहीं मिलें, उनके कई समर्थकों को गिरफ्तार किया गया। इनमें से धनबाद के तीन समर्थकों को बीएस सिटी थाना पुलिस ने जेल भेजा। पुलिस ने जयराम महतो को फरार घोषित कर प्राथमिकी दर्ज की और जयराम सहित 11 लोगों पर गिरफ्तारी में अवरोध उत्पन्न करने का आरोप लगाया। इसमें बचे सभी लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। मामले में पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश का कहना है कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी जयराम महतो के मामले में बोकारो पुलिस जांच कर रही है। इसके लिए पुलिस टीम काम कर रही है। मामले की पूरी जांच के बाद नियम संगत कार्रवाई की जाएगी।

# जिला उपाध्यक्ष जेपी द्विवेदी ने छोड़ी कांग्रेस, भाजपा ने लगाया गले

**संवाददाता**



**बोकारो** । धनबाद लोकसभा क्षेत्र से बेरमो विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को कांग्रेस का उम्मीदवार बनाए जाने के बाद से लेकर पार्टी में अंतर्कलह थमता नजर नहीं आ रहा है। इसी कड़ी में कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं दी सिटी सेंटर ट्रेडर्स एसोसिएशन के महासचिव ज्योति प्रकाश द्विवेदी ने भी कांग्रेस को अलविदा कह दिया। पिछले 30 वर्षों से कांग्रेस में सक्रिय राजनीति से जुड़े ज्योति प्रकाश की यह बगावत जिले में पार्टी के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। छात्रसंघ, युवा मोर्चा, सेवा दल से वह जुड़े रहे और मौजूदा जिला कमिटी में उपाध्यक्ष पद पर थे। एक खास बातचीत में ज्योति ने बताया कि विगत कुछ समय से पार्टी में सामंजस्य नहीं बन पा रहा था। दो दिन पूर्व बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में लोकसभा चुनाव के संदर्भ में हुई बैठक के दौरान अनूप सिंह ने अमर्यादित और धमकी भरे के लहजे में काफी बातें कहीं, जिससे अपनी नाराजगी जताते हुए उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष को सूचित कर दिया और पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पद सहित प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया। तदुपरांत अपने सैकड़ों साथियों के साथ बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। धनबाद भाजपा प्रत्याशी सह विधायक ढुल्लू महतो एवं बोकारो विधायक बिरंची नारायण के द्वारा अंगवस्त्र पहनाकर भाजपा में उनका स्वागत किया गया।

उन्होंने कहा कि भाजपा के नीति व सिद्धांत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी कार्यों से वह काफी प्रभावित हुए हैं। उनके साथ भाजपा का दामन थामने वालों में अनीत सिंह दांगी, निकेश उपाध्याय, बिनोद पांडेय, मोनू कुमार, प्रशांत द्विवेदी, अनीश कुमार, शंकर मरांडी, मदन हांसदा, आनंदलाल महतो, सौरव रस्तोगी, विपिन अग्रवाल, उमेश सिंह, रितेश सिंह, अमरेंद्र कुमार, आनंद सोरेन, संजय कुमार आदि शामिल थे। गौरतलब है कि अनुपमा सिंह को दिए जाने के विरुद्ध पार्टी के बोकारो जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम दुबे एवं पूर्व महासचिव सह वर्तमान आजीवन सदस्य अनिल सिंह ने इसके पूर्व नाराजगी जताते हुए अपना इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने टिकट की सौदेबाजी का आरोप भी जड़ा था। धनबाद में कांग्रेस के दिग्गज नेता ललन चौबे ने भी पार्टी को इसी मुद्दे को लेकर अलविदा कह दिया था। इसके अलावा, अन्य कई कार्यकताओं ने भी कांग्रेस की नीति पर असंतोष जताते हुए पार्टी से मुंह मोड़ लिया। जाहिर है, चुनाव से पहले ऐसी भगदड़ और पार्टी का कुनबा समेटकर रखना एक बड़ी चुनौती से कम नहीं।

# बोकारो स्टील प्लांट के ब्राउनफील्ड विस्तारीकरण के लिए प्रमुख हितधारकों और बिडर्स के बीच शिखर सम्मेलन का आयोजन

**संवाददाता**

**बोकारो** : बोकारो स्टील प्लांट के ब्राउनफील्ड विस्तारीकरण के लिए प्रमुख हितधारकों और बिडर्स के शुक्रवार को शिखर सम्मेलन का आयोजन मानव संसाधन विभाग के मेन ऑडिटोरियम में किया गया। सम्मलेन का शुभारंभ श्रीमती अनिमा कुशवाहा, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाएं) के स्वागत भाषण तथा अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) के द्वारा सहयोगात्मक सफलता की ओर विषय के अंतर्गत साझा की गई अंतर्दृष्टि के साथ शिखर सम्मेलन को औपचारिक रूप से शुरू किया गया। अनूप कुमार अधिशासी निदेशक (कोलियरीज), एस मुखोपाध्याय अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) भिलाई स्टील प्लांट, आलोक वर्मा अधिशासी निदेशक (माइंस) ओजीएम, एस के वर्मा अधिशासी निदेशक (सी ई टी), तरुण मिश्रा अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राउरकेला स्टील प्लांट तथा पी के रथ अधिशासी निदेशक (एस आर यू) शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में शामिल थे। शिखर सम्मेलन का प्राथमिक उद्देश्य बिडर्स, प्रमुख हितधारकों, सलाहकार और बीएसएल के बीच ब्राउनफील्ड विस्तारीकरण की लागत, निष्पादन समय सीमा, और समय पर परियोजना के लिए इष्टतम कार्यान्वयन रणनीति निर्धारित करना है।



कार्यक्रम में बीएसएल के महाप्रबंधक (ब्राउनफील्ड विस्तार) नरेश कुमार बेहरा तथा मेसर्स एमएन दस्तूर के प्रतिनिधि के द्वारा कच्चे माल से स्टील बनाने और डायरेक्ट रोलिंग जैसे प्रमुख विषयों पर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डी पी आर) का प्रस्तुतीकरण किया गया। पी एच शर्मा मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाएं) एस पी दास महा प्रबंधक(सी ई टी) तथा एम टी राव, मुख्य महाप्रबंधक(परियोजनाएं) सेल निगमित कार्यालय ने पैनल चचाओं में अपना अहम योगदान किया।

बीएसएल के विस्तार के लक्ष्य में 4500 मीटर क्यूब का ब्लास्ट फर्नेस, 165-टन कैपेसिटी का दो बेसिक ऑक्सीजन फर्नेस (बी ओ एफ), सिंगल स्ट्रैंड का स्लैब कॉस्टर तथा डायरेक्ट रोलिंग जैसी प्रमुख इकाइयां स्थापित करना शामिल है। इसके अतिरिक्त कच्चे माल के भंडारण और हैंडलिंग की सुविधाओं में वृद्धि तथा इसकी सहायक प्रणाली का विस्तारीकरण करके कुशल परियोजना निष्पादन की योजना है। आज के शिखर सम्मेलन ने सभी प्रतिभागियों को स्टील बनाने के लिए रणनीतिक रूप से कच्चे माल की उपलब्धता की योजना बनाना, नवोन्मेषी परियोजना प्रबंधन को अपनाना तथा समयबद्ध तरीके से परियोजना को पूरा करने के चर्चा के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। कार्यक्रम के समापन सत्र में बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि सेल - बोकारो सहित देश की अन्य इस्पात कंपनियां भी अपनी क्षमता विस्तार की प्रक्रिया में है, जो देश के भविष्य की मांग के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि इस अहम कार्य की सफलता के लिए सभी सम्बंधित पक्षों के बीच कार्य योजना के विषय में स्पष्टता और सामंजस्य आवश्यक है।

# डीवीसी में कार्यालय कार्य शत-प्रतिशत हिन्दी में ही करें : मनोज कुमार ठाकुर

**चंद्रपुरा** । दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र में शत प्रतिशत हिंदी में ही कार्यालय कार्य किए जाने का निर्णय लिया गया है। शुक्रवार को तेजस भवन के सम्मेलन कक्ष में इस बाबत राजभाषा नोडल अधिकारियों और सभी विभाग के अध्यक्ष की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर ने की। बैठक को संबोधित करते हुए श्री ठाकुर ने उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे सभी कार्यालय कार्यों का निपटारा हिंदी में ही करें। बैठक में हिंदी पत्रों का जवाब हिंदी में ही देने, मूल पत्राचार के अधीन और भेजें जाने वाले पत्र हिंदी में भेजा जाना सुनिश्चित करने, ई ऑफिस में नोटिंग हिंदी में प्रस्तुत करने, सर्विस बुक और नोट शीट में की जाने वाली नोटिंग हिंदी में ही करने आदि पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन हिंदी अधिकारी रवि सिन्हा ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक रामप्रवेश साह, उप महाप्रबंधक राजीव रंजन ओझा, संजीव कुमार, दिलीप कुमार, ललन प्रसाद गुप्ता, राजकुमार चौधरी, श्वेता रानी , मुकेश कुमार, अजय कुमार, प्रतिमा खालको श्रीवत्स, सुनीता कमारी, संजीव कुमार, अक्षय कुमार, आर के निराला, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, वसंत कुमार महापात्रा, प्रदीप श्रीवास्तव, बलदेव राम, रामजी रजक आदि उपस्थित थे।

# हिंदू विवाह पर सर्वोच्च अदालत का फैसला स्वागतयोग्य



ललित गर्ग

हाल के वर्षों में, भारत में हिन्दू विवाह परम्परा एवं संस्कृति से अनेक विसंगतियां एवं विकृतियां जुड़ गयी है, डेटिंग संस्कृति की शुरूआत के साथ, लव-मेरिज का प्रचलन बढ़ा है। संभावित दूल्हा और दुल्हन अपने दम पर जीवनसाथी चुनना पसंद करते हैं। आज के रोमांटिक-रिश्ते वास्तव में विवाह नहीं हैं, बल्कि एक नई प्रथा है, जिसके विपरीत प्रभाव से परिवार-संस्था बिखरने लगी है। विवाह के साथ प्रीवेडिंग का प्रचलन भी अनेक विकृतियों का वाहक बना है, बड़े-बडे. भव्य आयोजन एवं होटल संस्कृति ने भी विवाह की पवित्रता को धुंधलाया है। आयोजनों में शराब एवं अन्य नशों का बड़ा प्रचलन भी दुर्घटनाओं का कारण बना है। जिनके कारण विवाह होने से पहले ही उसमें दरारें पड़ते हुए देखी गयी है।

देश की सर्वोच्च अदालत ने हिन्दू विवाह को लेकर बड़ा फैसला देकर न केवल हिन्दू विवाह के संस्कारों एवं पारंपरिक रिवाजों को पुष्ट किया है बल्कि उन्हें कानूनी दृष्टि से आवश्यक स्वीकार किया है। आज जबकि हिन्दू विवाह की पवित्रता एवं परम्परा तथाकथित आधुनिक जीवन एवं प्रभाव के कारण धुंधली होती जा रही है, पाश्चात्य संस्कृति की आंधी में हिन्दू विवाह की पवित्रता समाज में समय के साथ घटी है और उसमें सुधार एवं सुदृढ़ता की जरूरत है। जो लोग विवाह को मात्र एक पंजीकरण मानते हैं, उन्हें चेत जाना चाहिए। उन्हें सात फेरों का अर्थ समझना होगा। बिना सात फेरों, हिन्दू रीति-रिवाजों एवं वैवाहिक आयोजनों के कोर्ट की दृष्टि में भी विवाह मान्य नहीं होगा। हिंदू विवाह पर कोर्ट का ताजा फैसला न केवल स्वागतयोग्य है बल्कि इसके दूरगामी परिणाम सुखद होंगे। इससे हिन्दू संस्कृति एवं संस्कारों को बल मिलेगा। पारिवारिक-संस्था को मजबूती मिलेगी।

हिंदू विवाह से जुड़ा यह फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शादी ह्यगाने और डांसह्ल, ह्यशराब पीने और खानेह्ल का आयोजन या अनुचित दबाव डालकर दहेज और गिफ्ट्स की मांग करने का मौका नहीं है। विवाह कमर्शियल ट्रांजैक्शन नहीं है। यह एक गंभीर बुनियादी सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजन है, जिसे एक पुरुष और एक महिला के बीच संबंध बनाने के लिए मनाया जाता है, जो भविष्य में एक अच्छे परिवार के लिए पति और पत्नी का दर्जा प्राप्त करते हैं। यह भारतीय हिन्दू समाज-व्यवस्था की एक बुनियादी इकाई एवं मजबूत सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयाम है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि बिना सात फेरों के हिन्दू विवाह को मान्यता नहीं मिल सकती है अर्थात शादी के लिए हिन्दू विवाह अधिनियम में जो नियम और प्रावधान बनाए गए हैं उसका पालन करना होगा। इस तरह कोर्ट ने अपने फैसले में हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत हिंदू विवाह की कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट किया है। अधिनियम के अनुसार, एक हिंदू विवाह किसी भी पक्ष के पारंपरिक संस्कारों और समारोहों के अनुसार संपन्न किया जाएगा। समारोहों में सप्तपदी (दूल्हा और दुल्हन द्वारा पवित्र अग्नि के चारों ओर संयुक्त रूप से सात कदम उठाना) शामिल है, और जब वे सातवां चरण एक साथ लेते हैं तो विवाह पूर्ण और बाध्यकारी हो जाता है। कुल मिलाकर हिन्दू विवाह एक संस्था है, संस्कार है और विवाह कोई व्यावसायिक लेन-देन नहीं है।

कोर्ट ने जोर दिया है कि हिंदू विवाह की वैधता के लिए



सप्तपदी (पवित्र अग्नि के चारों ओर सात फेरे) जैसे उचित संस्कार और उससे जुड़े समारोह जरूरी है। विवाद की स्थिति में समारोह के प्रमाण पेश करना जरूरी है। कोर्ट की सात फेरों और उससे जुड़े समारोह का मूल्य समझाने की यह कोशिश हिन्दू विवाह को न केवल मजबूती प्रदान करेंगी बल्कि आधुनिकता की आंधी में धुंधलाते मूल्यों को नियंत्रित करने का काम करेगी। इसमें कोई शक नहीं कि विवाह संस्कार का मूल महत्व पहले की तुलना में कम हुआ है, अब विवाह बहुतों के लिए एक दिखावा, मजबूरी या समझौता भर रह गया है। न्यायमूर्ति बी नागरत्ना ने अपने प्रासंगिक एवं उपयोगी फैसले में बिल्कुल सही कहा है कि हिंदू विवाह एक संस्कार है, जिसे भारतीय समाज में एक महान मूल्य की संस्था के रूप में दर्जा दिया जाना चाहिए। पारंपरिक संस्कारों या सात फेरों जैसी रीतियों के बिना हुए विवाह को हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 7 के अनुसार हिंदू विवाह नहीं माना जाएगा। इस वजह से कोर्ट ने युवा पुरुषों और महिलाओं से आग्रह किया हैं कि वो विवाह की संस्था में प्रवेश करने से पहले इसके बारे में गहराई से सोचें और भारतीय समाज में उक्त संस्था कितनी पवित्र है, इस पर विचार करें।

प्रश्न है कि हिन्दू विवाह को लेकर कोर्ट को जागरूक होने एवं हिन्दू संस्कारों को मजबूती देने की जरूरत क्यों पड़ी? हिन्दू विवाह से जुड़े संस्कारों एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों को लेकर अनेक मामले कोर्ट की चौखट पर आते रहे हैं, हर बार कोर्ट सजगता, दूरदर्शिता एवं विवेक से विवाह-संस्था से जुड़े मामलों पर अपना नजरिया प्रस्तुत करती रही है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पिछले दिनों यह माना कि हिंदू विवाह अधिनियम के अनुसार, हिंदू विवाह को संपन्न करने के लिए कन्यादान का समारोह जरूरी नहीं है। उस फैसले में भी सप्तपदी के महत्व को दशार्या गया था। मध्यप्रदेश की एक परिवार अदालत के फैसले में महिला पक्ष को यह समझाया गया था कि सिंदूर लगाना एक विवाहित हिंदू महिला का धार्मिक कर्तव्य होता है। सर्वोच्च न्यायालय के ताजा फैसले में ऐसी ही समझाइश की कोशिश झलकती है। कुल मिलाकर, न्यायालय का संदेश यह है कि फिजूल के तमाशे-दिखावे से बचते हुए विवाह के मूल अर्थ को समझना चाहिए। हिंदू विवाह को लेकर अब ज्यादा स्पष्टता की जरूरत है और विशेषतः हिन्दू संस्कारों एवं संस्कृति को बल देने की भी। क्योंकि भारत में परिवार संस्था कायम है तो इसका कारण हिन्दू संस्कार एवं परम्पराएं ही हैं। इस तरह कोर्ट ने अपने फैसले में हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत हिंदू विवाह की कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट किया है।

हिन्दू विवाह एक आदर्श परम्परा एवं संस्कार है। हिंदू धर्म में विवाह को सोलह संस्कारों में से एक संस्कार माना गया है। विवाह = वि $ वाह, अतः इसका शाब्दिक अर्थ है - विशेष रूप से उत्तरदायित्व का वहन करना। पाणिग्रहण संस्कार को सामान्य रूप से हिंदू विवाह के नाम से जाना जाता है। अन्य धर्मों में विवाह पति और पत्नी के बीच एक प्रकार का करार होता है जिसे विशेष परिस्थितियों में तोड़ा भी जा सकता है परंतु हिंदू विवाह पति और पत्नी क बीच जन्म-जन्मांतरों का सम्बंध होता है जिसे किसी भी परिस्थिति में नहीं तोड़ा जा सकता। अग्नि के सात फेरे लेकर और ध्रूव तारा को साक्षी मान कर दो तन, मन तथा आत्मा एक पवित्र बंधन में बंध जाते हैं। यह दो परिवारों का भी मिलन है। हिंदू विवाह में पति और पत्नी के बीच शारीरिक संम्बंध से अधिक आत्मिक संम्बंध होता है और इस सम्बंध को अत्यंत पवित्र माना गया है।

हिन्दू विवाह का न केवल पारिवारिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व है, बल्कि उसका गहन आध्यात्मिक महत्व भी है। हिंदू धर्म ने चार पुरुषार्थ (जीवन की चार बुनियादी खोज), यानी धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष निर्धारित किया है। विवाह संस्कार का उद्देश्य ह्यकामह्ल के पुरुषार्थ को पूरा करना और फिर धीरे-धीरे ह्यमोक्षह्ल की ओर बढ़ना है। एक पुरुष और महिला के जीवन में कई महत्वपूर्ण चीजें शादी से जुड़ी होती हैं; उदाहरण के लिए, पुरुष और महिला के बीच प्यार, उनका रिश्ता, संतान, उनके माता-पिता, उनके जीवन में विभिन्न सुखद घटनाएं, सामाजिक स्थिति और समृद्धि। हिंदू समाज में एक विवाहित महिला को अत्यंत सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। उसके माथे पर कुमकुम-सिन्दूर के साथ एक महिला की दृष्टि, उसके गले में एक मंगलसूत्र पहने हुए, हरी चूड़ियाँ, पैर के अंगूठे के छल्ले और छह या नौ-यार्ड साड़ी स्वचालित रूप से एक पर्यवेक्षक के मन में उसके लिए सम्मान उत्पन्न करता है। हिंदू विवाह के सात वचनों में से, कम से कम तीन ऐसे हैं, जहां जोडे अपने बुजुर्गों की देखभाल करने का वादा करते हैं। पांचवां वचन अपनी संतान पैदा करने और उसकी देखभाल करने का है।

हाल के वर्षों में, भारत में हिन्दू विवाह परम्परा एवं संस्कृति से अनेक विसंगतियां एवं विकृतियां जुड़ गयी है, डेटिंग संस्कृति की शुरूआत के साथ, लव-मेरिज का प्रचलन बढ़ा है। संभावित दूल्हा और दुल्हन अपने दम पर जीवनसाथी चुनना पसंद करते हैं। आज के रोमांटिक-रिश्ते वास्तव में विवाह नहीं हैं, बल्कि एक नई प्रथा है, जिसके विपरीत प्रभाव से परिवार-संस्था बिखरने लगी है। विवाह के साथ प्रीवेडिंग का प्रचलन भी अनेक विकृतियों का वाहक बना है, बड़े-बडे. भव्य आयोजन एवं होटल संस्कृति ने भी विवाह की पवित्रता को धुंधलाया है। आयोजनों में शराब एवं अन्य नशों का बड़ा प्रचलन भी दुर्घटनाओं का कारण बना है। जिनके कारण विवाह होने से पहले ही उसमें दरारें पड़ते हुए देखी गयी है।

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

## संपादकीय

### आदर्श संहिता उल्लंघन मामले में पहली कार्रवाई

निर्वाचन आयोग ने प्रधानमंत्री के बांसवाड़ा में दिए भाषण पर भाजपा से जवाब मांगा है। कांग्रेस और वामदलों ने नरेन्द्र मोदी के भाषण को विभाजनकारी और महाहानिकर बताते हुए आयोग से शिकायत की थी। इसी पर संज्ञान लेते हुए आयोग ने नोटिस दिया है। किसी पदेन प्रधानमंत्री के विरु द्ध आदर्श संहिता उल्लंघन मामले में यह पहली कार्रवाई है। आयोग का अपनी याददाश्त के आधार पर ऐसा दावा है। दूसरी तरफ, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और उनकी पार्टी के नेता राहुल गांधी के विरु द्ध भाजपा की शिकायतों पर जवाब मांगा गया है। ये जवाब 29 अप्रैल तक दिए जाने हैं। इस तरह से आयोग ने निष्पक्षता एवं पारदर्शिता का एक कठिन पड़ाव पार कर लिया है। उसे इसका श्रेय मिलना चाहिए कि उसने संहिता उल्लंघन पर प्रधानमंत्री तक को नहीं बख्शा। यह आरोप भी कमजोर हुआ है कि आयोग विपक्ष और कमजोर दलों के नेता को ही निर्देशित करने में आगे रहता है। पर उसका निर्णायक इम्तिहान दोनों दलों के जवाब पर की जाने वाली कार्रवाई में होगा जो आयोग की शक्ति और क्षेत्र को परिभाषित करने वाला होगा। सार्वजनिक जीवन में गरिमा-मयार्दा और नियम-कायदे का आग्रही तबके ही नहीं, पूरे देश ने देखा-सुना कि बांसवाड़ा में और फिर अलीगढ़ तक में खास समुदाय और धर्म के लोगों के बारे में क्या-क्या न कहा गया। माना कि चुनाव बाद एक प्रधानमंत्री के रूप में आप समुदाय-धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करते पर यही भाव चुनावी सभाओं में भी रहना बुरा नहीं होता। यह सामान्य जन अपेक्षा है कि प्रधानमंत्री को तमाम विभाजनों और दोष-रेखाओं से ऊपर होना चाहिए। तब आयोग को भी रिकार्ड बनाने का मौका नहीं मिलता। चुनाव की घोषणा करते हुए आयोग ने भाषणों में सभ्यता के निर्वाह का अनुरोध दलों से किया था, जिसका पालन किसी ने नहीं किया। विपक्ष में स्थितिजन्य आक्रामकता स्वाभाविक ही होती है। सत्ता अपने व्यवहार से उसको परिमार्जित करती है। खरगे और राहुल सरकार की नीतियों की आलोचना के अधिकार के प्रयोग में सभ्यता भूलते रहे हैं। वे न केवल प्रधानमंत्री को निजी स्तर चोट पहुंचाने वाली भाषा का धड़ल्ले से प्रयोग करते सुने-देखे गए हैं, बल्कि तू-तड़ाक पर भी उतर आए हैं। यह भी रिकार्ड है कि नरेन्द्र मोदी देश के सर्वाधिक आलोच्य प्रधानमंत्री हैं। अगर यही एक परिपक्व लोकतंत्र की भाषा है तो यह वाकई बेहद पीड़ादायक परिदृश्य है।

## चिंतन-मनन

### संत की उदारता

संत बेनजोई के पास कई बालक शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते थे। वह अपने सभी शिष्यों की शिक्षा पूर्ण करने के बाद ही उन्हें वहां से जाने की अनुमति देते थे। वह उद्दंड व शरारती शिष्यों को भी आज्ञाकारी और संस्कारी बनाकर ही दम लेते थे। एक बार उनके आश्रम में बहुत ही शरारती और बदतमीज लड़का आया। एक दिन वह चोरी करते हुए पकड़ा गया। बेनजोई ने उसे चोरी की बुराइयों से अवगत कराया और क्षमा कर दिया, लेकिन वह लड़का इतना बिगड़ैल था कि उस पर बेनजोई की शिक्षा का कोई प्रभाव नहीं पड़ा। उसने दोबारा चोरी की और एक शिष्य को बेवजह पीट दिया। यह शिकायत बेनजोई तक पहुंची तो उन्होंने उसे फिर बुलाकर प्रेम से समझाया और एक बार फिर क्षमा कर दिया। यह देखकर आश्रम के अन्य शिष्य आगबबूला हो गए। शाम की प्रार्थना के समय सभी शिष्य एकजुट होकर बोले, गुरुजी, यह बार-बार चोरी करता रहेगा, हमें पीटता रहेगा और आप उसे क्षमा करते रहेंगे। यह कैसा न्याय है? यदि आप इसे आश्रम से नहीं निकाल सकते तो हम सभी यह आश्रम छोड़कर चले जाते हैं।

इस पर बेनजोई विनम्रता से बोले, मैंने माना कि तुम सब अच्छे हो, संस्कारी हो। कभी किसी कुसंग में न रहने के कारण दुष्कर्मों से दूर हो। यह अबोध किशोर अपने दुर्व्यसनी पिता और भाइयों द्वारा ठुकराया हुआ है। इसे मैं सुधारने, संस्कारित करने के उद्देश्य से यहां लेकर आया हूं। मुझे यह भी मालूम है कि तुम यदि इस आश्रम से चले गए तो अन्य किसी शिक्षक से शिक्षा प्राप्त कर सकते हो, किंतु इस बिगड़ैल लड़के को कौन अपने यहां रखेगा? इसे सुधरने का मौका कैसे मिलेगा? वह किशोर भी यह सब सुन रहा था। उसकी आंखें भर आईं। वह उनसे क्षमा मांगते हुए बोला, गुरुजी, मुझे माफ कर दीजिए। फिर कभी आपको शिकायत का मौका नहीं मिलेगा। उसने अन्य शिष्यों से भी माफी मांगी।

# संसद के अंगने में गरीबों का क्या काम



सनत जैन



संसद के अंदर साल दर साल करोड़पति सांसदों की संख्या बढ़ती चली जा रही है। चुनाव खर्च भी चुनाव आयोग बढाता जा रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में चुनाव आयोग ने अधिकतम खर्च की सीमा 95 लाख तय कर दी है। जिस तरह से लोकसभा और विधानसभा के चुनाव हो रहे हैं। लोकसभा और विधानसभा का चुनाव लड़ना, मध्यम एवं निम्न वर्गीय ईमानदार व्यक्ति के लिये चुनाव लड़ने की बात सपने में भी नहीं सोच सकता है। लोकसभा में 2004 में 156 सांसद करोड़पति और अरबपति थे। 2009 में यह संख्या बढ़कर 315 हो गई है। 2014 में संख्या बढ़कर 443 हो गई। रही सही कसर 2019 के लोकसभा चुनाव में करोड़पतियों और अरबपति सांसदों की संख्या बढ़कर 475 हो गई। 2024 के लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। इसमें भी अरबपति और करोड़पति उम्मीदवार बड़ी संख्या में सांसद का चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव आयोग द्वारा खर्च की अधिकतम सीमा प्रत्येक उम्मीदवार के लिए 95 लाख तय की गई है। राजनीतिक दल अपने उम्मीदवार के चुनाव खर्च के लिए अलग से खर्च करते हैं। राजनीतिक दलों द्वारा जिस तरह से पूंजीपतियों को टिकट दी जा रही है। राजनीतिक दलों में सामान्य कार्यकर्ता और नेता हैं, उसे राजनीतिक दलों की टिकट नहीं मिलती है। टिकट लेने के लिये पार्टी फंड में दान करने और स्वयं चुनाव खर्च उठाने वाले उम्मीदवारों को पंजीकृत राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक पार्टियों द्वारा टिकट दी जाती है। सांसद और विधानसभा के अंदर मध्य और निम्न वर्ग की आवाज उठाने वाला सांसद अथवा विधायक निर्वाचित होकर सदन में नहीं पहुंच रहे है। कुछ इसी तरीके की स्थिति जिला पंचायत, जनपद पंचायत और पार्षद के चुनाव में भी देखने को मिलने लगी है। पंचायत के चुनाव में भी लाखों और करोड़ों रुपए के खर्च होने की बात सामने आती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव लगातार महंगे होते चले जा रहे हैं। चुनाव में जब उम्मीदवार लाखों और करोड़ों रुपए खर्च करते हैं। चुनाव जीतने के बाद फिर वह धंधे तरह खर्च की भरपाई करने के लिए हर संभव कोशिश करते हैं। जिसके कारण जनसेवा भी एक धंधा बन गया है। जिसके फल स्वरुप चुनाव से धीरे-धीरे मध्य और निम्न वर्ग के लोग बाहर होते चले जा रहे हैं। संसद और विधानसभा जहां कानून बनते हैं। वहां केवल करोड़पति और अरबपतियों की संख्या बहुतायत में होने के कारण, निम्न एवं मध्यम वर्ग प्रतिनिधित्व अब सांसद और विधानसभा में करने वाला भी कोई नहीं रहा। पिछले 20 साल में यह स्थिति तेजी के साथ बदली है। पिछले 10 साल में संसद में 204 फीसदी की दर से करोड़पति और अरबपति सांसदों की संख्या बढी है। 2019 के लोकसभा चुनाव की बात करें, तो कुल 21 फीसदी सांसद ऐसे थे जिनकी संपत्ति एक करोड रुपए से कम थी यदि आरक्षण की व्यवस्था लागू नहीं होती, तो इनका भी चुना जाना संभव नहीं होता। राजनीतिक दल एसटी और एससी वर्ग के जो उम्मीदवार खड़ा करते हैं। उनके लिए पार्टी फंड से उन्हें चुनाव लड़ाया जाता है। ऐसी स्थिति में वह पार्टी में बंधक के रूप में रहते हैं। वह अपनी बात मुखर होकर पार्टी के अंदर भी नहीं कह पाते हैं। विधानसभा और लोकसभा में विहिप में बंधे होने के कारण उनकी अपनी अलग से कोई आवाज नहीं होती है। भारतीय लोकतंत्र के लिए यह सबसे बड़ी चिंता का है। 542 सांसदों में से यदि 475 सांसद करोड़पति और अरबपति हैं। शेष 21फीसदी सांसद आरक्षित वर्ग से आते हैं। जिसके कारण लोकसभा और विधानसभा में सभी वर्गों को समान प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाता है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए यही कहा जा सकता है, लोकतंत्र के अंगने में गरीबों का क्या काम है।

# आम चुनाव और मुस्लिम तुष्टिकरण का विकृत खेल




आम चुनाव के मतदान के दो चरण समाप्त हो जाने के बाद सभी राजनीतिक दलों को जनता के मध्य अपनी स्थिति की वास्तविकता का कुछ सीमा तक पता चल गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की सम्भावना वाली भारतीय जनता पार्टी को रोकने के लिए विपक्ष ने एक बार फिर मुस्लिम तुष्टीकरण का विकृत खेल खेलना प्रारम्भ कर दिया है। तथाकथित इंडी गठबंधन में शामिल दलों के नेता लगातार भड़काऊ और नफरत भरी बयानबाजी कर रहे हैं, जिसमें अब वोट जिहाद और तालिबान भी आ गया है। दिल्ली के मंडी हाउस इलाके में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ आतंकी फंडिंग मामले में सजा काट रहे यासीन मलिक का फोटो लगाया गया है।

पोस्टर में यासीन मलिक की रिहाई के साथ कांग्रेस को वोट देने की अपील की गई है। हालांकि जानकारी मिलते ही दिल्ली पुलिस ने यह पोस्टर हटा दिया। आतंकी यासीन मलिक कुख्यात अलगववादी है जिससे 2006 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मुलाकात की थी। अब मलिक आजीवन कारावास की सजा काट रहा है और अभी उस पर कई और मुकदमे चल रहे हैं। कांग्रेस केरल में प्रतिबंधित पीएफआई जैसे संगठनों का सहयोग ले रही रही है और सनातन विरोधी बयानों पर चुप्पी साधे हुए है।

मुस्लिम तुष्टीकरण का यह खुला खेल कांग्रेस ही नहीं अपितु भारत की सभी वामपंथी और अधिकांश क्षेत्रीय पार्टियां जमकर खेल रही हैं फिर चाहे वो उत्तर प्रदेश हो बिहार हो या पश्चिम बंगाल। विगत 10 वर्ष और अटल जी के कार्यकाल को छोड़ दें तो केंद्र तथा राज्यों में कांग्रेस व उसके गर्भ से निकले दलों व नेताओं ने ही सत्ता पर एकछत्र राज किया। ये सभी धर्मनिरपेक्षता के नाम पर भाजपा को हराने की बात करने वालों तथा कट्टरपंथियों का समर्थन कर मतदान को मजहब के आधार पर प्रभावित किया करते थे। भाजपा द्वारा धर्मनिरपेक्षता की सच्ची रेखा खींचने के बाद इन दलों के नेताओं के सामने अपना राजनीतिक अस्तित्व बचाने का संकट खड़ा हो गया है और ये वोट जिहाद की अपील कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश में अभी तक सपा, बसपा, कांग्रेस सहित विभिन्न दल अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी जैसे माफिया को अपने राजनीतिक लाभ के लिए पाला पोसा करते थे अब उनके लिए फातिहा पढ़ रहे हैं और धूर्तता के साथ उन्हें गरीबों का मसीहा बताकर मुसलमानों का वोट मांग रहे हैं । पहले ये माफिया बूथ लूटकर व मतदान के समय बम, गोलियां दागकर वोट जिहाद किया करते थे अब उनके नेता व गुर्गे इनको शहीद बताकर मुस्लिम समाज को भड़का रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के फरुर्खाबाद में कायमगंज के अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में पूर्व विदेशमंत्री सलमान खुर्शीद की भतीजी सपा नेता मारिया आलम खां ने वोट जिहाद का नारा देकर समाजवादियों की मुश्किल बढ़ा दी है। मारिया आलम खां ने कहा कि हर महिला और हर पुरुष वोट जिहाद करके संविधान बचाने की इस जंग को लड़ेगा।

प्रदेश में वोट जिहाद शब्द को लेकर राजनीतिक बयानबाजी अब काफी तल्ख हो गई है। सपा-कांग्रेस गठबंधन हो जाने के कारण इस बार सलमान खुर्शीद का परिवार चुनावी मैदान से भले ही दूर हो गया हो किंतु अपने सहयोगी दलों के उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार कर रहा है। सलमान खुर्शीद का परिवार कई बार विवादों के घेरे में रहा है। खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद पर दिव्यांगों की सहायता करने के नाम पर घोटाला करने का मुकदमा चल रहा है।

सलमान खुर्शीद बाटला हाउस एनकाउंटर व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी विवादित बयानबाजी कर चुके हैं। जब लुईस खुर्शीद को इस बात का आभास हो गया था कि इस बार उनके परिवार को टिकट नहीं मिलने जा रहा तब उन्होंने मीडिया के सामने अपने कार्यकर्ता से कहा था कि अगर कांग्रेस का कोई पदाधिकारी उनसे मिलने आए तो उसे चप्पल से मारें। अब उसी परिवार की भतीजी मारिया एक बार फिर वोट जिहाद की अपील कर रही हैं।

इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के संभल से पूर्व सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान वर्क के पोते एवं सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान वर्क अपनी नुक्कड़ सभा के वायरल वीडियो में मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद और शहाबुद्दीन की मौत को कुबार्नी बता रहा है। वीडियो वायरल हो जाने के बाद वर्क पर मुकदमा दर्ज हो गया है। उसके बाद भी वह नहीं रुका और उसने चुनाव आयोग के अधिकारियों को धमकी देते हुए बयान दिया कि जब वक्त बदलेगा तब बदला लिया जाएगा।

बहुजन समाजवादी पार्टी अपनी नैया पार लगाने व जनता के मध्य अपनी उपस्थिति को दर्ज कराने के लिए चुनावी मैदान में अपने युवा कोआर्डिनेटर, पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के भतीजे आकाश आनंद के नेतृत्व में रण मे उतरी है और कुछ-कुछ बदली बदली सी नजर आ रही है। पार्टी ने 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अपनी जमीन को फिर से प्राप्त करने के लिए, सवर्णो को खुश करने के लिए रामनाम का विरोध नहीं किया था किंतु वह अब काफी पीछे छूट चुका है।

बसपा ने इस बार नया नारा दिया है,ह्ल बहुजन हिताय बहुजन सुखाय काह्ल किंतु पार्टी का एक मुश्त मुस्लिम मतों का लालच छूटा नहीं है इसलिए बसपा ने सबसे अधिक मुसलमानों को अपना उम्मीदवार बनाया है। बसपा के युवा नेता आकाश आनंद मुस्लिम तुष्टीकरण के लिए आक्रामक बयानबाजी कर रहे हैं जिसके कारण उनके खिलाफ सीतापुर जिले में केस भी दर्ज हो गया है। सीतापुर की एक जनसभा में आकाश ने अपनी सभी सीमाओं को लांघते हुए उत्तर प्रदेश सरकार की तुलना तालिबान से कर डाली। अतीक, मुख्तार अंसारी व शहाबुद्दीन जैसे माफिया का राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग बसपा ने भी समय -समय पर किया है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)



## वरुथिनी एकादशी पर इन शुभ योग के दौरान करें भगवान विष्णु की पूजा

**इस साल वरुथिनी एकादशी 4 मई को मनाई जाएगी। इस दिन भगवान विष्णु के साथ माता लक्ष्मी की पूजा होती है। इस बार यह दिन बेहद शुभ माना जा रहा है क्योंकि ज्योतिष की दृष्टि से इस दिन कई शुभ योगों का निर्माण हो रहा है। ऐसी मान्यता है कि इस दौरान पूजा करने से अक्षय फलों की प्राप्ति होती है।**

हिंदू धर्म में एकादशी तिथि का खास महत्व है। यह दिन श्री हरि के साथ माता लक्ष्मी की पूजा के लिए समर्पित है। वैशाख मास में पड़ने वाली एकादशी तिथि को वरुथिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। ऐसा कहा जाता है, जो साधक इस कठिन व्रत का पालन करते हैं उन्हें धन और वैभव का वरदान मिलता है। इसके अलावा घर खुशियों से भरा रहता है। इस साल यह एकादशी 4 मई, 2024 दिन शनिवार को मनाई जाएगी। वहीं, इस शुभ तिथि पर कई शुभ योगों का निर्माण हो रहा है। कहा जा रहा है इस दौरान पूजा करने से भगवान विष्णु खुश होते हैं।

### इन शुभ योगों में करें भगवान विष्णु की पूजा

वैदिक पंचांग के अनुसार, वरुथिनी एकादशी के दिन त्रिपुष्कर योग, इंद्र योग और वैधृति योग का निर्माण हो रहा है। ज्योतिष की दृष्टि से ये सभी योग बेहद शुभ माने गए हैं। ऐसा कहा जाता है अगर इस दौरान प्रभु विष्णु की पूजा की जाए, तो व्रत का पूरा फल मिलता है। साथ ही भाग्योदय भी होता है। वरुथिनी एकादशी के दिन त्रिपुष्कर योग प्रातः 4 बजकर 3 मिनट पर शुरू होगा। वहीं, इसका समापन शाम 5 बजकर 12 मिनट पर होगा। इसके साथ ही इंद्र योग पूरे दिन रहेगा। इसके अलावा वैधृति योग प्रातः 8 बजकर 24 मिनट से एकादशी तिथि के समाप्त होने तक रहेगा।

### इस दिन रखा जाएगा उपवास

इस साल वरुथिनी एकादशी का उपवास 4 मई, 2024 दिन शनिवार को रखा जाएगा। हिंदू पंचांग के अनुसार, 03 मई, 2024 दिन शुक्रवार को रात्रि 11 बजकर 24 मिनट पर वैशाख माह के कृष्ण पक्ष के एकादशी तिथि की शुरुआत होगी। वहीं, इसका समापन अगले दिन 4 मई, 2024 दिन शुक्रवार को रात्रि 08 बजकर 38 मिनट पर होगा। उदयातिथि को ध्यान में रखते हुए 4 मई को वरुथिनी एकादशी का व्रत रखा जाएगा।



## वरुथिनी एकादशी 2024

# तिथि, पारण समय, अनुष्ठान और महत्व

**वरुथिनी एकादशी, अद्वितीय महत्व और कहानियों के साथ भगवान विष्णु के व्रत को समर्पित दिन। 4 मई, 2024 को घटित होगा, जो बुरी ऊर्जा से सुरक्षा प्रदान करेगा। इसमें हिंदू धर्मग्रंथ, भगवान शिव, भगवान ब्रह्मा और विशेष पूजा अनुष्ठान शामिल हैं। भक्त एकादशी के इस शुभ दिन पर सख्त उपवास रखते हैं और इस दिन को भगवान विष्णु की पूजा के लिए समर्पित करते हैं।**

व्रत करने के लिए एकादशी को सबसे शुभ दिन माना जाता है। हिंदू धर्म के अनुसार, यह दिन भगवान विष्णु की पूजा के लिए समर्पित है । इस दिन, दुनिया भर में विष्णु भक्त उपवास रखते हैं और विभिन्न धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियाँ करते हैं। वर्ष में कुल 24 एकादशियाँ मनाई जाती हैं और प्रत्येक माह में दो एकादशियाँ शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष के दौरान आती हैं।

प्रत्येक एकादशी का विशेष महत्व होता है और उसकी अलग-अलग कहानी होती है। इस बार वरुथिनी एकादशी होगी, जो 4 मई 2024 को वैशाख माह के कृष्ण पक्ष में आने वाली है।

हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार, हिंदुओं के बीच एकादशी का बड़ा धार्मिक महत्व है। वरुथिनी एकादशी पूर्णिमांत कैलेंडर के अनुसार वैशाख महीने में आती है और अमावस्यांत कैलेंडर के अनुसार यह चैत्र महीने में आती है, जिसे दक्षिण भारत में माना जाता है। भक्त एकादशी के इस शुभ दिन पर सख्त उपवास रखते हैं और इस दिन को भगवान विष्णु की पूजा के लिए समर्पित करते हैं। वे पूजा और विभिन्न धार्मिक गतिविधियाँ करते हैं। कुछ भक्त ध्यान योग और मेडिटेशन जैसी आध्यात्मिक गतिविधियों में भी शामिल हो जाते हैं और अपने मन को शांत और आराम देने के लिए एक दिन के लिए मौन व्रत रखते हैं। इस एकादशी को बरुथनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन, लोग भगवान विष्णु के वामन अवतार की पूजा करते हैं और ऐसा माना जाता है कि इस एकादशी पर व्रत रखने से लोग किसी भी प्रकार की बुरी ऊर्जा और नकारात्मकता से सुरक्षित रहते हैं।

हिंदी शास्त्रों के अनुसार माना जाता है कि एक दिन भगवान शिव ब्रह्मा जी से क्रोधित हो गए और अपना पांचवां सिर हटा दिया। भगवान ब्रह्मा ने भगवान शिव को श्राप दिया और इस श्राप से मुक्त होने के लिए भगवान विष्णु ने उन्हें वरुथिनी एकादशी व्रत करने का सुझाव दिया। उन्होंने भगवान विष्णु के सुझाव के अनुसार ही किया और इस श्राप से मुक्त हो गए, इसलिए यह माना जाता है कि जो कोई भी सोचता है कि वह वर्तमान जन्म या पिछले जन्म से संबंधित किसी भी प्रकार के श्राप से पीड़ित है या उन्हें लगता है कि उन्होंने किसी के साथ कुछ गलत किया है। जाने-अनजाने में उन्हें श्राप से मुक्ति पाने के लिए श्रद्धापूर्वक इस एकादशी का व्रत करना चाहिए और भगवान विष्णु से क्षमा मांगनी चाहिए। यह भी माना जाता है कि जो भक्त इस दिन पूरे समर्पण के साथ व्रत रखते हैं, भगवान विष्णु उन्हें कठोर तपस्या से प्राप्त फल प्रदान करते हैं।

### वरुथिनी एकादशी पूजा अनुष्ठान

सुबह जल्दी उठें और सबसे पहले स्नान करें। उन्हें घर और विशेष रूप से पूजा कक्ष को साफ करना चाहिए जहां वे पूजा करना चाहते हैं। भगवान विष्णु की मूर्ति, लड्डू गोपाल, यदि उनके पास हो तो और भगवान कृष्ण की मूर्ति लें। उन्हें स्नान कराएं और एक लकड़ी के तख्ते पर रखें। उन्हें फूलों, वस्त्रों से सजाएं. दीया जलाएं और उनके माथे पर तिलक लगाएं। फल, तुलसी पत्र, या जो कुछ भी आपने पूजा के लिए तैयार किया है जैसे पंचामृत और घर पर बनी मिठाई रखें। भगवान विष्णु का आशीर्वाद पाने के लिए विष्णु सहस्रनाम का पाठ करें और विभिन्न मंत्रों का जाप करें। अगले दिन पारण के समय व्रत खोला जाता है। जो लोग सख्त उपवास करने में असमर्थ हैं, वे सात्विक भोजन खा सकते हैं जिसमें फल, दूध से बने उत्पाद, दही के साथ तले हुए आलू शामिल हैं। उन्हें सामान्य नमक की जगह सेंधा नमक का उपयोग करने की सलाह दी जाती है।

### मंत्र

- ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय..!!
- श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेवा..!!
- हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे..!!
- राम राम रामेति रमे रामे मनोरमे, सहस्त्रनाम ततुल्यं राम नाम वरानने..!!
- अच्युतम केशवम् कृष्ण दामोदरम राम नारायणम् जानकी वल्लभम..!!

## वरुथिनी एकादशी पर करें मां लक्ष्मी के नामों का मंत्र जप, आर्थिक तंगी होगी दूर



हर वर्ष वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि के अगले दिन वरुथिनी एकादशी का व्रत रखा जाता है। इस वर्ष वरुथिनी एकादशी 04 मई को है। इस दिन भगवान विष्णु एवं धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की जाती है। साथ ही एकादशी व्रत रखा जाता है।

इस व्रत के पुण्य प्रताप से जातक के जीवन में व्याप्त सभी दुख और संकट दूर हो जाते हैं। साथ ही घर में सुख, समृद्धि एवं शांति आती है। अगर आप भी अपने जीवन में आर्थिक विषमता से गुजर रहे हैं, तो धन की समस्या दूर करने के लिए वरुथिनी एकादशी पर विधि-विधान से भगवान विष्णु संग मां लक्ष्मी की पूजा करें। साथ ही पूजा के समय मां लक्ष्मी के नामों का मंत्र जप करें।



## वरुथिनी एकादशी के दिन घर पर करें इस विधि से तुलसी पूजा, सभी दुखों से मिलेगा छुटकारा

वैशाख महीने में आने वाली एकादशी तिथि को वरुथिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। इस दौरान श्री हरि विष्णु के साथ माता लक्ष्मी और देवी तुलसी की पूजा होती है। इस साल यह एकादशी 4 मई को मनाई जाएगी। ऐसा कहा जाता है जो भक्त इस दिन भाव के साथ पूजा-अर्चना करते हैं उनके सभी कष्टों व पापों का नाश होता है।

सनातन धर्म में एकादशी तिथि का खास महत्व है। इस दिन भगवान विष्णु के साथ मां लक्ष्मी और देवी तुलसी की पूजा होती है। वैशाख मास में पड़ने वाली एकादशी तिथि को वरुथिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। ऐसा माना जाता है, जो जातक इस कठिन व्रत का पालन करते हैं उन्हें सुख-शांति का वरदान मिलता है। इसके अलावा घर खुशियों से भरा रहता है। इस साल यह एकादशी 4 मई, 2024 दिन शनिवार को मनाई जाएगी। वहीं, अगर इस शुभ तिथि पर देवी तुलसी की पूजा विधि अनुसार की जाए, तो जीवन में धन-वैभव की कभी कमी नहीं रहती है।

### कब है वरुथिनी एकादशी

इस साल वरुथिनी एकादशी का उपवास 4 मई, 2024 दिन शनिवार को रखा जाएगा। हिंदू पंचांग के अनुसार, 03 मई, 2024 दिन शुक्रवार को रात्रि 11 बजकर 24 मिनट पर वैशाख माह के कृष्ण पक्ष के एकादशी तिथि की शुरुआत होगी। वहीं इसका समापन 4 मई, 2024 दिन शुक्रवार को रात्रि 08 बजकर 38 मिनट पर होगा। उदयातिथि को देखते हुए 4 मई को वरुथिनी एकादशी का व्रत रखा जाएगा।

### वरुथिनी एकादशी पर ऐसे करें तुलसी पूजा

- व्रती सुबह उठकर पवित्र स्नान करें और घर की सफाई करें।
- भगवान शालिग्राम को उनके साथ स्थापित करें।
- गंगाजल, पंचामृत और जल चढ़ाएं।
- कुमकुम व गोपी चंदन, हल्दी का तिलक लगाएं।
- तुलसी के पौधे को साड़ी या दुपट्टे और अन्य सामान के साथ खूबसूरती से सजाएं।
- शालिग्राम जी का श्रृंगार करने के लिए पीले वस्त्रों का प्रयोग करें।
- भगवान शालिग्राम और देवी तुलसी को फूलों की माला अर्पित करें।
- इस शुभ अवसर पर कीर्तन और भजन का आयोजन कर सकते हैं।
- विभिन्न सात्विक भोग प्रसाद सामग्री अर्पित करें।
- वैदिक मंत्रों का जाप करें।
- देवी तुलसी और भगवान विष्णु की आरती करें।
- सभी अनुष्ठानों को पूरा करने के बाद प्रसाद को परिवार के सदस्यों के बीच बांटे।
- पूजा में हुई गलती के लिए क्षमा प्रार्थना करें।
- अगले दिन अपना व्रत खोलें।



# भगवान श्रीकृष्ण ने दिया हर रिश्ते को महत्व

भगवान श्रीकृष्ण के हजारों सखा या कहें कि मित्र थे। श्रीकृष्ण के सखा सुदामा, श्रीदामा, मधुमंगल, सुबाहु, सुबल, भद्र, सुभद्र, मणिभद्र, भोज, तोककृष्ण, वरूथप, मधुकंड, विशाल, रसाल, मकरन्द, सदानन्द, चन्द्रहास, बकुल, शारद, बुद्धिप्रकाश, अर्जुन आदि थे। श्रीकृष्ण की सखियां भी हजारों थीं। राधा, ललिता आदि सहित कृष्ण की 8 सखियां थीं। ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार सखियों के नाम इस तरह हैं- चन्द्रावली, श्यामा, शैव्या, पद्या, राधा, ललिता, विशाखा तथा भद्रा। कुछ जगह ये नाम इस प्रकार हैं- चित्रा, सुदेवी, ललिता, विशाखा, चम्पकलता, तुंगविद्या, इन्दुलेखा, रंगदेवी और सुदेवी। कुछ जगह पर ललिता, विशाखा, चम्पकलता, चित्रादेवी, तुंगविद्या, इन्दुलेखा, रंगदेवी और कृत्रिमा (मनेली)। इनमें से कुछ नामों में अंतर है। इसके अलावा भौमासुर से मुक्त कराई गईं सभी महिलाएं कृष्ण की सखियां थीं। द्रौपदी भी श्रीकृष्ण की सखी थीं। श्रीकृष्ण ने सभी के साथ अंत तक मित्रता का संबंध निभाया।

### प्रेमी कृष्ण

कृष्ण को चाहने वाली अनेक गोपियां और प्रेमिकाएं थीं। कृष्ण-भक्त कवियों ने अपने काव्य में गोपी-कृष्ण की रासलीला को प्रमुख स्थान दिया है। पुराणों में गोपी-कृष्ण के प्रेम संबंधों को आध्यात्मिक और अति श्रांगारिक रूप दिया गया है। महाभारत में यह आध्यात्मिक रूप नहीं मिलता, लेकिन पुराणों में मिलता है। उनकी प्रेमिका राधा, रुक्मिणी और ललिता की ज्यादा चर्चा होती है।

### पति कृष्ण

भगवान श्रीकृष्ण की 8 पत्नियां थीं- रुक्मिणी, जाम्बवंती, सत्यभामा, मित्रवंदा, सत्या, लक्ष्मणा, भद्रा और कालिंदी। इनसे श्रीकृष्ण को लगभग 80 पुत्र हुए थे।

### भाई कृष्ण

कृष्ण की 3 बहनें थीं- एकानंगा (यह यशोदा की पुत्री थीं), सुभद्रा और द्रौपदी (मानस भगिनी)। कृष्ण के भाइयों में नेमिनाथ, बलराम और गद थे।

### श्रीकृष्ण के माता पिता

श्रीकृष्ण के माता पिता वसुदेव और देवकी थे, परंतु उनके पालक माता पिता नंदबाबा और माता यशोदा थीं। श्रीकृष्ण ने इन्हीं के साथ अपनी सभी सौतेली माता रोहिणी आदि सभी के सात बराबरी का रिश्ता रखा।

### अन्य रिश्तों में श्रीकृष्ण

श्रीकृष्ण ने अपनी बुवाओं से भी खूब रिश्ता निभाया था। कुंती और सुतासुभा से भी रिश्ता निभाया। कुंती को वचन दिया था कि मैं तुम्हारे पुत्रों की रक्षा करूंगा और सुतासुभा को वचन दिया था कि मैं तुम्हारे पुत्र शिशुपाल के 100 अपराध क्षमा करूंगा। इसी प्रकार सुभद्रा का विवाह कृष्ण ने अपनी बुआ कुंती के पुत्र अर्जुन से किया था। उसी तरह श्रीकृष्ण ने अपने पुत्र साम्ब का विवाह दुर्योधन की पुत्री लक्ष्मणा से किया था। श्रीकृष्ण के रिश्तों की बात करें तो वे बहुत ही उलझे हुए थे। श्रीकृष्ण ने अपने भांजे अभिमन्यु को शिक्षा दी थी और उन्होंने ही उसके पुत्र की गर्भ में रक्षा की थी।

### शत्रुता का रिश्ता

इसी तरह श्रीकृष्ण ने अपनी शत्रुता का रिश्ता भी अच्छे से निभाया था। उन्होंने कंस, जरासंध, शिशुपाल, भौमासुर, कालय यवन, पौंड्रक आदि सभी शत्रुओं को सुधरने के भरपूर मौका दिया और अंत में उनका वध कर दिया।

### रक्षक कृष्ण

भगवान श्रीकृष्ण ने किशोरावस्था में ही चाणूर और मुष्टिक जैसे खतरनाक मल्लों का वध किया था, साथ ही उन्होंने इंद्र के प्रकोप के चलते जब वृंदावन आदि ब्रज क्षेत्र में जलप्रलय हो चली थी, तब गोवर्धन पर्वत अपनी अंगुली पर उठाकर सभी ग्रामवासियों की रक्षा की थी।

### शिष्य कृष्ण

भगवान श्रीकृष्ण के गुरु सांदीपनी थे। उनका आश्रम अवंतिका (उज्जैन) में था। कहते हैं कि उन्होंने जैन धर्म में 22वें तीर्थंकर नेमीनाथजी से भी ज्ञान ग्रहण किया था। श्रीकृष्ण गुरु दीक्षा में सांदीपनी के मृत पुत्र को यमराज से मुक्ति कराकर ले आए थे।

# इंडिया की सरकार बनी तो देश के एक करोड़ लोगों को नौकरी : तेजस्वी यादव

□ कोसी के दियारा क्षेत्र फरकिया में पूर्व डिप्टी सीएम एवं मुकेश सहनी ने चुनावी सभा की



**सहरसा।** जिले के सलखुआ प्रखंड के पूर्वी कोसी तटबंध अंदर दियारा क्षेत्र फरकिया के कोसी उच्च विद्यालय कबीरा धाप में शुक्रवार को आयोजित चुनावी सभा को बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, पूर्व मंत्री सह सन ऑफ मल्लाह मुकेश सहनी ने महागठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया।

पूर्व डिप्टी सीएम ने चुनावी सभा को संबोधित कर कहा कि इंडिया की सरकार बनी तो देश के एक करोड़ लोगों को नौकरी व रक्षाबंधन के अवसर पर सभी गरीब बहनों को प्रति वर्ष एक-एक लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। 500 में रसोई गैस सिलेंडर, दो सो यूनिट बिजली फ्री में मुहैया कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने 17 महीने में पांच लाख नौकरी दिया है।खगड़िया लोकसभा के सिमरी बख्तियारपुर विधानसभा क्षेत्र के सलखुआ तटबंध के भीतर दियारा क्षेत्र के लोगों आवागमन सुविधा हेतु डेंगराही कोसी नदी घाट पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण की मांग को पूरा किया हूं। डेंगराही कोसी नदी घाट पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य भी चल रहा है। पुल निर्माण होने से सहरसा - खगड़िया जिले की दुरी कम होने के साथ - साथ कोसी दियारा क्षेत्र का विकास होगा। खगड़िया लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन समर्थित (सीपीएम) उम्मीदवार संजय कुमार कुशवाहा के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा।

तेजस्वी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने जो वादा किया वो पूरा नहीं किया। वहीं वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा बिहार के युवा प्रत्येक वर्ष नौकरी की तलाश में अन्य प्रदेश पलायन कर रहे हैं, और गुजरात वाले खाली झुठे वादे पर वादे किए जा रहे है। कोसी उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र एवं संविधान को बचाने का चुनाव है। हम नई सोच एवं नया बिहार बनाना चाहते हैं।उन्होंने एक एक वोट इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार संजय कुमार कुशवाहा को देने का अपील की।

वीआईपी सुप्रीमो सह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सन ऑफ मल्लाह मुकेश सहनी ने कहा कि यह चुनाव हक और अधिकार की लड़ाई है।मौक़े पर सिमरी बख्तियारपुर विधायक युसूफ सलाउद्दीन, वीआईपी नेता मिथलेश विजय सहित कई नेता मौजूद थे।

## राहुल कहीं से भी चुनाव लड़ें हर जगह उनकी हार तय : सम्राट



**पटना।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने रायबरेली और अमेठी में नामांकन के अंतिम दिन अपने पत्ते खोल दिए। पार्टी ने रायबरेली से राहुल गांधी और अमेठी से किशोरी लाल शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। राहुल गांधी के सीट बदलने पर बिहार के दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने तंज कसा है।

बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि पहले उनको डर था तो हम लोगों ने उनको मंदिर भिजवाया। अब पूरा गांधी परिवार परंपरागत सीट को भी छोड़कर भाग रहा है। इनका पूरा खानदान परंपरागत सीट छोड़कर भाग रहा है। यह लोग कहीं से चुनाव लड़ें हर जगह इनकी हार तय है। सम्राट ने कहा कि एक बात लिखकर रख लीजिए 2025 में जब नवंबर के महीने में विधानसभा का चुनाव होगा तो उससे पहले 10 लाख लोगों को रोजगार मिल चुका होगा। विधानसभा चुनाव से पहले एक-एक व्यक्ति की सूची निकाल कर हम बताने का काम करेंगे कि नीतीश कुमार ने जो वादा किया था उसे किस हद तक पूरा किया है। यह हमारी गारंटी है। यह लालू का राज नहीं है कि 15 साल में एक भी लोगों को रोजगार नहीं मिला। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राहुल गांधी किसी भी जगह से चुनाव लड़ें जनता का विश्वास उनके साथ नहीं है। वह डरे हुए हैं। इसलिए अब सीट छोड़ रहे हैं। राहुल गांधी में आत्मविश्वास नहीं है कि वह वायनाड से चुनाव जीतेंगे। अब रायबरेली में डर से आए हैं। राहुल गांधी पूरी तरह से रिजेक्ट हो चुके हैं। वह जहां से भी चुनाव लड़ेंगे उनका हार तय है।

## संक्षिप्त

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो युवक की मौत

**नवादा।** बिहार में नवादा जिले के काशीचक थाने के बोझवा गांव के निकट शुक्रवार को एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो युवक की मौत हो गई। आसपास के लोगों ने देखा कि दो युवक सड़क के किनारे खून से लथपथ गिरा पड़ा है। इसके बाद पुलिस को खबर की गई। पुलिस ने दोनों युवकों को सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि अज्ञात वाहन द्वारा मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को रौंद दिया गया है। जिससे दोनों युवक की मौत घटनास्थल पर हो गयी। घटना के बाद उनके परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक युवक की पहचान गोंदा गांव निवासी बासो चौहान के 25 वर्षीय पुत्र गुड्डु चौहान और जगदीश चौहान के 26 वर्षीय पुत्र ललन चौहान के रूप में किया गया है। दोनों युवक बाजार से दवाई लेकर बाइक से अपने घर वापस लौट रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने इनके बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे दोनों युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की खबर सुनकर उनके परिवारजनों की होश उड़ गए। पूरे परिवार में मातम छा गया। घटना के बाद काशीचक पुलिस द्वारा अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### चुनाव ड्यूटी में किशनगंज से आए होमगार्ड जवान की हर्ट अटैक से मौत,मुजफ्फरपुर में था तैनात

**अररिया।** किशनगंज में दूसरे चरण के चुनाव के बाद अररिया में तीसरे चरण में 7 मई को होने वाले चुनाव कराने के लिए आए होगार्ड जवान 45 वर्षीय सुधीर कुमार सिंह की गुरुवार की शाम हर्ट अटैक से मौत हो गई।मुजफ्फरपुर में पदस्थापित होमगार्ड के जवान सुधीर कुमार सिंह मुज्जफरपुर जिला के सरैया थाना क्षेत्र के पुलवारा गांव का रहने वाला था। होमगार्ड का जवान किशनगंज में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान कराने के बाद तीसरे चरण के लिए 28 अप्रैल को किशनगंज से अररिया आया था।वह जिले के कुर्साकांटा थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय रहटमीना में ठहरा हुआ था, जहां गुरुवार की देर शाम अचानक तबियत बिगड़ने के बाद उसे आनन फानन में कुर्साकांटा पीएचसी ले जाया गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।सदर अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने होमगार्ड जवान को मृत घोषित कर दिया।

### किशनगंजः शराब पीने के आरोप में जिला कोषागार पदाधिकारी नरेंद्र कुमार गिरफ्तार



**किशनगंज।** शराब के नशे में जिला कोषागार पदाधिकारी नरेंद्र कुमार गिरफ्तार हो गए हैं। गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने जिला कोषागार पदाधिकारी के सुभाषपल्ली स्थित आवास पर छापेमारी कर उन्हें हिरासत में लेकर उत्पाद थाना ले आए, जहां पर ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई। जांच में शराब पीने की पुष्टि होते ही जिला कोषागार पदाधिकारी नरेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। गुरुवार की देर शाम न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। वहीं, उत्पाद विभाग द्वारा आम शराबियों की गिरफ्तारी होने पर हथकड़ी लगाकर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाता है लेकिन उत्पाद विभाग द्वारा ट्रेजरी ऑफिसर की गिरफ्तारी के बाद भीआईपी टीट देते नजर आए। ट्रेजरी ऑफिसर को न तो हथकड़ी लगाया गया था। वहीं, न्यायालय लाने के दौरान डुमरिया ओवर ब्रिज के पास भवन निर्माण विभाग कार्यालय के एक चेंबर में उन्हें बैठाया गया था। वहां भी उत्पाद विभाग के कर्मी नहीं थे। उत्पाद कर्मी भवन निर्माण के मुख्य द्वार के बाहर खड़े थे। वहीं भवन निर्माण के चेंबर में बैठकर गिरफ्तार ट्रेजरी ऑफिसर मोबाइल में बात कर रहे थे।

### पूर्वी चंपारण : सोशल मीडिया में हथियार के साथ वायरल फोटो के मामले में युवक गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर चकिया डीएसपी के नेतृत्व में कल्याणपुर थाना पुलिस ने हथियार के साथ फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल होने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मठिया चौक निवासी वकील राम का पुत्र गौतम कुमार बताया जाता है। उसके पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा, एक जिन्दा कारतूस, एक मोबाईल व वायरल फोटो की हार्ड कॉपी 6 पीस पुलिस ने बरामद किया है। चकिया डीएसपी सत्येंद्र कुमार सिंह ने पत्रकारो को बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कल्याणपुर पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान गुप्त सुचना मिली कि हथियार के साथ वायरल फोटो वाला युवक मठिया चौक पर है। पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए छापामारी कर उक्त युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरफ्तार युवक से बरामद मोबाईल से इसके नेटवर्क का पता कर करवाई कि जाएगी।

## पीएम मोदी की बिहार में 5वीं चुनावी सभा आज दरभंगा में

**दरभंगा।** लोकसभा चुनाव को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार (4 मई ) को अपने चुनावी दौरे के तहत दरभंगा में रहेंगे। बीते एक महीने में पीएम का ये 5वां दौरा होने वाला है। वे दरभंगा के राज मैदान पर एनडीए से भाजपा उम्मीदवार गोपाल जी ठाकुर के समर्थन में आयोजित जनसभा में एनडीए के उम्मीदवारों के लिए वोट मांगेंगे। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी छह मई को बिहार के दौरे पर रहेंगे। उजियारपुर में उनकी रैली प्रस्तावित है। दरभंगा में पीएम की जनसभा को लेकर स्थानीय नेताओं ने सभी तैयारी पूरी कर ली है। बता दें कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह पांचवां बिहार दौरा है। इससे पहले वे जमुई, नवादा, गया-पूर्णिया और अररिया– मुंगेर में आयोजित चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर चुके हैं। दरभंगा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे एनडीए और इंडी गठबंधन के उम्मीदवार दिन-रात एक किए हुए हैं। वर्तमान सांसद गोपाल जी ठाकुर जहां दूसरी बार सांसद बनने की कोशिश में हैं, वहीं दरभंगा ग्रामीण से राजद विधायक ललित यादव पहली बार सांसद बनने की कोशिश में हैं।

## जिला निर्वाचन पदधिकारी ने चुनाव तैयारी की समीक्षा बैठक की



**सहरसा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी बैभव चौधरी की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुक्रवार को लोकसभा आम निर्वाचन तैयारियों की विस्तृत समीक्षा कर यथोचित दिशा निर्देश दिए। बैठक में निर्वाचन प्रयोजनार्थ आकलन के अनुसार वाहन उपलब्धता की अधतन स्थिति, डिस्पैच सेन्टर पर की गयी तैयारी, प्रखंडवार मतदाता पर्ची वितरण एवं ए0एस0डी0 सूची प्राप्ति की अद्यतन स्थिति, मतदान दिवस के अवसर पर अधिकाधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रखंड स्तर पर मतदाता जागरूकता हेतु किये जा रहे कार्यक्रमों आदि के संदर्भ में समीक्षा की गयी। लोकसभा आम निर्वाचन निमित आकलन के अनुसार वाहन उपलब्धता की प्रखंडवार समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम कुछ प्रखंडों में वाहन अधिग्रहन/जब्ती कार्य अपेक्षाकृत धीमा पाया गया है। तदनुसार ऐसे प्रखंडों को उक्त वर्णित कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। समीक्षा के क्रम में यह तथ्य उभर कर सामने आया कि अधिकांश सेक्टर पदाधिकारियों को वाहन उपलब्ध करा दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सेक्टर पदाधिकारी संबंधित भौगोलिक क्षेत्र में भ्रमण कर मतदाताओं को जिला अन्तर्गत तृतीय चरण में आगामी 07 मई को होने वाले मतदान के अवसर पर मताधिकार के उपयोग हेतु प्रेरित करेंगें। उन्हें मतदान केन्द्रों पर मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं एवं जिला प्रशासन द्वारा निष्पक्ष/निर्विघ्न मतदान संपन्न कराने हेतु निरन्तर की जा रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी देंगें ताकि अधिकाधिक मतदाता निर्भिक होकर मतदान प्रक्रिया में भाग ले सकें।

मतदाता पर्ची वितरण की अद्यतन स्थिति समीक्षा के क्रम में संबंधित प्रखंडो द्वारा अवगत कराया गया कि वितरण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अतः संबंधित प्रखंडो को ए0एस0डी0 सूची अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। मतदान दिवस के अवसर पर अधिकाधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्वीप कोषांग एवं अन्य विभागों के सहयोग एवं समन्वय से नियमित रूप से मतदाता जारूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजन क्रम में क्षेत्र भ्रमण कर वार्तालाप के माध्यम से आम मतदाताओं को मताधिकार उपयोग हेतु प्रेरित किया जाय, उन्हें मतदान केन्द्रों पर मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी जाय, ताकि मतदान दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा सकें। उन्होने बैठक में उपस्थित डीपीएम, जीविका को निर्देश दिया कि वे जीविका दीदी के माध्यम से पोषक क्षेत्रों में प्रभावशाली मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कराना सुनिश्चित करेगें। मतदान के दिन जीविका दीदी अतिरिक्त गर्मी के उपस्थित थे।

## पटना में झुग्गियों में लगी आग सिलेंडर में विस्फोट से सहमे लोग



**पटना।** राजधानी पटना के बुद्ध कॉलोनी थाना क्षेत्र के नवीन पुलिस लाइन के पास बसे झुग्गियों में शुक्रवार दोपहर भीषण आग लग गयी। यहां आग लगने के बाद लगातार विस्फोट की आवाज आ रही है, जिससे आसपास के लोग सहमे हुए है। अगलगी की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मचारी आग पर काबू पाने की कोशिश में लगे । गोलघर इलाके में पास की एक झुग्गी में आग लग गयी। आग ने अपने लपेटे में एक के बाद एक झुग्गियों को अपने जद में ले लिया और पछुआ हवा के कारण आग ने कुछ देर में ही विकराल रूप धारण कर लिया । फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां आग बुझाने में लगी हुई हैं।इस अगलगी में किसी के हताहत होने की सूचना अब तक नहीं है। इस अगलगी में कई घर स्वाहा हो गए। यहां तक कि झोपड़ियों में रखे गैस सिलेंडर भी धमाके के साथ उड़ गए इससे पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई।

### पूर्णिया व अररिया में दर्जनों घर जले, 25 लाख नकद भी राख

**भवानीपुर (पूर्णिया)/अररिया।** भवानीपुर व अमौर में आग लगने से दर्जनों घर जल गये, वहीं 25 लाख नकद भी आग में स्वाहा हो गये। भवानीपुर प्रखंड के रघुनाथपुर पंचायत के दुर्गापुर गांव के वार्ड संख्या 5 में शुक्रवार की दोपहर आग लगने से चार परिवार के घर जलकर राख हो गये। अग्निपीड़ितों में दुर्गापुर गांव निवासी दिनेश मंडल का पुत्र संजीत मंडल, मंजीत मंडल, अजित मंडल एवं साजन कुमार शामिल हैं। इस अगलगी में पीड़ित परिवार के घर, नगद 15 लाख रुपये एवं अन्य सामान जलकर राख हो गये। पीड़ित परिजनों ने बताया कि वह सभी अपना घर बनाने एवं जमीन खरीदने के लिए जमीन बंधक रखकर और चारों भाई दूसरे प्रदेश से कमा कर रुपया लाकर घर में रखे थे। पीड़ितों ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर अचानक उपके घर में आग लग गयी। इधर, अमौर थानाक्षेत्र की मछट्टा पंचायत के परसराय वार्ड नंबर 5 में शुक्रवार की दोपहर में लगी आग से 10 परिवारों के घर जल गये और नकद 10 लाख, मवेशी समेत लाखों की संपत्ति की क्षति हुई। दूसरी ओर बेलगछी वार्ड नंबर आठ में गुरुवार की शाम करीब एक दर्जन परिवारों के घर जलकर राख हो गये।

## वाहन चेकिंग अभियान में डेढ़ लाख से ज्यादा की राशि जब्त

**सहरसा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल संचालन हेतु जिला अंतर्गत चारों विधानसभा में विभिन्न चेक पोस्ट पर कार्यरत सटैटिक टीम द्वारा 24 घंटे सघन जांच किया जा रहा है।वही उड़न दस्ता दल के द्वारा सभी संदिग्ध स्थलों पर सूचना मिलते ही जाकर जब्ती की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में सिमरी बख्तियारपउर के गोरा पुल के पास विशेष वाहन चेकिंग अभियान के द्वारा सुरेंद्र कुमार शाह पिता अशोक शाह जिला मधुबनी के पास कुल एक लाख 59 हजार सात सौ रुपए पाया गया। जब्त राशि के विरुद्ध कोई भी प्रमाणिक प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर पाने की स्थिति में स्टैटिक जांच दल के द्वारा उड़दस्ता दल के माध्यम से संबंधित थाना प्रभारी के द्वारा राशि की जब्ती की कार्यवाही की गई।

### पचास हजार से अधिक नकद ले जाने पर होगा जब्त

**गोपालगंज।** लोकतंत्र के महापर्व लोक सभा चुनाव 2024 को लेकर तैयारी जोरों पर है।आचार संहिता के दौरान 50 हजार रुपये से ज्यादा की नकदी ले जाते किसी अभ्यर्थी, अभिकर्ता या पार्टी कार्यकर्ता को पकड़े जाने पर सामान व रुपए जब्त कर लिए जाएंगे। निगरानी टीम प्रतिदिन व लगातार अधिक मात्रा में नकदी, अस्त्र-शस्त्र व असामाजिक तत्वों के आवागमन पर निगरानी रखेगी। इसके लिए जिले में 30 केंद्र बनाए गए हैं। जो सभी विधानसभा क्षेत्रों में 3-3 संवेदनशील जगहों पर बने हैं।

## पेज एक का शेष

### पीएम मोदी 14 को...

वहीं, प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। बीजेपी में जोर-शोर से रोड शो की तैयारी हो रही है।

**कांग्रेस के अजय राय से होगी पीएम मोदी की टक्कर** : वाराणसी लोकसभा सीट से कांग्रेस ने अपने वरिष्ठ नेता सह उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रमुख अजय राय को चुनावी मैदान में उतारा है। साल 2014 और 2019 में भी कांग्रेस की ओर से अजय राय ही वाराणसी से चुनाव लड़े थे। लेकिन, दोनों चुनावों में उन्हें बुरी तरह से हार का सामना करना पड़ा था। अब एक बार फिर पीएम मोदी के साथ वाराणसी में अजर राय दो-दो हाथ करने वाले हैं। बता दें, 2019 के लोकसभा चुनावों में पीएम मोदी ने साढ़े चार लाख से अधिक वोटों से जीत दर्ज की थी।

**कॉमेडियन श्याम रंगीला भी लड़ रहे हैं चुनाव** : जाने माने कॉमेडियन श्याम रंगीला भी पीएम मोदी के खिलाफ वाराणसी से चुनाव लड़ रहे हैं। श्याम रंगीला वाराणसी सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। वाराणसी से चुनाव लड़ने को लेकर उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी किया था, जिसमें उन्होंने लिखा था कि किसी को अपनी भाषा में प्रतिक्रिया मिलनी चाहिए। पीएम को उनकी भाषा में ही जवाब देने के लिए वो वाराणसी पहुंच रहे हैं।

### धर्म के आधार पर...

**डीबीटी का किया जिक्र** : पूर्व की कांग्रेस सरकार के ऊपर तंज कसते हुए कहा कि पहले सरकार एक रुपया भेजती थी, तो 85 पैसे भ्रष्टाचारी मार लेते थे। अब केंद्र की मोदी सरकार 1 रुपये भेजती है, तो पूरे 100 पैसे खाते में पहुंचते हैं।

**झारखंड से आयुष्मान भारत योजना लांच की** : अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनवाते हुए पीएम ने कहा कि केंद्र सरकार ने बाबा साहब की जयंती के दिन आयुष्मान भारत योजना झारखंड की धरती से लांच की। दुमका की धरती से मुद्रा योजना की शुरुआत की गई।

**सिंहभूम की धरती, आदिवासी क्रांतिकारियों की धरती** : पीएम मोदी ने कहा कि सिंहभूम और झारखंड की धरती, आदिवासी क्रांतिकारियों की धरती है। लेकिन कांग्रेस ने आदिवासियों के बलिदान को कभी सम्मान नहीं दिया। कांग्रेस आजादी का पूरा श्रेय केवल एक परिवार को देना चाहती है। लेकिन ये भाजपा है, जिसने भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन को एक और पहचान दी। इस दिन को हमने जनजातीय गौरव दिवस के तौर पर मनाने की शुरुआत की है। हम देशभर में जनजातीय गौरव के लिए जनजातीय म्यूजियम बना रहे हैं, लेकिन कांग्रेस को आदिवासियों के इतिहास का सम्मान पसंद नहीं है। वो जनजातीय समाज के लोगों को आगे बढ़ने देना नहीं चाहते हैं। लेकिन कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने एक आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को भारत के राष्ट्रपति बनाने का घोर विरोध किया।

### सिर्फ झूठ बोलना...

कल्पना ने कहा कि मैं हेमंत सोरेन से जेल में सप्ताह में एक बार मिलती हूं, लेकिन वह एक मुलाकात मनोबल बढ़ाने और ताकत देने के लिए पर्याप्त है। यह चुनाव एक लड़ाई है। एक प्रतियोगिता है, जिसमें हमें झारखंड को विकास की राह पर आगे ले जाना है।

सरकार चलाने के भाजपा के आरोप पर उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि भाजपा ने झूठ फैलाने का ठेका ले लिया है। ये जुमलेबाज सरकार सिर्फ झूठ बोलना जानती है। जब वे 2014 में चुनाव जीते तो उन्होंने इतने बड़े-बड़े वादे किये, लेकिन वे सब भूल गये और झारखंड के बारे में सोचने की जहमत नहीं उठायी।

कल्पना सोरेन ने कहा कि मैं कहूंगी कि जिस तरह से सभी संवैधानिक संस्थाएं आज चल रही हैं वे केवल उन राज्यों में ही क्यों काम करती हैं, जो भाजपा शासित नहीं है? यदि वे भाजपा शासित राज्यों में कोई कार्रवाई करते हैं, तो उसे जल्द ही रोक दिया जाता है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के मामले में कोई सबूत नहीं है। कोई तथ्य नहीं है। यह पूरी तरह से साजिश का हिस्सा है।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री...

नागमणि की पत्नी बिहार की पूर्व मंत्री सुचित्रा सिन्हा भी मौके पर मौजूद थीं। उन्होंने कहा कि घोर आश्चर्य है कि दस साल से मामला चल रहा है और इसकी सूचना तक पुलिस ने नहीं दी। उन्होंने कहा कि नागमणि की लोकप्रियता से क्षुब्ध होकर उनकी गिरफ्तारी करवाई गई है। बताते चलें कि 2014 के लोकसभा चुनाव में नागमणि के खिलाफ इटखोरी थाने में आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज हुआ था।

उस चुनाव में नागमणि आजसू से चतरा संसदीय क्षेत्र से बतौर प्रत्याशी थे। आरोप है कि उन्होंने अनुमति के बगैर इटखोरी में सभा की थी। मामला दर्ज होने के बाद जमानत भी नहीं ली थी। नागमणि ने बताया कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी। पुलिस ने उन्हें इस मामले में कभी नोटिस नहीं दिया। दो दिन पूर्व जब उन्हें इसकी जानकारी मिली, तो जमानत के लिए प्रयास किया। लेकिन सफल नहीं हो सके।

### सीपीआई के नेशनल...

पहली बार वे लखनऊ यूनिवर्सिटी से छात्रसंघ के अध्यक्ष के रूप में चुने गए थे। अतुल अंजान को वामपंथी राजनीति का बड़ा चेहरा माना जाता था। अतुल कुमार अंजान 20 साल की उम्र में नेशनल कॉलेज स्टूडेंट्स यूनियन के अध्यक्ष के रूप में चुने गए। वे बार-बार स्टूडेंट्स की आवाज को उठाने की वजह से बहुत फेमस हो गए थे। इसी वजह से वे एक नहीं, बल्कि चार बार लखनऊ विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष चुने गए थे। वे एक प्रभावशाली वक्ता के रूप में भी जाने जाते थे। इनको करीब आधा दर्जन से ज्यादा भाषाओं की जानकारी थी।

अंजान अपनी यूनिवर्सिटी के दिनों के दौरान ही वामपंथी पार्टी में शामिल हो गए। अतुल कुमार अंजान उत्तर प्रदेश के फेमस पुलिस-पीएसी विद्रोह के प्रमुख नेताओं में से एक थे। अंजान अपने राजनीतिक करियर के सफर में चार साल में करीब 9 महीनों तक जेल में भी रहे। उनके पिता डॉ एपी सिंह एक अनुभवी स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन की गतिविधियों में हिस्सा लिया। इसके लिए उन्हें अंग्रेजों ने जेल में डाल दिया था। किसानों और मजदूरों के लिए किए गए उनके संघर्ष के कारण हर दलों और सभी क्षेत्रों के लोगों के मन में उनके लिए विशेष सम्मान था। तेज तर्रार छात्र नेता के रूप में अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत करने वाले अतुल अंजान ने अपनी भाषण कला के जरिए यूपी की राजनीति में एक अलग मुकाम हासिल किया था। अतुल अंजान ने 20 साल की उम्र में सबसे पहले छात्र राजनीति में कदम रखा था।

### गिरफ्तारी के खिलाफ...

वह लंबे अरसे से बीमार चल रहे थे। सोरेन ने अपने चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए अदालत से 13 दिनों की अंतरिम जमानत मांगी थी। हालांकि, सुनवाई करते हुए अदालत ने उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था।

**ईडी को दिया गया था एक सप्ताह का समय** : बता दें कि हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा 31 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। उन पर जमीन से जुड़े घोटाले के मामले में धन शोधन का आरोप है। पूर्व सीएम फिलहाल रांची की बिरसा मुंडा जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले में हाईकोर्ट द्वारा सोरेन की जमानत याचिका पर जवाब देने के लिए ईडी को एक और सप्ताह का समय दिया गया था।

# बूथ प्रबंधन से बेहतर चुनाव जीतने का कोई दूसरा रास्ता नहीं : अमित शाह

## –बीजेपी कार्यकर्ता नये वोटरों और महिला मतदाताओं पर ध्यान दें

**लखनऊ (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कानपुर की एक होटल में बीजेपी की संगठनात्मक बैठक में चुनावी रणनीति को लेकर पार्टी पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने साफ तौर पर बताया कि बूथ प्रबंधन से बेहतर चुनाव जीतने का कोई दूसरा रास्ता नहीं है। उन्होंने बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए कहा कि जो बूथ जीता वो चुनाव जीता।

शाह ने कहा कि पन्ना प्रमुख, मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें बीजेपी का संकल्प पत्र देकर प्रधानमंत्री की गारंटी के बारे में बताएं और उनके घरों पर स्टीकर चिपकाएं। उन्होंने कहा कि जनता हमारे साथ है लोगों को मोदी की गारंटी पर भरोसा है। दो घंटे चली बैठक में अमित शाह ने पांचवें चरण की 14 लोकसभा सीटों की समीक्षा भी की। बरेली, बदायूं और सीतापुर में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करने के बाद सीधे बैठक में पहुंचे अमित शाह ने कहा कि पहले दो चरणों का चुनाव बहुत अच्छा रहा है। बीजेपी की जीत के साफ संकेत मिल रहे हैं।

शाह ने कहा कि सामाजिक संपर्क को और बढ़ाएं। संपर्क के दौरान नये वोटरों और महिला मतदाताओं पर ध्यान दें। उन्हें पीएम मोदी की गारंटी के बारे में जरूर बताएं।



पन्ना प्रमुखों के साथ-साथ बीजेपी नेता व कार्यकर्ता 100 फीसदी लोगों से संपर्क करेंगे और सुबह 7 बजे ही अपना, अपने परिवार के सभी मतदाताओं का मतदान कराएं। शाह ने कहा कि तीसरे चरण से लेकर अंतिम चरण तक हर सीट पर जीत का अंतर और बढ़ाना है। इसके लिए कार्यकर्ता पूरा जोर लगाएं। घर-घर संकल्प पत्र पहुंचाएं और मतदाताओं के साथ उनके घरों में चाय पर संकल्प पत्र को लेकर चर्चा करें। शाह ने पांचवें चरण की लखनऊ, मोहनलालगंज, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा सीट की समीक्षा की।

# कोवैक्सीन का दावा : हमारी वैक्सीन का कोई साइड इफेक्ट नहीं




नई दिल्ली। एस्ट्रोजेनेका और भारत में कोविशील्ड पर सवाल उठने के बाद कोवैक्सीन बनाने वाली कंपनी भारत बायोटेक ने दावा किया कि हमारे कोरोना के टीके से खून का थक्का जमने, थ्रम्बोसायटोमेनिया, टीटीएस, वाआईटीटी, पेरिकार्डिटिज, मायोकार्डिटिज जैसा कोई खतरा नहीं है। भारत बायोटेक ने कहा कि सेफ्टी हमारे लिए सबसे पहले है। कंपनी ने कहा कि कोवैक्सीन एक मात्र हमारी वैक्सीन है, जिसका ट्रायल भारत में किया गया। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को एक याचिका दायर कर कोविशील्ड टीके के किसी भी संभावित दुष्प्रभाव और जोखिम कारकों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जज की देखरेख में एक चिकित्सा विशेषज्ञ समिति गठित करने का अनुरोध किया गया। याचिका के अनुसार ब्रिटेन मुख्यालय वाली दवा कंपनी 'एस्ट्राजेनेका' ने कहा है कि कोविड-19 के खिलाफ उसका टीका बहुत दुर्लभ मामलों में कम प्लेटलेट काउंट और रक्त के थक्के बनने का कारण बन सकता है। इस टीके को भारत में कोविशील्ड के रूप में लाइसेंस के तहत बनाया गया था। कोविशील्ड को लेकर केंद्र सरकार पर विपक्ष हमलावर है।

# केरल, दक्षिण तमिलनाडु के तटीय हिस्सों में समुद्र में ऊंची लहरें उठने की चेतावनी

तिरूवनंतपुरम। केंद्रीय एजेंसियों ने केरल और दक्षिण तमिलनाडु के तटीय इलाकों में मछुआरों एवं स्थानीय निवासियों के लिए इस बारे में एक 'रेड अलर्ट' जारी किया है कि शनिवार और रविवार को समुद्र में ऊंची लहरी उठ सकती हैं। समुद्र में अचानक ऊंची लहरें उठने की इस परिघटना को 'कल्लक्कड़ल' नाम से जाना जाता है। अधिकारियों ने यहां बताया कि भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केन्द्र (आईएनसीओआईएस) और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने यह चेतावनी जारी की है। अधिकारियों ने इस चेतावनी के मद्देनजर मछुआरों और तटीय इलाकों के निवासियों से आवश्यक एहतियात बरतने का आग्रह किया है। केरल आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के एक अधिकारी ने कहा, ''समुद्र में ऊंची लहरें उठने की एनडीएमए-आईएनसीओआईएस से चेतावनी मिली है।'' मौसम एजेंसियों ने कहा कि शनिवार तड़के ढाई बजे से रविवार रात साढ़े ग्यारह बजे की अवधि के दौरान समुद्र में ऊंची लहरें उठने की संभावना है। अधिकारियों ने कहा कि इस अवधि के दौरान काफी तेज हवा चलने और समुद्र में ऊंची लहरें उठने की संभावना है। हालांकि, उन्होंने कहा कि यह सुनामी जैसी स्थिति नहीं है। इससे पहले दिन में, आईएनसीओआईएस ने कहा था कि समुद्र में 0.5 से 1.5 मीटर ऊंची लहरें उठने की संभावना है। आईएनसीओआईएस, एक केंद्रीय एजेंसी है जो देश में मछुआरों को समुद्री मौसम के बारे में चेतावनी जारी करती है। केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (केएसडीएमए) और अन्य मौमस एजेंसियों ने एक बयान में लोगों को अधिकारियों के निर्देश के अनुसार खतरनाक क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह दी है क्योंकि समुद्र का मौसम ज्यादा खराब होने की संभावना है। बयान के अनुसार, ''नौकाओं के बीच एक सुरक्षित दूरी रखकर उनके आपस में टकराने को टाला जा सकता है। मछली पकड़ने के उपकरणों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।'' एजेंसियों ने लोगों को तटों से दूर रहने और समुद्र में नहीं उतरने की भी सलाह दी है। आईएनसीओआईएस के अनुसार, हिंद महासागर के दक्षिणी हिस्से में तेज हवाएं चलने के परिणामस्वरूप समुद्र में ऊंची लहरें उठती हैं।

# केंद्रीय गृह मंत्री शाह के फर्जी वीडियो मामले में कांग्रेस के 05 कार्यकर्ता गिरफ्तार

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के फर्जी वीडियो मामले में तेलंगाना पुलिस ने पांच कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। तेलंगाना कांग्रेस के मीडिया प्रभारी कमल मेदागोनी ने कहा कि तेलंगाना इंटरनेट मीडिया संयोजक नवीन और तसलीमा सहित पांच लोगों को तेलंगाना भाजपा की शिकायत के आधार पर तेलंगाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके पहले दिल्ली पुलिस की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक आपरेशंस (कारड) यूनिट ने केंद्रीय मंत्री शाह के वीडियो से छेड़छाड़ करके प्रसार के संबंध में सात से आठ राज्यों में 16 व्यक्तियों को समन जारी किया था। कथित फर्जी वीडियो में केंद्रीय गृह मंत्री को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि भाजपा देश में आरक्षण के खिलाफ है। हालांकि, भाजपा ने वायरल क्लिप को फर्जी बताया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, तलब किए गए लोगों में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी सहित तेलंगाना में सत्तारूढ़ कांग्रेस के छह सदस्य शामिल हैं। उन्हें कई राज्यों के अन्य व्यक्तियों के साथ एक मई को दिल्ली के द्वारका में आइएफएसओ इकाई में पूछताछ के लिए उपस्थित होने के लिए कहा गया था। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री शाह का फेक वीडियो को प्रसारित करना जम्मू-कश्मीर राज्य कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रमण भल्ला के बेटे जय सिद्ध भल्ला को भारी पड़ गया। एक वकील की शिकायत पर जम्मू त्रिकुटा नगर पुलिस थाने में जय भल्ला पर मामला दर्ज किया गया है। भल्ला कांग्रेस के जम्मू रियासी संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी हैं।

# वाट्सऐप पर संदिग्ध मैसेज भेजने वालों का अकाउंट हो जाएगा लॉक, कुछ देर के लिए मैसेज जाना रुक जाएगा

नई दिल्ली। तमाम तरह के स्कैम और ठगी की गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए वाट्सऐप कंपनी ने कई तरह के कदम उठाए हैं। इसी कड़ी में वाट्सऐप नया सेफ्टी फीचर भी लांच कर रही है, जो संदिग्ध मैसेज भेजने वालों के अकाउंट को कुछ देर के लिए लॉक कर सकती है और मैसेज जाना रुक जाएगा। एक रिपोर्ट के अनुसार वाट्सऐप एक नया फीचर ला रहा है, जो किसी टार्गेट यूजर को मैसेज भेजने से रोक सकता है। जैसे ही वाट्सऐप को कोई संदिग्ध मैसेज मिलेगा, तो वह संबंधित यूजर का अकाउंट अस्थायी रूप से ब्लॉक कर सकता है और ऐसे यूजर कोई मैसेज नहीं भेज सकेंगे। इस फीचर की खास बात ये है कि यूजर का अकाउंट ब्लॉक होने पर भी वाट्सऐप पर मैसेज रिसीव कर सकेंगे। इतना ही नहीं इस पर रिप्लाई भी किया जा सकेगा। यूजर किसी भी ग्रुप में रिप्लाई कर सकेंगे, जिससे जरूरी कम्युनिकेशंस बना रहेगा। यह फीचर वाट्सऐप के नए अपडेट में शामिल हो जाएगा। यूजर जल्द ही इस तरह के फंक्शन का इस्तेमाल कर सकेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐसे अकाउंट जिनसे कोई अपशब्द वाले व्यवहार किए जाएंगे या स्पैम अथवा अन्य वॉयोलेशन होगा, उसे नया फीचर आसानी से डिटेक्ट कर लेगा। हालांकि, इसके लिए कंटेंट या कॉल को एक्सेस नहीं किया जाएगा, लेकिन ऐप का एआई यूजर के व्यवहार का पैटर्न पकड़ लेगा और संदिग्ध दिखते ही मैसेज की सुविधा को ब्लॉक कर देगा। वाट्सऐप का नया फीचर स?कैम या फ्रॉड करने वालों को पहले चेतावनी देगा और फिर भी नहीं मानें तो उनका अकाउंट हमेशा के लिए बंद कर दिया जाएगा। अभी वाट्सऐप को ऐसी कोई संदिग्ध गतिविधि दिखती है तो वह संबंधित अकाउंट को ही ब्लॉक कर देता है। इस फीचर को अभी डेवलप किया जा रहा है और जल्द ही यूजर्स को इस्तेमाल के लिए पेश कर दिया जाएगा। बता दें कि वाट्सऐप तो आज हर आदमी की जरूरत बन चुका है। इस ऐप के बिना एक दिन भी गुजारना मुश्किल हो जाता है। लेकिन, आजकल इसका गलत इस्तेमाल होना भी शुरू हो गया है। तमाम तरह के स्कैम और ठगी के मामले सामने आते हैं, जिसमें वाट्सऐप का इस्तेमाल किया गया है।

# रामलला के दर्शन कर भावुक हुए पाकिस्तानी श्रद्धालु, 33 शहरों के 223 श्रद्धालु पहुंचे अयोध्या

अयोध्या। पाकिस्तान के 33 शहरों के 223 श्रद्धालुओं ने अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किए। श्रद्धालुओं का यह जत्था रायपुर पहुंचा। जहां से अमरावती व प्रयागराज होकर श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे हैं। इस यात्रा का अंतिम पड़ाव हरिद्वार होगा। रामलला के दरबार में जब पाक श्रद्धालु पहुंचे तब सभी श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर भाव विभोर हो उठे। दर्शन के बाद श्रद्धालुओं ने बताया कि रामलला से प्रार्थना की है कि भारत व पाकिस्तान के रिश्ते जल्द से जल्द बेहतर हों। श्रद्धालु दो अलग-अलग जत्थों में अयोध्या पहुंचे और शुक्रवार की सुबह सरयू स्नान कर रामलला सहित विभिन्न मंदिरों में दर्शन-पूजन किया। अयोध्या की धार्मिकता से सभी श्रद्धालु बहुत ही प्रभावित दिखाई दिए। जत्थे का नेतृत्व कर रहे सदाणी दरबार के मुखिया साईं डॉ. युधिष्ठिर लाल ने बताया कि गुरु परंपरा के भक्त हर वर्ष यहां आते हैं। इस जत्थे में पाकिस्तान से कराची, लाहौर, सक्खर, घोटकी और हैदराबाद सहित कई शहरों के श्रद्धालु शामिल हैं। सबसे अधिक संख्या में सिंध प्रांत के आठ जिलों के श्रद्धालु शामिल हैं। अयोध्या पहुंचे पाक श्रद्धालुओं का सिंधी समाज की ओर से स्वागत किया गया। विहिप नेता गजेंद्र सिंह के निर्देशन में सभी श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन कराए गए। राममंदिर ट्रस्ट की ओर से सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पाकिस्तानी पत्रकार ज्योति श्री माहेश्वरी ने बताया कि अयोध्या में जब प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी, तब हमारे आंखों से आंसू गिर रहे थे। हम सभी इस क्षण के साक्षी बनना चाहते थे, लेकिन सीमाओं के बंधन के चलते नहीं आ सके। श्रद्धालुओं ने कहा कि हम भारत सरकार के शुक्रगुजार हैं, हमें अयोध्या आने का मौका मिला। सिंध प्रांत निवासी धनराज ने बताया कि वे 35 सालों से बेकरी चलाते हैं। पाकिस्तान में लोगों को धर्म-संस्कृति से जोड़ने की जरूरत है।

# मां नरगिस की 43वीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद कर भावुक हुए संजय दत्त

मुंबई। पिछले 44 साल से फिल्मों में सक्रिय संजय दत्त ने अपनी मां अभिनेत्री नरगिस दत्त की 43वीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद कर फिर भावुक हो गए। संजय हर साल नरगिस की डेथ एनिवर्सरी पर काफी भावुक हो जाते हैं। संजय ने मां संग अपनी तस्वीरें शेयर कर एक भावुक पोस्ट लिखी है। संजय ने लिखा, मिस यू मां, हालांकि आप यहां नहीं हो, लेकिन आपकी मौजूदगी हर पल महसूस होती है, हमारे दिलों और हमारी यादों में बसी हैं मां, लव यू।

# हैट्रीक पर राजनाथ सिंह की नजर, 5 बार सांसद रहे अटल बिहारी वाजपेयी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लखनऊ उत्तर प्रदेश के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है। राज्य में 80 संसदीय सीटें हैं। लखनऊ सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं जिनमें लखनऊ पश्चिम, लखनऊ उत्तर, लखनऊ पूर्व, लखनऊ मध्य और लखनऊ कैंट शामिल हैं। यह निर्वाचन क्षेत्र एक सामान्य सीट है और अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित नहीं है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), समाजवादी पार्टी (सपा), कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) इस निर्वाचन क्षेत्र में मुख्य दल हैं। इस सीट का प्रतिनिधित्व भाजपा के दिग्गज नेता और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने लगातार पांच बार 1991, 1996, 1998, 1999 और 2004 में किया।

2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने 3,47,302 वोटों के अंतर से लगातार दूसरी बार सीट जीती। उन्हें 56.64त्न वोट शेयर के साथ 6,33,026 वोट मिले। उन्होंने सपा उम्मीदवार पूनम शत्रुघ्न सिन्हा को हराया, जिन्हें 2,85,724 वोट (25.57त्न) मिले थे। कुल वैध मतों की संख्या 11,16,445 थी। कांग्रेस उम्मीदवार आचार्य प्रमोद कृष्णम 1,80,011 वोट (16.11त्न) के साथ तीसरे स्थान पर रहे। 2014 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने पहली बार इस सीट से जीत हासिल की। उन्हें 54.23त्न वोट शेयर के साथ 5,61,106 वोट मिले। कांग्रेस उम्मीदवार रीता बहुगुणा जोशी को 2,88,357 वोट (27.87त्न) मिले और वह उपविजेता रहीं।



सिंह ने जोशी को 2,72,749 वोटों के अंतर से हराया. इस निर्वाचन क्षेत्र में डाले गए वैध वोटों की कुल संख्या 10,33,883 थी। बसपा उम्मीदवार नकुल दुबे 64,449 वोट (6.23त्न) के साथ तीसरे और सपा उम्मीदवार अभिषेक मिश्रा 56,771 वोट (5.49त्न) के साथ चौथे स्थान पर रहे। आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार और अभिनेता जावेद जाफरी महज 41,429 वोट (4.00त्न) के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

## इस बार का चुनाव

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, जो लखनऊ से दो बार के सांसद हैं, का सीधा मुकाबला इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार रविदास मेहरोत्रा ??से है, जो लखनऊ सेंट्रल विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के विधायक हैं। सिंह प्रतिष्ठित संसदीय क्षेत्र से अपनी लगातार तीसरी जीत सुनिश्चित करने के लिए चुनाव लड़ेंगे, जिसका प्रतिनिधित्व 1991 से 2004 तक पांच बार दिवंगत प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था।

## लखनऊ विगत विजेता

लाल जी टंडन (भाजपा)= 2009, अटल बिहारी वाजपेई (बीजेपी)= 2004, अटल बिहारी वाजपेई (बीजेपी)= 1999, अटल बिहारी वाजपेयी (भाजपा)= 1998, अटल बिहारी वाजपेयी (भाजपा)= 1996, अटल बिहारी वाजपेयी (भाजपा)= 1991, मांधाता सिंह (जनता दल)= 1989, शीला कौल (कांग्रेस)= 1984, शीला कौल (कांग्रेस)= 1980, हेमवती नंदन बहुगुणा (बीएलडी)= 1977

# अजमल और हुसैन को वोट देना नर गाय से दूध की उम्मीद करने जैसा

## –सीएम सरमा ने असम की धुबरी में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कही यह बात

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के मौजूदा सांसद बदरुद्दीन अजमल और कांग्रेस उम्मीदवार रकीबुल हुसैन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अजमल और हुसैन को वोट देना नर गाय से दूध की उम्मीद करने जैसा है। सरमा असम के मुस्लिम बहुल लोकसभा क्षेत्र धुबरी में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा, अजमल और हुसैन के लिए वोट करना नर गाय से दूध की उम्मीद करने जैसा होगा।

उन्होंने दावा किया कि सात मई को आम चुनाव के तीसरे चरण में असम गण परिषद (एजीपी), एआईयूडीएफ और कांग्रेस के उम्मीदवारों के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होगा। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि बीजेपी की सहयोगी एजीपी उन क्षेत्रों में समर्थन हासिल कर रही है, जहां पहले लोगों के बीच उनका कोई प्रभाव नहीं था। गोलकगंज में एक सार्वजनिक बैठक में उन्होंने क्षेत्र में एआईयूडीएफ और कांग्रेस के समर्थन में आई गिरावट पर कहा कि लोगों को एहसास हो गया है कि धुबरी में सांसद अजमल का अब दबदबा नही है और उन्हें रकीबुल हुसैन की भी जरूरत नहीं है। 13 उम्मीदवारों और 26 लाख से अधिक मतदाताओं के साथ राजनीतिक दौड़ ज्यादातर एआईयूडीएफ के बदरुद्दीन अजमल, कांग्रेस के रकीबुल हुसैन और एजीपी के जावेद इस्लाम के बीच है।

मुख्यमंत्री सरमा ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के माफिया राज वाले बयान पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी ने कांग्रेस शासन के दौरान माफिया राज के दिन नहीं देखे हैं। आज राज्य में न कोई बम विस्फोट होता है, न कोई गोली चलती है, न कोई उल्फा है, और न कोई एनडीएफबी, सिर्फ रकीबुल हुसैन का माफिया राज था। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रियंका और राहुल गांधी को असम के लोगों के बीच कोई समर्थन नहीं मिल रहा है।

सीएम सरमा के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस उम्मीदवार रकीबुल हुसैन ने सरम की आलोचना करते हुए कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद उन्होंने अपना रुख बदल लिया है। हुसैन ने दावा किया कि धुबरी में सरमा की नई रुचि उनकी इस मान्यता से पैदा हुई कि बीजेपी को अन्य समुदायों से पर्याप्त समर्थन नहीं मिल रहा है। धुबरी से कांग्रेस ही जीतेगी।

# चंद्रमा के सतह की तुलना में नीचे बर्फ कई गुणा ज्यादा

## – भारतीय वैज्ञानिकों के नए शोध से सबको चौंकाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हालिया अध्ययन से इस बात की उम्मीद जगी है कि चंद्रमा के ध्रुवीय गड्ढों में पहले के अनुमान से काफी अधिक उपसतह जल बर्फ हो सकती है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो के ताजा शोध से पता चलता है कि सतह के कुछ मीटर नीचे बर्फ की मात्रा सतह की तुलना में 5 से 8 गुना अधिक है।

यह दबी हुई बर्फ चंद्रमा पर लंबे समय तक मानव उपस्थिति को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। इसरो स्पेस एप्लीकेशन सेंटर (एसएसी) के टी चक्रवर्ती ने कहा, इस बर्फ के वितरण और गहराई की सटीक जानकारी भविष्य में इन चंद्र वाष्पशील पदार्थों का पता लगाने और नमूना लेने के लिए लैंडिंग स्थलों का चयन करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। नासा के चंद्र टोही ऑर्बिटर (एलआरओ) पर सवार सात उपकरणों से डेटा का विश्लेषण करते हुए टीम ने पाया कि उत्तरी ध्रुवीय क्षेत्र में दक्षिणी ध्रुवों की तुलना में लगभग दोगुनी बर्फ है। माना जाता है कि बर्फ की उत्पत्ति प्राचीन चंद्र ज्वालामुखी के दौरान निकलने वाली गैस से हुई थी।

भारत के चंद्रयान-2 चंद्र ऑर्बिटर के रडार डेटा का उपयोग करते हुए निकाले गए निष्कर्ष संकेत देते हैं कि कुछ ध्रुवीय क्रेटर में बर्फ जमा हो सकती है। इसरो का कहना है कि नया अध्ययन चंद्रमा के वाष्पशील पदार्थों के इन-सीटू जांच के लिए उसकी भविष्य की योजनाओं का समर्थन करता है। पानी मानव जीवन के लिए एक बहुमूल्य संसाधन है। ऐसे में चंद्रमा की सतह के ठीक नीचे से बर्फ का होना एक नई संभावना पैदा करता है। बता दें कि चंद्रमा पर पानी की खोज को लेकर दुनियाभर के वैज्ञानिक सालों से खोज में जुटे हैं।

# देवगौड़ा परिवार की करतूतों का खुलासा: लड़कियों के साथ घंटो बाथरुम में नहाता था प्रज्वल रेवन्ना

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते की काली करतूतों का परत दर परत खुलासा हो रहा है। सैकड़ों महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों से घिरा प्रज्वल रेवन्ना विदेश भाग गया है लेकिन कथित कुकर्म उसका लगातार पीछा कर रहे हैं। सैकड़ों आपत्तिजनक वीडियो सामने आए हैं। इन वीडियो में प्रज्वल रेवन्ना महिलाओं का यौन शोषण करते नजर आ रहे हैं। हालांकि प्रज्वल रेवन्ना और उनके परिवार ने इन वीडियो को फेक बताते हुए परिवार की छवि खराब करने का आरोप लगाया है। कर्नाटक सरकार ने एसआईटी गठित कर दी है। प्रज्वल जर्मनी में हैं और उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। एक शख्स अन्य शख्स ने बताया कि रेवन्ना के घर में काम करने वाली लड़कियां और महिलाएं घबराती थीं। वह उन्हें नहाते समय बाथरूम में आपने साथ ले जाता था। बाथरूम में उनका यौन शोषण करता था। जब वह नहाने जाता था तो घर की काम करने वाली महिलाएं यहां-वहां छिप जाती थीं ताकि वह बच सकें। कोई महिला या लड़की रेवन्ना से कोई मदद की आस लेकर आती थी तो वह उसे भी अपने जाल में फंसा लेता था।



वह महिलाओं और लड़कियों की मजबूरी का फायदा उठाता था। रेवन्ना परिवार की हनक के चलते हर कोई डरता था।

यहां के एक नागरिक ने बताया कि देवगौड़ा परिवार से यहां के लोग डरते हैं, क्योंकि बीते 20 साल से उनका यहां होल्ड रहा है। वह कहते हैं कि लोग एचडी देवगौड़ा का सम्मान करते हैं लेकिन रेवन्ना परिवार से डरते हैं।एक स्थानीय शख्स ने बताया कि ब्राह्मण वेद को मानते हैं। वह हर किसी को समान समझते हैं, गले लगाते हैं, लेकिन यह देवगौड़ा परिवार ब्राह्मण से भी खुद को ऊपर समझते हैं। रेवन्ना और उनके परिवार की संस्कृति ही अलग तरह की है। अगर दलित समुदाय का कोई शख्स उनसे मिलना चाहता है तो उसे सुबह जल्दी जाना पड़ता है, ऐसा इसलिए क्योंकि वह बिना नहाए ही दलितों से मिलते हैं। किसी कारण से रेवन्ना के घर जाकर उनसे मिल सुबह मिलता है। एक दूसरे स्थानीय शख्स ने बताया कि अगर सुबह उनके नहाने के बाद कोई दलित मिलने पहुंच गया तो वे नाराज हो जाते हैं। वह कहते हैं कि यह कोई समय है आने का? इस समय क्यों आए हो? वे अपने लोगों से हम लोगों को वहां से हटाने को कहते हैं। अगर कोई धोखे से उन्हें छू गया तो वह फिर से नहाते हैं। हालांकि ये लोग कहते हैं कि यह सिर्फ रेवन्ना परिवार के साथ है, देवगौड़ा ऐसे बिल्कुल नहीं हैं, वह हर किसी के साथ सामान व्यवहार करते हैं। लोगों ने बताया कि जब रेवन्ना यहां से जिला पंचायत सदस्य बने, विधायक और सांसद बनते गए, वैसे-वैसे वह देवगौड़ा को हम लोगों से दूर ले गए। वह सिर्फ वोक्कालिगा के लिए सोचते हैं, उनकी ही राजनीति करते हैं। कोई भी दलित उनके सामने बैठ नहीं सकता है। दलितों के बीच होने पर सिर्फ रेवन्ना परिवार के लिए ही कुर्सी होती है जबकि बाकी सबको खड़ा रहना पड़ता है।

# अपना अस्तित्व बचाने के लिए संघर्ष कर रहे धर्मावरम के बुनकरों को नई सरकार से है काफी उम्मीद

**धर्मावरम (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश की रेशम नगरी के रूप में प्रसिद्ध धर्मावरम के बुनकर अपने अस्तित्व को बचाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं लेकिन विधानसभा चुनाव से उनमें उम्मीद जगी है कि उनकी आवाज भी सत्ता के गलियारे में सुनी जाएगी। पारपंरिक रूप से हथकरघा से साड़ी बुनने में यहां के बुनकरों को महारत हासिल है और यह धर्मावरम के ही बुनकर थे जिन्होंने पहली बार 1918 में ऐसी साड़ी बुनी थी जिसे माचिस की डिब्बी में रखा जा सकता था। हाल ही में यहां के बुनकरों ने अयोध्या में नवनिर्मित रामलला के मंदिर के लिए 180 फीट लंबी और 16 किलोग्राम वजनी साड़ी बुनी थी।

धर्मावरम के बुनकरों को शानदार डिजाइन और बेहतर गुणवत्ता की साड़ी बुनने के लिए जाना जाता है और इसलिए उनकी बुनी साड़ियों की तुलना तमिलनाडु के कांचीपुरम में बुनी जाने वाली प्रतिष्ठित कांजीवरम साड़ियों से की जाती है। धर्मावरम में एक समय हथकरघा उद्योग फल-फूल रहा था जो अब कई समस्याओं का सामना कर रहा है जिनमें 'पावरलूम' के आने की वजह से सस्ते वैकल्पिक कपड़ों की आमद शामिल है। इस समस्या को बुनकरों की कमी और विकराल बना देती है क्योंकि नयी पीढ़ी अन्य स्थानों पर बेहतर अवसरों की तलाश में जा रही है।

यहां बाकी बचे बुनकर कच्चे माल की कीमतों में हुई बढ़ोतरी और सरकार की कम होती मदद के बाद अपने पेशे को बचाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कोटापेटा कॉलोनी में रहने वाले 50 वर्षीय बुनकर के आदिनारायण ने कहा, ''हमारे लिए अपनी कला को बचाए रखना मुश्किल होता जा रहा है।'' उन्होंने बताया, ''राज्य सरकार ने 24 हजार रुपये की सलाना सब्सिडी बंद कर दी है जिसकी मदद से हम रेशम और जरी की कीमत में वृद्धि का मुकाबला करते थे।'' बुनकरों के मुताबिक रेशम की कीमत 2011 में 2600 रुपये प्रति किलोग्राम थी जो अब बढ़कर 5600 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है।

उन्होंने बताया कि यहां तक 2011 में जहां आधा किलोग्राम शुद्ध जरी 1200 रुपये में मिल जाता था अब उसकी कीमत पांच हजार रुपये हो गई है। आदिनारायण ने कहा कि जमानतदार नहीं होने की वजह से कच्चा माल खरीदने के लिए 'मुद्रा ऋण' योजना से 50 हजार रुपये भी प्राप्त करना मुश्किल हो रहा है। बुनकरों की मुश्किल बाजार में पावरलूम से बनी और धर्मावरम साड़ियों के नाम पर बेची जाने वाली सस्ती साड़ियों की बाढ़ ने भी बढ़ा दी है। एक अन्य बुनकर के. शंकरैया(50) ने भी कहा कि उन्हें दो साल से सब्सिडी नहीं मिली है। उन्होंने सरकार से नियमों को आसान बनाने की मांग की ताकि आसानी से ऋण प्राप्त की जा सके।

आगामी विधानसभा चुनाव से धर्मावरम के लोगों को हालात में सुधार होने की उम्मीद है। धर्मावरम में इस समय 48,000 बुनकर, 19,000 हथकरघा और 2,4820 साड़ी की दुकानें हैं। इस विधानसभा क्षेत्र से वाईएसआर कांग्रेस के मौजूदा विधायक के. वेंकट रामी रेड्डी दोबारा उम्मीदवार हैं जबकि कांग्रेस ने रंगना अश्वर्थ नारायण को मैदान में उतारा है। भाजपा की तरफ से यहां वाई. सत्य कुमार मैदान में हैं।



आंध्र प्रदेश की 175 सदस्यीय विधानसभा का चुनाव 13 मई को राज्य की 25 लोकसभा सीट के साथ होगा।

# आईपीएल में आज होगा आरसीबी और गुजरात का मुकाबला

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** आईपीएल में शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) की टीम गुजरात टाइटंस के खिलाफ उतरेगी। आरसीबी को इस मैच में अपने घरेलू मैदान का लाभ मिलने की उम्मीदें रहेंगी। ये दोनो टीम अंकतालिका में काफी पीछे हैं। आरसीबी दस मैचों में छह अंक लेकर तालिका में सबसे नीचे है जबकि टाइटंस के दस मैचों में आठ अंक हैं और वह आठवें स्थान पर है। ऐसे में प्लेऑफ के लिए अपनी उम्मीदें बनाये रखने के लिए दोनो ही टीमों को ये मैच हर हाल में जीतना होगा।

इन दोनो ही टीमों की संभावना चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स को पिछले मैचों में मिली हार से बनी हैं। इन दोनों ही टीमों को अब हर मैच जीतने के साथ ही दूसरी टीमों के परिणामों पर भी आधारित रहना होगा। आरसीबी के लिए अब तक इस सत्र में अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने सबसे अधिक रन बनाये हैं। इस मैच में भी टीम को उनसे इसी प्रकार के प्रदर्शन की उम्मीदें रहेंगी। आरसीबी की ओर से विराट के अलावा कप्तान फाफ डु प्लेसी और रजत पाटीदार ने भी अच्छी बल्लेबाजी की है पर अन्य बल्लेबाजों ने निराश किया है। वहीं टीम के गेंदबाज भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं जिससे टीम अपने स्कोर का बचाव नहीं कर पायी है। ऐसे में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज , यश दयाल, कर्ण शर्मा और स्वप्निल सिंह को अब अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। इन गेंदबाजों में इस मैच में गुजरात के बल्लेबाजों को बड़ा स्कोर बनाने से रोकना होगा। गुजरात के पास कप्तान शुभमन गिल , साई सुदर्शन और डेविड मिलर सहित कई अच्छे गेंदबाज हैं पर टीम को निरंतरता की कमी से लाभ नहीं मिला है। टीम अभी तक एक ईकाई के रूप में अच्छा नहीं कर पायी है। इसी कारण वह करीबी मुकाबले हारी है।

गुजरात के पास राशिद खान जैसा शानदार स्पिनर है पर वह भी अब तक प्रभावित नहीं कर पाये हैं। राशिद ने हालांकि अंतिम ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी की है। राशिद ने दस मैचों में आठ की इकॉनॉमी रेट से आठ विकेट लिये हैं। पिछले साल उन्होंने 8 . 24 की इकॉनॉमी रेट से 27 विकेट लिये थे। उसके तेज गेंदबाज उमेश यादव और मोहित शर्मा ने विकेट लिए हैं पर काफी रन भी दिये हैं।

कुल मिलाकर देखा जाये तो ये मैच रोमांचक रहेगा। इसमें टॉस पर भी काफी कुछ परिणाम आधारित रहेगा। बल्लेबाजी पिच होने के कारण टॉस जीतने वाली टीम बड़ा स्कोर बनाना चाहेगी।




### टीम

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर** ~फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

**गुजरात टाइटंस** ~शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रॉबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, शशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुतार।

# कीस को हराकर इगा स्वियातेक मैड्रिड ओपन फाइनल में



**मैड्रिड (एजेंसी)।** इगा स्वियातेक ने मेडिसन कीस को सीधे सेटों में हराकर मैड्रिड ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना एरिना सबालेंका से होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने कीस को 6.1, 6.3 से मात दी। अब वह सबालेंका से खेलेंगी जिन्होंने चौथी रैंकिंग वाली एलेना रिबाकिना को 1.6, 7.5, 7.6 से हराया है। पुरूष वर्ग में दानिल मेदवेदेव 31वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका से पहला सेट 4.6 से हारने के बाद क्वार्टर फाइनल मैच से रिटायर हो गए। उन्हें दाहिने पैर में चोट लगी थी और उपचार भी लेना पड़ा। लेहेका का सामना अब 35वीं रैंकिंग वाले फेलिक्स आगर एलियास्सिमे से होगा।

# विराट का अनुभव टी20 विश्वकप के लिए अहम रहेगा : अगरकर

### –आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में है अंतर



**मुम्बई (एजेंसी) ।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर ने विराट कोहली की प्रशंसा करते हुए कहा है उनका अनुभव बहुमूल्य है और वह टी20 विश्व कप में हमारे लिए बेहद अहम हैं। अगरकर ने कहा कि इसी कारण हम आईपीएल में उनके स्ट्राइक रेट को लेकर विचार नहीं कर रहे क्योंकि हम जाने हैं कि वह शीर्ष स्तर के खिलाड़ी हैं।

विराट ने अब तक 10 पारियों में एक शतक और चार अर्धशतकों के साथ 500 रन बनाए हैं पर उनके 147 से कुछ अधिक का उनका स्ट्राइक रेट को कम बताया जा रहा है। वहीं अन्य बल्लेबाजों ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड का स्ट्राइक रेट 194 से अधिक हैं। इसके अलावा फिल सॉल्ट 180 से अधिक और सुनील नारायण 182 से अधिक हैं। अगरकर ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि हम इस पर चर्चा कर रहे हैं। वह आईपीएल में शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं इसलिए कोई चिंता की बात नहीं है।'

विराट का अनुभव बहुमूल्य है पर अगरकर का मानना है कि अगर बड़े स्कोर वाले मैच होते हैं तो बल्लेबाजी क्रम में पर्याप्त पावर हिटर हैं। अगरकर ने कहा कि आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अंतर है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अनुभव बहुत अहम होता है। अगरकर का सीधा कहना है कि विश्वकप कप का दबाव अलग होता है। इसलिए वह कोहली के स्ट्राइक रेट को लेकर चिंतित नहीं हैं। विराट कोहली के नाम टी20 वर्ल्ड कप में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड है

# टेस्ट, वन डे और टी-20 सीरीज के लिए द. अफ्रीका की मेजबानी करेगा भारत

**मुम्बई (एजेंसी)।** बेंगलुरू ~ भारत जून और जुलाई में 1 टेस्ट, 3 एकदिवसीय और 3 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की मेजबानी करेगा। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के एक अधिकारी ने बताया कि वनडे और टी20 मैच बेंगलुरु में खेले जाएंगे, जबकि टेस्ट मैच चेन्नई में खेला जाएगा।

वनडे मैच 16 जून से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होंगे, जबकि एकमात्र टेस्ट 28 जून से एमए चिदंबरम स्टेडियम में शुरू होगा। इसके बाद टीमें पांच, सात और नौ जुलाई को टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए बेंगलुरु लौटेंगी। इस टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला की अहमियत इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि सितंबर-अक्टूबर में बांग्लादेश में महिला टी20 विश्व कप खेला जाएगा।

सफेद गेंद प्रारूप की श्रृंखला मूल रूप से पिछले साल के आखिर में खेली जानी थी और यह आईसीसी भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) का हिस्सा थे, लेकिन पिछले साल अक्टूबर और नवंबर के बीच भारत में आयोजित 50 ओवर के आईसीसी पुरुष विश्व कप के कारण उन्हें आगे बढ़ाना पड़ा। सीमित ओवरों की श्रृंखला में अब एक टेस्ट मैच को भी शामिल कर लिया है।

**महिला क्रिकेट**



भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) पारंपरिक प्रारूप में महिला क्रिकेट को और अधिक प्रोत्साहन देने चाहता है। गौरतलब है कि भारत ने पिछले साल दिसंबर में मुंबई में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक-एक टेस्ट खेला था। भारत ने उन मैचों में इंग्लैंड को महिला टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़े 347 रनों से और ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से हराया था।

# पांड्या के चयन को अगरकर ने सही बताया, कहा : उसका कोई विकल्प नहीं

मुंबई ।बीसीसीआई चयनसमिति के प्रमुख अजित अगरकर ने आगामी टी20 विश्व कप क्रिकेट के लिए ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के चयन को लेकर कहा कि हमारे पास उनका कोई विकल्प नहीं था। अगरकर के अनुसार कोई अन्य खिलाड़ी वो भूमिका नहीं निभा सकता जो पंड्या निभाते हैं। अगरकर के अनुसार हार्दिक के होने से टीम में संतुलन आता हैं, साथ ही वह जिस प्रकार खेलता है वैसे कोई नहीं खेल सकता। साथ ही कहा कि टीम चयन में आईपीएल प्रदर्शन की भूमिका नहीं रही है। उन्होंने ये बात इसलिए कही कि पंड्या आईपीएल में गेंदबाजी और बल्लेबाजी में विफल रहे हैं। इसी कारण कई लोगों ने हार्दिक को टी20 विश्व कप टीम का उपकप्तान बनाए जाने पर सवाल उठाये थे। इसके अलावा पंड्या की फिटनेस भी अच्छी नहीं रही है। अगरकर ने कहा कि उपकप्तानी को लेकर कोई बात नहीं हुई। उसने अभी तक मुंबई इंडियंस के लिए सारे मैच खेले हैं। वहीं टी20 विश्वकप में अभी समय है। वह फिट है तो वह जो कर सकता है, उसका कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि वह चोट के बाद लंबे समय में वापसी कर रहा है। हमें उम्मीद है कि वह अपनी फिटनेस पर काम कर रहा है। गेंदबाजी करने पर वह रोहित को काफी विकल्प और संतुलन दे सकता है। अगरकर ने कहा कि जब तक वह फिट रहता है तो हम जानते हैं कि वह क्या कर सकता है। वह टीम को कितना संतुलन देता है। मुझे नहीं लगता कि इस समय एक क्रिकेटर के तौर पर वह जो कर सकता है, उसका कोई विकल्प है, खासकर जब बात उसके गेंदबाजी करने के तरीके की हो। उन्होंने कहा कि वास्तव में अपने संतुलन के साथ वह रोहित को अलग-अलग संयोजनों में खेलने का विकल्प देता है, इसलिए हमारे लिए उसकी फिटनेस अहम है और अब तक किस्मत से, वह एक खिलाड़ी के तौर पर ठीक-ठाक प्रदर्शन कर रहा है।



# रुतुराज को टी20 विश्व कप के लिए शामिल नहीं करने पर भड़के श्रीकांत




मुम्बई ।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान के श्रीकांत ने बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ को टी20 विश्व कप के लिए शामिल नहीं किये जाने पर नाराजगी जतायी है। श्रीकांत ने इस मामले में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयनसमिति को भी आड़े हाथों लिया है। श्रीकांत ने कहा कि टीम चुनने में बहुत ज्यादा पक्षपात हुआ है। श्रीकांत ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि रुतुराज को इस टीम में जगह मिलनी चाहिये थी। उन्होंने 17 टी20ई पारियों में 500 से अधिक रन बनाए। इसके अलावा उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक भी बनाया था। वहीं टीम में रिजर्व के तौर पर शामिल शुभमन गिल फार्म में नहीं हैं, इसके बाद भी उन्हें जगह दी गयी। साथ ही कहा कि शुभमन अगर असफल भी होते हैं तो भी उन्हें अवसर मिलता है। टेस्ट, एकदिवसीय और टी20 में असफल होने पर भी उन्हें जगह मिल जाती है। श्रीकांत ने आईपीएल के इस सत्र में रुतुराज के अच्छे प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने 10 पारियों में 500 से अधिक रन बनाये हैं। इसके बाद भी उन्हें टी20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में नहीं है। श्रीकांत ने इसके साथ ही आक्रामक बल्लेबाज रिंकू सिंह को जगह ना मिलने पर नाराजगी जतायी है। उन्होंने कहा कि रिंकू कठिन हालातों में भी दबाव में नहीं आने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया है।

# पीसीबी ने आईसीसी से कहा , चैंपियन्स ट्रॉफी में भारत के मुकाबले एक ही शहर में रखें

**लाहौर(एजेंसी) ।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अगले साल होने वाले चैंपियन्स ट्रॉफी में भारतीय टीम के क्वालीफाइंग दौर के मुकाबलों को एक ही जगह रखना चाहता। इसी कारण पीसीबी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ( आईसीसी ) से कहा है कि इन मुकाबलों को कराची, रावलपिंडी और लाहौर को में से किसी एक जगह पर रखा जाए। आईसीसी के महाप्रबंधक वसीम खान ने भी हाल ही में लाहौर का दौरा किया था जहां उन्होंने पीसीबी के शीर्ष अधिकारियों के साथ चैंपियन्स ट्रॉफी की तैयारियों पर बात की थी। तब पीसीबी ने उन्हें सलाह दी थी कि सुरक्षा कारणों से भारतीय टीम के यात्रा कार्यक्रम को कम से कम रखा जाए।'' ऐसे में वह क्वालीफाइंग दौर के मैच कराची में चाहता है।

भारत और पाक अभी केवल आईपीसी टूर्नामेंटों में खेल रहे हैं पर इसके बाद भी भारतीय टीम के पाक जाने की कोई संभावनाएं नजर नहीं आती हैं। इससे पहले एशिया कप में भी भारत ने सुरक्षा करणों से पाक जाने से इंकार कर दिया था। तब भारत के मुकाबले श्रीलंका में हुए थे। वहीं पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी के अनुसार इस बार किसी अन्य देश में मुकाबले नहीं रखे जाएंगे और सभी टीमों को पाक में ही खेलना होगा। पीसीबी ने आईसीसी ने कहा है कि वह भारतीय क्रिकेट बोर्ड पर चैम्पयंस ट्रॉफी में खेलने के लिए अपने प्रभाव का इस्तेमाल करे। पीसीबी के अनुसार उसने चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए अपनी ओर से तैयारियां शुरु कर दी हैं।




# चेलसी से हारकर टोटेनहम की चैम्पियंस लीग की उम्मीदों को झटका



लंदन ~ चेलसी के हाथों 2.0 से मिली हार के साथ टोटेनहम की चैम्पियंस लीग फुटबॉल के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को करारा झटका लगा। प्रीमियर लीग में टोटेनहम की यह 4 दिन में दूसरी हार थी। उसे आर्सनल ने रविवार को 3.2 से हराया था। इंग्लैंड को अगले सत्र में चैम्पियंस लीग में चार ही कोटा स्थान मिलेंगे। टोटेनहम तालिका में 5वें स्थान पर है और चौथे स्थान पर काबिज एस्टोन विला उससे 7 अंक आगे है।

# शैफाली की शानदार पारी से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीसरा टी20 जीता, सीरीज में 3-0 की बढ़त मिली

सिलहट (ईएमएस)।शेफाली वर्मा की अर्धशतकीय की सहायता से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीसरे टी-20 मुकाबले में बांग्लादेश को सात विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम पांच मैच की टी20 सीरीज में 3-0 से आगे हो गयी है। इस मैच में जीत के लिए मिले 118 रनों के लक्ष्य का पीछा करने सलामी बल्लेबाज शेफाली और स्मृति ने तेजी से खेलते हुए पहले विकेट लिए 91 रन बनाये। शेफाली ने 38 गेंदों में आठ चौकों की सहायता से 51 रन जबकि मंधाना ने पांच चौके, एक छक्का लगाते हुए 47 रन बनाये। शेफाली ने इस मैच में अपना नौवां अर्धशतक पूरा किया। इन दोनो के आउट होने के बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 6 और ऋचा घोष ने 8 रन बनाकर भारतीय टीम को जीत के लक्ष्य तक पहुंचाया। इस प्रकार भारतीय टीम ने 18.3 ओवर में ही तीन विकेट पर 121 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। इससे पहले आज भारतीय टीम ने टॉस जीतकर मेजबान टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। बांग्लादेश की टीम के लिए सलामी बल्लेबाज दिलारा अख्तर ने 39 और कप्तान निगार सुल्ताना ने 28 रन बनाये। इनके आउट होने के बाद अन्य बल्लेबाज एक के बाद एक आउट होते चले गये। इस प्रकार मेजबान टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 117 रन ही बना पायी। भारत की ओर से राधा यादव ने 22 रन देकर दो विकेट लिए जबकि रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर और श्रेयंका पाटिल ने एक-एक विकेट लिया।



# अब बॉलीवुड में नजर आयेंगे रसेल



मुम्बई ।अपनी आक्रमक बल्लेबाजी के लिए मशहूर वेस्टइंडीज के क्रिकेटर आंद्रे रसेल अब बॉलीवुड में भी कदम रख रहे हैं। रसेल पिछले कई साल से भारत में आईपीएल खेल रहे हैं। रसेल के प्रशंसक भी भारत में काफी हैं, इस कारण भी उन्हें भारत में रहना पसंद है। रसेल का कहना है कि उन्हें भारत में बहुत प्यार मिलता है। अब वह अभिनेत्री अविका गौर के साथ एक गाने में डांस करते दिखेंगे। ये गाना 9 मई को रिलीज होगा। रसेल ने कुछ दिन पहले ही इस गाने की शूटिंग का पहला शॉट देने की एक तस्वीर भी साझा की थी। रसेल शांता स्वभाव के हैं और आईपीएल में केकेआर की ओर से खेल रहे हैं। हाल ही में उन्होंने अपना जन्मदिन भी भारत में ही मनाया था। रसेल ने अबतक 30 से ज्यादा टीमों की ओर से लीग क्रिकेट खेला है। इस सत्र में वह आईपीएल में केकेआर की तरफ से खेलते हुए रसेल को प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है वह 9 मैचों में केवल 179 रन ही बना पाये हैं। वहीं उन्होंने 9 विकेट लिए हैं।

# चार स्पिनरों के चयन पर बोले रोहित : हालात के अनुसार लिया फैसला

### –आईपीएल प्रदर्शन को नहीं दिया अधिक महत्व

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने आगामी टी20 विश्व कप क्रिकेट के लिए टीम में चार स्पिनरों के चयन को लेकर कहा कि इसमें आईपीएल प्रदर्शन को अधिक महत्व नहीं दिया गया। विश्वकप के लिए भारतीय टीम में शामिल चार स्पिनरों में कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल कलाई के स्पिनर हैं जबकि अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा ऑलराउंडर हैं।

रोहित ने चार स्पिनरों को लेकर कहा कि हमने वेस्टइंडीज में काफी क्रिकेट खेली है। वहां के हालातों के अनुसार हमें चार स्पिनर चाहिये थे जिनमें से दो आक्रामक स्पिनर कुलदीप और चहल का रखा गया है जबकि दो स्पिन ऑलराउंडर अक्षर और जडेजा। इससे टीम को संतुलन मिला है। साथ ही कहा कि विरोधी टीम को देखकर हम अंतिम ग्यारह का चयन करेंगे। रोहित ने कहा कि बीच के ओवरों में टीम की जरूरतों का भी ध्यान रखा गया है।

वहीं शिवम दुबे को शामिल करने और रिंकू सिंह की उपेक्षा पर रोहित ने कहा कि हमें यह समझना होगा कि पिचें और विरोधी टीम संयोजन कैसा होगा। हमें बीच के ओवरों में आक्रामक बल्लेबाज की जरूरत है। शीर्षक्रम ठीक खेल रहा है। दूसरे विकल्प भी हैं। हमने शिवम को आईपीएल और उससे पहले कुछ मैचों में उसके प्रदर्शन के आधार पर रखा है पर इसकी कोई गारंटी नहीं है कि अंतिम एकादश कैसी होगी। उन्होंने कहा कि 70 से 80 फीसदी टीम के खिलाड़ियों के नाम आईपीएल से पहले ही तय कर लिए गये थे। उन्होंने कहा कि आप अंतिम एकादश को ध्यान में रखकर ही उसके हिसाब से सोचते हैं। अंतिम 15 के बारे में बात आईपीएल से काफी पहले ही शुरू हो गई थी। कुछ स्थानों को लेकर हमने आईपीएल में विचार किया। आईपीएल में प्रदर्शन हर दिन बदलता है। कोई भी आकर शतक बना सकता है या पांच विकेट ले सकता है। हमें आईपीएल से पहले ही अपनी 70 से 80 फीसदी टीम पता थी।

रोहित ने कहा कि हरफनमौला दुबे और हार्दिक पंड्या को अपनी भूमिका पूरी तरह से निभानी होगी। उन्होंने कहा कि मैं उनसे वही करने की अपेक्षा करता हूं जो वे आईपीएल में कर रहे हैं। शिवम ने आईपीएल में एक भी ओवर नहीं डाला है पर वह अनुभवी क्रिकेटर है जो लाल गेंद से क्रिकेट में काफी ओवर डालता है। उन्होंने कहा कि कौशल वाले गेंदबाजों के लिए टी20 प्रारूप में सफल होने की संभावना अच्छी होती है। अगर हमें जरूरत हुई तो शिवम को कुछ ओवर डालने पड़ेंगे। इसी तरह से हार्दिक को भी जो आईपीएल में नियमित गेंदबाजी कर रहा है। उसने अभी तक सारे मैच खेले हैं ऐसे में फिटनेस का कोई मामला नहीं है। उन्होंने कहा कि आफ स्पिनर को नहीं चुनने का कारण यह भी था कि वॉशिंगटन सुंदर, आर अश्विन पिछले काफी समय से नहीं खेला जबकि अक्षर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, इसलिए उनको ही शामिल किया।



# ओलंपिक के लिए सिंधु, प्रणय सहित सात भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को मिला टिकट

नई दिल्ली ।आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए तक सात बैडमिंटन खिलाड़ियों को क्वालीफाइंग टिकट मिला है। इसमें पीवी सिंधु, एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन जैसे शीर्ष खिलाड़ी शामिल हैं। सिंधु , प्रणय और लक्ष्य ने पहले ही ओलंपिक में जगह पक्की कर ली थी पर अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन महासंघ ने तय कट ऑफ तारीख के बाद आधिकारिक तौर पर अब इनके क्वालीफाई करने की पुष्टि की है। ओलंपिक खेल के नियमों के अनुसार कट ऑफ तारीख पर ही क्वालिफिकेशन रैंकिंग के आधार पर पुरुष और महिला एकल से शीर्ष 16 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करते हैं। इसमें सिंधु 12वें स्थान पर रहीं जबकि पुरुष एकल में प्रणय और लक्ष्य क्रमशः नौवें और 13वें स्थान पर रहे।






शुक्रवार कर दिन राजधानी रांची पहुंचलयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, करलयं रोड शो, मोदी-मोदी कर नारा से गूंजलक किशोरगंज चौक।

# अदमीमनक घर तक नवा कलेवर में पहुंची चिट्ठी




## घर-घर दस्तक देई के मतदातामन के जागरूक करी डाक बिभाग

**उत्तर प्रदेश।** डाकिया डाक लाया, डाकिया बैंक लाया आउर अब डाकिया देस में लोकतंत्र के सुदृढ़ बनाएक ले अदमीमन के मतदान ले भी प्रेरित करी। भारतीय चुनाव आयोग कर 'स्वीप कार्यक्रम' कर अंतर्गत चलेक वाला मतदाता जागरूकता अभियान कर अन्तर्गत लोकसभा चुनाव में मतदान ले मतदातामन के जागरूक करेक कर श बीड़ा अब डाक बिभाग भी उठाय हयं। वाराणसी परिछेतर कर पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव श कैंट प्रधान डाकघर में इकर सुभारंभ करलयं। वाराणसी परिछेतर कर अधीन कुल 1729 गो डाकघर कर माध्यम से ई वृहद् अभियान चली।

ई अवसर में पोस्टमास्टर जनरल अदमीमन से लोकतंत्र कर महापर्व में आपन भागीदारी सुनिश्चित करेक कर अपील करलयं। एक दने डाकघरमन कर माध्यम से बंटेक वाला डाक में 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' आउर वाराणसी लोक सभा निर्वाचन मतदान दिन 1 जून, 2024 कर मुहर लगाय के अदमीमन के जागरूक करल जात हे, हुवें डाकिया भी डाक बितरन कर दौरान अदमीमन से आपन मताधिकार कर इस्तेमाल करेक कर अपील करबयं।

इकर संगे डाकघरमन में स्पीड पोस्ट व रजिस्ट्री बुकिंग, आईपीपीबी आउर बचत खाता खुलवाएक, आधार नामांकन आउर अपडेसन इत्यादि तमाम काम ले आवेक वाला अदमीमन के भी डाककर्मी आपन भोट देवेक ले प्रेरित करबयं। यादव कहलयं कि लाखों अदमीमन कर घर तक पहुंचेक वाला चिट्ठी कर माध्यम से मतदातामन के मतदान करेक ले प्रेरित करेक हय। खास कइर के बुजुर्ग, युवा, महिला आउर फर्स्ट वोटर्स कर संगे-संगे दिव्यांग मतदातामन तक हर हालत में जागरुकता संदेस पहुंचायेक कर लछ राखल जाय हे। ऊ मौजूद समस्त डाककर्मिमन के मतदाता सपथ दिलावालयं।

वाराणसी पश्चिम मंडल कर अधीछक डाकघर विनय कुमार कहलयं कि पोस्ट ऑफिस में दैनिक रूप से बड़ संख्या में आम जनता आपन काम ले पहुंचयंना। ई लिहाज से पोस्ट ऑफिस मतदाता जागरुकता ले भी उचित स्थान हेके। ऊ डाक बिभाग कर समस्त कर्मियों के डोर-टू-डोर मतदाता जागरुकता अभियान में आपन सक्रिय भूमिका निभाएक कर अनुरोध करलयं।

ई अवसर में अधीछक डाकघर विनय कुमार, सहायक निदेसक बृजेश शर्मा, सहायक अधीछक आरके चौहान, इंद्रजीत, निरीछक दिलीप कुमार, अनिकेत रंजन, लेखाधिकारी संतोषी राय, कैण्ट पोस्टमास्टर गोपाल दुबे, अजिता, राहुल वर्मा, श्रीप्रकाश गुप्ता, मनीष कुमार, आनंद प्रधान सहित तमाम डाककर्मी सामिल होलयं।

# फ़ूड फेस्टिवल कर जरिए मतदान प्रतिसत बढ़ायेक कर पहल

## खाना खायेक कर संगे लेवे पारबयं आईपीएल का मजा

**पलामू।** लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिसत बढ़ायेक कर उद्देस से सनिचर आउर एतवार के सहर कर शिवाजी मैदान में फ़ूड फेस्टिवल कर आयोजन करल जाय हे।

इकर में 34 गो अलग-अलग फ़ूड स्टॉल लगाल जाई। संगे संगे, आईपीएल देखेक ले बड़ टीवी स्क्रीन भी लगाल जाई। हियां सहर कर अदमीमन खाना खायेक कर संगे आईपीएल कर भी मज़ा लेवे पारबयं। ई कार्जक्रम कर पूरा थीम मतदाता जागरुकता उपरे रही। कार्जक्रम कर उद्घाटन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा करल जाई। ऊ सहरवासीमन से ई कार्जक्रम में बईढ़-चईढ़ के हिस्सा लेवेक कर अपील करलयं। ऊ सहरवासीमन से आपन अस्तर से भी दूसर अदमीमन के 13 आउर 20 मई के मतदान करेक कर अपील करलयं।






# उपबिजेता बईन के रांची घुरल झारखंड राईज चौकबाल टीम कर होलक स्वागत

**रांची।** जालंधर (पंजाब) कर पुलिस डीएवी पब्लिक ईस्कूल कैम्पस में 13वीं सब जूनियर बालक बालिका आउर 14 वां जूनियर बालक बालिका रासट्रीय चौकबॉल प्रतियोगिता 26 से 28 अप्रैल 2024 तक होलक। झारखंड कर जूनियर वर्ग में बालक-बालिका टीम भी इकर में भाग लेलयं। गोटे भारत से 20 राईज कर टीम हिस्सा लेलयं। इकर में झारखंड कर बालिका टीम दुसर उप बिजेता बनेक कर गौरव हासिल करलयं। दुसर उप बिजेता बईन के टीम रांची कर कचहरी रोड ईस्थित जयपाल सिंह मुंडा खेल परिसर कर चौकबॉल कोर्ट पहुंचयं। हियां सउब खिलाड़ी आउर पदधारी कर फूल माला पिंधाय के आउर मिठाई खियाय के अभिवादन आउर स्वागत करल गेलक। स्वागत करेक वाला में पूर्व डीएसपी. अरुण कुमार, आशा संस्था कर डायरेक्टर अजय जयसवाल, समाजसेवी शशि वर्मा, ओम एक्वा कल्चर के सीएमडी प्रशांत कुमार प्रधान, संघ कर दीपक वर्मा आउर अंश वर्मा सामिल रहयं।

# जेसीआई यूथ कर स्पीच क्राफ्ट कर तीन दिवसीय कार्जक्रम सुरु

**रांची।** रांची जेसीआई यूथ के तत्वावधान में तीन दिवसीय स्पीच क्राफ्ट कार्जक्रम कर शुभारंभ होलक। इकर उद्घाटन 3 मई के झारखंड चैंबर कर अध्यक्ष किशोर मंत्री करलयं। तीन दिन तक चलेक वाला ई कार्जक्रम में ढेइर के माइक में बोलेक स्टेज में खड़ा होय के संवाद करेक कर कला, विषय में पकड़ आत्मविश्वास जइसन गुर सिखाल जाई। सऊब के प्रशिक्षण देवेक ले कोलकाता, नागपुर, लखीमपुर से विशेषज्ञों कर टीम भी बोलाल जाए हे।

ई अवसर में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहलयं कि जे स्टेज फीयर के कारन सोउब केर सामने बोलेक में हिचकी चीन हिचकिचायना, उनकर आत्मविश्वास प्रशिक्षण से बढ़ी। प्रशिक्षण कर उत्साहवर्धन करते कहलयं कि जेखन आपने स्टेज में होवब तो सोबके जोइड़ के राखेक ले उमन से संवाद जरूरी हय। मंच में खड़ा आदमी के संवाद करेक्ट से सउब जुड़ैना। जदि आपने आत्मविश्वास है तो रउरे आसानी से अपन बात के राइख सकीला। मौका में चैंबर के उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा आउर सह सचिव अमित शर्मा ने भी जेसीआई यूथ के ई तीन दिवसीय आयोजन कर सराहना करलयं। ई भी कहलयं कि जेसीआई आउर चैंबर के संयुक्त प्रयास से आगे भी ई लखे कार्जक्रमों कर आयोजन कर पहल करल जाई।

जेसीआई यूथ कर अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने बतालए कि एक बार में 30 -35 मन के प्रशिक्षित करल जाई। जेसीआई यूथ आयोजित ई कार्जक्रम में सोऊब कर खूब रिस्पांस मिललक।मौके में जेसीआई यूथ बट से पूर्व नेशनल प्रेसिडेंट राखी जैन, जोन प्रेसिडेंट वसुंधरा सिंह, कोलकाता से श्रेया झवर नागपुर से दीपेश खंडेलवाल लखीमपुर से विशाल सेठ समेत आउरो सदस्य उपस्थित रहलयं।



मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना-गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक :** नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक :** कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक :** रतन लाल अग्रवाल। फोन नंबरः 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडीः** jharkhandwanitaudyog@gmail.com